| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,218.05 |
| निफ्टी | 23,951.70 |
| सोना | 70,700 |
| चांदी | 91500 |
| डॉलर | 85.11 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
PMG
हिन्दी दैनिक
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024
पौष कृष्ण 05 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 88
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

**खास खबर**

## कुलगाम में एनकाउंटर, 5 आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल है। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल बेहोश

पटियाला/अंबाला। किसानों को फसल पर एमएसपी के गारंटी कानून के लिए 24 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बिगड़ गई है। डल्लेवाल गुरुवार सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। 10 मिनट बाद वे होश में आए। पुलिस के सीनियर अधिकारी खनौरी बॉर्डर पहुंचे हुए हैं। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से सवाल किया कि 70 साल का आदमी 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना किसी टेस्ट के डल्लेवाल को सही बता रहा है?

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि आप कैसे कह सकते हैं डल्लेवाल ठीक हैं? जब उनकी कोई जांच नहीं हुई, ब्लड टेस्ट नहीं हुआ, ईसीजी नहीं हुई, तो कैसे कह सकते हैं कि वह ठीक हैं? सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले 18 दिसंबर को भी इस मामले पर सुनवाई की थी। राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि डल्लेवाल पर ढिलाई न बरतें। वह जन नेता हैं। उनसे किसानों की भावनाएं जुड़ी हैं। उनकी सेहत का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

## शिवसेना (उबाठा) नेता अमोल कीर्तिकर की याचिका खारिज

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने 2024 के आम चुनाव में



प्रतिद्वंदी शिवसेना प्रत्याशी रवींद्र वायकर की जीत को चुनौती देने वाली शिवसेना (उबाठा) नेता अमोल कीर्तिकर की याचिका को खारिज कर दिया। कीर्तिकर ने अपनी चुनाव याचिका में उच्च न्यायालय से मुंबई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में वायकर के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की थी।

उन्होंने उक्त निर्वाचन क्षेत्र से खुद को विधिवत निर्वाचित घोषित करने का अदालत से अनुरोध भी किया था। लेकिन न्यायमूर्ति संदीप मार्ने ने कहा कि याचिका खारिज की जाती है।

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (उबाठा) से जुड़े कीर्तिकर ने अपनी याचिका में दावा किया कि मतगणना के दिन ही उन्होंने मतों की पुनर्गणना के लिए आवेदन दायर किया था, क्योंकि मतगणना में विसंगति थी। कीर्तिकर इस साल के प्रारंभ में लोकसभा चुनाव में एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के वायकर से 48 वोट के मामूली अंतर से हार गए थे। वायकर को 4,52,644 वोट, जबकि कीर्तिकर को 4,52,596 वोट मिले थे।

### संसद परिसर में धक्का-मुक्की, भाजपा के दो सांसद घायल होकर अस्पताल में भर्ती...

# संसद में धक्कामार सियासत...थाने में काउंटर एफआईआर

## आरोप- राहुल गांधी ने धक्का दिया, राहुल बोले- भाजपा सांसदों ने धमकाया, संसद जाने से रोका

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र पूरी तरह से हंगामे की भेंट चढ़ा हुआ है। अडानी से लेकर भीमराव आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर घमासान मचा हुआ है। लेकिन आज संसद परिसर में धक्कामार सियासत देखने को मिली। इस धक्काकांड में भाजपा के दो सांसद घायल होकर अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। राहुल गांधी पर भाजपा ने धक्का देने का आरोप लगाया है। महिला सांसद ने भी राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि हमने मकर द्वार के बाहर हुई घटना का विस्तार से उल्लेख किया है, जहां एनडीए सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हमने राहुल गांधी के खिलाफ धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। धारा 109 हत्या का प्रयास है, धारा 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना है। दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खडगे़ से धक्का-मुक्की करने और खराब व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

कांग्रेस द्वारा भी शिकायत दर्ज कराए जाने पर ठाकुर ने कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। ये वही राहुल गांधी हैं जो अपनी ही सरकार में अपनी ही सरकार के ऑर्डिनेंस को फाड़ देते हैं। ये वही कांग्रेस है जिसने बाबा साहब आंबेडकर का बार-बार अपमान किया। लेकिन उधर राहुल और प्रियंका गांधी समेत पूरी कांग्रेस पार्टी भाजपा पर भी इसी तरह के आरोप लगा रही है। इस बीच खबर है कि भाजपा के एक और सांसद संतोष पांडे भी राहुल गांधी के धक्के की वजह से गिर गए थे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ के घुटने में चोट लगी है। ऐसे में जानना जरूरी हो जाता है कि इस धक्ककांड की शुरुआत कैसे हुई।



### कैसे शुरू हुआ धक्काकांड

दरअसल आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस पार्टी संसद में प्रोटेस्ट कर रही थी। ठीक इसी समय भाजपा भी कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी। इस बीच गुरुवार सुबह 10.40 बजे कांग्रेस प्रोटेस्ट करते हुए संसद के मकर द्वार तक आ रही थी। इसी समय भाजपा मकर द्वार पर खड़ी थी। इस तरह भाजपा और कांग्रेस के सांसद एक दूसरे के ठीक सामने थे। दोनों ओर से नारेबाजी होने लगी। यह घटनाक्रम लगभग 20 मिनट तक चला। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सांसदों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और उनसे धक्का मुक्की। भाजपा का भी ठीक यही कहना है। भाजपा का आरोप है कि इस बीच राहुल गांधी ने एक सांसद के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे वो सांसद भाजपा एमपी प्रताप सारंगी के ऊपर गिर गया। इस धक्का-मुक्की में सारंगी और भाजपा के एक और सांसद मुकेश राजपूत घायल हो गए। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रताप सारंगी ने कहा कि मैं सीढ़ियों पर खड़ा था। राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वो सांसद मेरे ऊपर गिर गए, जिससे मैं गिर गया और चोट लग गई।

### राहुल गांधी को जानबूझकर रोका

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि असल में भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी को घेर लिया। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी को जानबूझकर रोका। उन्होंने उनका रास्ता रोक लिया। हमने इस संबंध में स्पीकर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस के एक अन्य सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हर किसी ने देखा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं ने अमित शाह से इस्तीफे की मांग को लेकर आंबेडकर की प्रतिमा के पास प्रोटेस्ट किया। इसके बाद हमने संसद के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन भाजपा ने हमारा रास्ता रोक लिया और हमें संसद के भीतर नहीं जाने दिया। इस झड़प के दौरान हमारे नेता मल्लिकार्जुन खडगे़ गिर गए। कई लोग गिरे। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल, के। सुरेश और मणिकम टैगोर ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिखा है, जिसमें इस घटना का पूरा ब्योरा दिया गया है। इसमें कहा गया है कि हमने मकर द्वार से संसद के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन हमारे सांसदों को अंदर जाने से रोका गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से सत्तारूढ़ पार्टी के तीन सांसदों ने बदसलूकी की।

### महिला सांसद ने भी लगाया राहुल गांधी पर आरोप

नगालैंड की भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक ने कहा कि मैं राज्यसभा के चेयरमैन से मिल चुकी हूं। मैं अपनी सुरक्षा की मांग करती हूं। मेरा दिल अभी बहुत भारी है। आज में बाहर शांतिपूर्ण ढंग से प्रोटेस्ट कर रही थी। राहुल गांधी बहुत करीब आकर खड़े हो गए। मैं असहज हो गई थी। राहुल गांधी मेरे ऊपर चिल्लाने लगे। यह उनको शोभा नहीं देता कि एक महिला पर वो ऐसे चिल्लाएं। मैं बहुत दुखी हूं। मैं सुरक्षा चाहती हूं।

### राहुल बोले कैमरे में सब कैद

प्रताप सारंगी के आरोप के बाद राहुल गांधी ने कहा कि कैमरे में सब कैद है। मैं सदन में जाने की कोशिश कर रहा था। भाजपा के सांसदों ने मुझे धकेला और धमकाया। खडगे़ जी को भी धक्का दिया। हमें धक्का-मुक्की से हमें कुछ नहीं होता है। भाजपा के सांसद हमें संसद में जाने से नहीं रोक सकते। राहुल ने कहा कि मैं संसद के भीतर जाना चाहता था। संसद में जाना मेरा अधिकार है मुझे रोकने की कोशिश की गई। हमें संसद के भीतर जाने से रोका गया। भाजपा के सांसद धक्का-मुक्की कर रहे थे।

### खडगे़ के घुटने में लगी चोट!

भाजपा के राहुल गांधी पर आरोपों के बीच कांग्रेस भी सत्तारूढ़ पार्टी पर धक्कामारी के आरोप लगा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ ने कहा कि भाजपा सांसदों के धक्कों की वजह से उनके घुटने में चोट लग गई। खडगे़ ने इस सबंध में लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब मैं इडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ मकर द्वार पहुंचा तो वहां भाजपा सांसदों ने मेरे साथ धक्का-मुक्की की। इससे मैं अपना संतुलन खो बैठा और जमीन पर बैठ गया। इससे मेरे घुटने पर चोट लग गई। मेरे घुटने की पहले ही सर्जरी हो गई थी।

### शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस दिया। खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में आरोप लगाया कि शाह ने 17 दिसंबर को उच्च सदन में 'संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबासाहेब का अपमान किया।

## नो-पार्किंग जोन में खड़े एसडीएम के सरकारी वाहन, 6 कर्मचारियों को कराया थाने में बंद

गुना। मध्य प्रदेश के गुना में नो-पार्किंग जोन में खड़े एसडीएम के सरकारी वाहन में व्हील लॉक लगाने के बाद हंगामा मच गया। नो पार्किंग क्षेत्र में वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने वाली कंपनी के 6 कर्मचारियों को एसडीएम ने थाने में बंद करवा दिया। इसके बाद में कंपनी द्वारा गलती स्वीकारने पर एसडीएम ने ही कर्मचारियों की जमानत ली।

दरअसल नगर पालिका की ओर से नो पार्किंग जोन में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी के टोइंग वैन में यातायात विभाग का पुलिसकर्मी भी तैनात रहता है। जो भी वाहन अनाधिकृत तौर से नो पार्किंग एरिया में खड़ा दिखाता है, उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई होती है। एसडीएम शिवानी पांडे का सरकारी वाहन नो पार्किंग एरिया में खड़ा हुआ था, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने व्हील लॉक लगा दिया। एसडीएम के वाहन के सामने नेम प्लेट भी लगी हुई थी, इस बात को नजरअंदाज कर कार्रवाई के दी गई।

एसडीएम के वाहन में लॉक लगाने की तस्वीर जैसे ही वायरल हुई हड़कंप मच गया। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने जाकर वाहन में से व्हील लॉक हटाया। नियमानुसार लॉक के बाद चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन एसडीएम के वाहन को बिना चालान के ही छोड़ा गया। एसडीएम पांडे ने सर्किट हाउस में कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगा दी। कंपनी के 6 कर्मचारियों को थाने में बंद भी किया गया। लेकिन कुछ समय बाद शिवानी पांडे द्वारा ही कर्मचारियों की जमानत ली गई।

## मैजिकविन गैम्बलिंग में फंसी मल्लिका और पूजा, ईडी ने भेजा समन

मुंबई। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आई एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत अब एक नए विवाद में घिर गई हैं। यह विवाद मैजिकविन गैम्बलिंग ऐप से जुड़ा है, जिसमें कई बॉलीवुड और टीवी स्टार्स के नाम सामने आए हैं। मल्लिका शेरावत और पूजा बनर्जी को ईडी ने समन भेजा है। पूजा बनर्जी से इस मामले में पूछताछ की गई, जबकि मल्लिका शेरावत ने ईमेल के जरिए समन का जवाब दिया है।

ईडी के अधिकारियों के मुताबिक इस गैम्बलिंग ऐप के जरिए से गैरकानूनी तरीके से पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप का ब्रॉडकास्ट किया गया था और ऑनलाइन सट्टेबाजी की जा रही थी। जांच में यह बात सामने आई है कि मैजिकविन वेबसाइट के मालिक पाकिस्तानी नागरिक हैं, लेकिन इसका संचालन दुबई में बैठे भारतीय कर रहे थे। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि वेबसाइट पर जिस खेल पर सट्टेबाजी हो रही थी, वह खेल फिलीपींस और अन्य देशों में खेला जाता हैं, जहां इन पर सट्टा लगाया जाता है। इसके अलावा यह भी पता चला कि गेम में लगाए गए पैसे को शेल कंपनियों के जरिए डाइवर्ट कर क्रिप्टोकरंसी में बदला जाता था, जिसे दुबई में एनकैश कर लिया जाता था।

ईडी ने इस मामले में 68 बार सर्च ऑपरेशन चलाया है और मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में कुल तीन करोड़ 55 लाख रुपए बरामद किए जा चुके हैं। इस मामले में ईडी ने विगत दिवस सेलेब्रिटीज और टीवी स्टार्स को समन भेजा और अगले हफ्ते सात और प्रमुख सेलेब्रिटीज को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पीसी मोदी ने ही आज उप-सभापति का जवाब सदन में रखा।

## केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमाला तीर्थयात्रियों को लेकर क्या दिया फैसला

नई दिल्ली। केरल उच्च न्यायालय ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मंडला-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा के दौरान एदाथवलम (पड़ाव बिंदु) पर अन्नधानम का लाभ उठाने वाले सबरीमाला तीर्थयात्रियों से कोई पैसा नहीं लिया जाए। न्यायमूर्ति अनिल के. नरेन्द्रन और न्यायमूर्ति मुरली कृष्ण एस. की पीठ ने श्रद्धालु की शिकायत के बाद निर्देश जारी किया। शिकायत में तीर्थयात्रा के दौरान टीडीबी के तहत आने वाले मंदिरों में अन्नधानम का लाभ उठाने वाले तीर्थयात्रियों से दान एकत्र करने का आरोप लगाया गया था। केरल हाईकोर्ट की पीठ ने टीडीबी और देवस्वओम आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिया कि तीर्थयात्रा के दौरान बोर्ड के प्रबंधन के तहत एदाथवलम और अन्य मंदिरों में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को शौचालय, अन्नधानम आदि जैसी उचित सुविधाएं प्रदान करे। अदालत ने कहा, संबंधित मंदिरों में अन्नधानम का लाभ उठाने वाले श्रद्धालुओं या सबरीमाला तीर्थयात्रियों से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई. इस दौरान दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इसका असर तभी पड़ेगा, जब दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो. इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें. अब इस मामले में 15 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। पटाखों पर बैन लगाने के मामले में एमिकस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, लेकिन इसे प्रभावी बनाने के लिए एनसीआर राज्यों पर भी प्रतिबंध होना चाहिए. दिल्ली सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट फरासत ने अदालत को सूचित किया कि दिल्ली ने पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण और उपयोग पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपाय के प्रभावी होने के लिए, पड़ोसी एनसीआर राज्यों को इसी तरह के प्रतिबंधों को अपनाना चाहिए, क्योंकि पटाखे अभी भी उन राज्यों से दिल्ली में लाए जा सकते हैं।

### लोकायुक्त ने पूर्व परिवहन आरक्षक के घर मारी रेड

## 2.85 करोड़ कैश, आधा किलो सोना जब्त

भोपाल। लोकायुक्त की टीम ने पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के अरेरा कॉलोनी स्थित घर पर गुरुवार सुबह छापा मारा। डीएसपी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सौरभ के घर से 1.15 करोड़ रुपए कैश, आधा किलो सोना, हीरे और सोने के करीब 50 लाख रुपए के जेवरात सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। उनके ऑफिस से 1.70 करोड़ रुपए कैश सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं।

सौरभ शर्मा परिवहन विभाग में आरक्षक रहे हैं। एक साल पहले वीआरएस ले चुके हैं। फिलहाल, रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं। उनके एक होटल पर भी रेड की गई है। सौरभ के एक दोस्त के यहां भी कार्रवाई की गई। दोनों पर परिवहन नाकों पर तैनाती कराने के लिए दलाली करने के आरोप रहे हैं। सौरभ ने महज 12 साल की नौकरी में प्रदेश भर में करोड़ों का अवैध साम्राज्य खड़ा किया है। सौरभ शर्मा फिलहाल दुबई में हैं। घर में केवल मां और नौकर हैं।

सौरभ शर्मा वीआरएस लेने से पहले ही रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ गए थे। प्रदेश के कई रसूखदारों से उनकी नजदीकी थी। लिहाजा कार्रवाई के डर से उन्होंने वीआरएस लिया और बिल्डर बन गए। भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में उनकी संपत्ति होने के प्रमाण लोकायुक्त को मिले हैं। अब तक की कार्रवाई में सौरभ के एक होटल और एक स्कूल में निवेश के प्रमाण लोकायुक्त टीम को मिले हैं। डीजी लोकायुक्त जयदीप प्रसाद ने बताया कि सौरभ शर्मा के दो ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है।

## भारत की सामाजिक संरचना के लिए घातक लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह समाज के नियमों के खिलाफ हैं। इतना ही नहीं इससे सामाजिक संरचना ध्वस्त होगी। एक साक्षात्कार के दौरान लिव-इन रिलेशनशिप पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने टिप्पणी की कि लिव-इन रिलेशनशिप गलत थे। गडकरी ने कहा कि मैं लंदन में ब्रिटिश संसद गया जहां मैं प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री से मिला और उन्होंने पूछा कि उनके देश में सबसे बड़ा मुद्दा क्या है। मैंने गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि कहा। जब मैंने वही सवाल पूछा, तब उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों में सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि बहुसंख्यक युवा आबादी की शादी नहीं हो रही थी। यह पूछने पर कि इसका किसी देश पर क्या प्रभाव पड़ता है, गडकरी ने कहा कि बच्चे कैसे पैदा होंगे, उनका भविष्य क्या होगा। यदि आप सामाजिक जीवनशैली को खत्म कर देते हैं, तब इसका लोगों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा? भारत को अधिक या कम बच्चों की जरूरत है, इस पर मंत्री ने कहा कि यह सवाल नहीं है।

## देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार को आने वाले समय का सीएम बताया

मुंबई । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में अपने संयुक्त संबोधन के लिए राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर विधान सभा में बहस का जवाब दिया. अजित पवार की ओर मुखातिब होते हुए फडणवीस ने विधानसभा में कहा, आपको स्थायी डिप्टी सीएम कहा जाता है...लेकिन मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं...आप एक दिन मुख्यमंत्री बनेंगे. अजित पवार ने 5 दिसंबर को छठी बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. एनसीपी नेता अजित पवार मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं के बारे में मुखर रहे हैं. उन्होंने 2023 में शरद पवार द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को विभाजित कर दिया और भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में शामिल हो गए।

## जल्द ही नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को लॉन्च करेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार जल्दी ही नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को लॉन्च करने का ऐलान कर सकती है। देश की एनर्जी सिक्योरिटी और स्टोरेज को लेकर केंद्र सरकार ने इस स्ट्रैटेजिक मिशन को लॉन्च करने की तैयारी की है?। बताया जा रहा है कि इस मिशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है और अब इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाना है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को लांच कर दिया जाएगा। ये मिशन 6 साल की अवधि के लिए शुरू किया जाएगा। इस मिशन की शुरुआत होने से इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट को जबरदस्त बूस्ट मिलने की उम्मीद की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से लॉन्च किए जाने वाले नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के लिए प्राथमिक तौर पर 30 हजार करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इस मिशन के तहत केंद्र सरकार लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे क्रिटिकल मिनरल्स के लिए इंसेंटिव दे सकती है। इसके साथ ही इसमें बैट्री रीसाइकलिंग के लिए भी इंसेंटिव देने का प्रावधान किया जा सकता है। नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन का ऐलान इसी साल बजट में किया गया था। दावा किया जा रहा है कि इस मिशन में भारत के क्रिटिकल मिनरल्स इकोसिस्टम को चौतरफा समाधान (360 डिग्री सॉल्यूशन) उपलब्ध करने की कोशिश की गई है। बताया जा रहा है कि नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के तहत देश में और दूसरे सहयोगी देशों में लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और माइनिंग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही इन क्रिटिकल मिनरल्स की प्रोसेसिंग की कैपेसिटी को डेवलप करने के लिए अलग से इंसेंटिव देने का ऐलान भी किया जा सकता है। इस मिशन के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट में बैट्री रीसाइक्लिंग की बात को काफी महत्ता दी गई है। ड्राफ्ट में बताया गया है कि बैटरी में इस्तेमाल किए जाने वाले सभी मिनरल्स की रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी कोई स्कीम भी लाई जा सकती है।

# धान के समर्थन मूल्य और अन्य मुद्दों पर विधानसभा में बालाघाट विधायक ने किया सवाल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट विधायक द्वारा चल रहे विधानसभा सत्र में किसानों की समस्या और सरकार द्वारा धान के 3100 रुपए दिए जाने की बात और किए गए वादे को निभाने को लेकर विधानसभा सत्र में सवाल खड़ा किया गया और सरकार को अपना वादा पूरा करने की मांग की गई, साथ ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और शासकीय भवनों की कमी को लेकर भी विभागीय मंत्रियों का ध्यान आकर्षित कराया। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने विधानसभा सत्र के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत जुड़ी समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार व विभागीय मंत्रियों का ध्यान आकर्षित कराया। विधायक अनुभा मुंजारे ने क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पुल-पुलिया और किसानों की समस्याओं को लेकर मुखरता के साथ अपनी बात रखते हुये सरकार से उनके निराकरण करने की मांग की। उन्होंने बताया कि लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के 8 पद हैं जिसमें सिर्फ 4 ही चिकित्सक सेवा दे रहे हैं। जिसमें भी महिला चिकित्सक पदस्थ नहीं हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ के अभाव में लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत क्षेत्र की बहनें प्रसव सहित तमाम तरह की सुविधाओं से वड्क्षचत है और उन्हें जिला मुख्यालय रिफर होना पड़ता हैं। महिला चिकित्सक की नियुक्ति किया जाना अनिवार्य हैं। इसी तरह से लालबर्रा पर एम्बुलेंस की सुविधा भी नहीं हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकार को ध्यान दिये जाने की जरूरत हैं।





विधायक अनुभा मुंजारे ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखते हुये बताया कि बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 6 ऐसी हायर सेकेंडरी स्कूलें हैं, जो प्रारंभ कर दी गई हैं। लेकिन भवन की उपलब्धता नहीं करायी गई हैं। जिसमें कुम्हारी, कंजई, मुरझड़, टेकाड़ी, बघोली ऐसी हायर सेकेंडरी स्कूल हैं जो संचालित हो रही हैं लेकिन उनके लिये भवन की व्यवस्था नहीं हैं। अत- इन स्थानों पर हायर सेकेंडरी भवन की व्यवस्था की जाये। विधायक अनुभा मुंजारे ने अपने सवालों में यह भी अवगत कराया कि विधानसभा क्षेत्र में 11 ऐसी आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां पर वह भवन विहीन होने के चलते किराये के भवन में संचालित हो रही हैं। जिनके लिये सरकार को भवन की उपलब्धता कराये जाने की मांग की जाती हैं। इसी तरह से 45 ऐसी ग्राम पंचायते हैं जहां पर सामुदायिक भवन नहीं हैं। पंचायतों में सामुदायिक भवन की आवश्यकता हैं। लालबर्रा क्षेत्र के रमपुरी और बोरी-बल्लारपुर-बरघाट पुलिया काफी दिनों से टूटे हुये हैं। हम चमचमाती सड़कों की बातें कर रहे हैं लेकिन इन टूटे पुलिया को नहीं बनाया जा रहा हैं। इस संबंध में विधानसभा के अलावा अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया जा चुका हैं। फिर से सदन में इन टूटे पुलिया की ओर ध्यान आकर्षित कर उसे बनाये जाने की मांग की जाती हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसान पूरी तरह से कृषि पर आधारित हैं। जिन्हे सिंचाई के लिये नहरों से पानी की जरूरत हैं। क्षेत्र में अग्रेंजों के जमाने में बने नहर हैं जो बहुत क्षतिग्रस्त या जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। जिससे किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा हैं। क्षेत्र के अंतर्गत सर्राटी जलाशय, पाथरी जलाशय, चावरपानी जलाशय व मुरमनाला जलाशय हैं। जिनके केनाल व नहरों को सुधारे जाने की जरूरत हैं। ताकि क्षेत्र के किसानों को उनके खेतों तक सिंचाई के लिये पानी मिल सके और वह अपनी फसल पका सके।

## सरकार के वादों पर किया सवाल

विधायक अनुभा मुंजारे ने सवाल करते हुये कहा कि प्रदेश की सरकार व मुख्यमंत्री ने किसानों को उनकी धान की उपज को 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर, गेहूं 2700 रूपये प्रति किंवटल, सोयाबीन 6000 रूपये प्रति किंवटल की दर पर खरीदी करने कहा था लेकिन वह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ हैं। हमारी लाड़ली बहनों को 3 हजार रूपये दिये जाने कहा गया था लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ हैं। क्षेत्र में जाने पर बहने अपनी 3 हजार रूपये की राशि आने का इंतजार कर रही और वह मुख्यमंत्री की ओर निहार रही हैं। बीजेपी ने उज्जवला गैस योजना में 450 रूपये की दर पर गैस सिलेंडर दिये जाने की बात कही थी लेकिन यह भी अता-पता नहीं हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधानसभा सदन में अध्यक्ष व संबंधित विभागीय मंत्रियों के माध्यम से उनके निराकरण की अपेक्षा की हैं।

# स्किल एक्सपोजर विजिट के लिए टीम रवाना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि अहमदाबाद गुजरात में स्किल एक्सपोजर विजिट 20 से 26 दिसंबर तक आयोजित की गई है।जिसमे शामिल होने के लिए गुरुवार को बालाघाट से जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार



उपाध्याय द्वारा टीम को रवाना किया गया ।टीम में गुलाब टेमरे डीवीसी बालाघाट, ए के मंडेकर व्यावसायिक प्रशिक्षक सी एम राइज विद्यालय परसवाड़ा, कुमारी नंदिनी पारधी व्यावसायिक प्रशिक्षक पी एम श्री विद्यालय पल्हेरा, कु हिमानी गौतम सी एम राइज विद्यालय परसवाड़ा, राज पारधी छात्र पी एम श्री विद्यालय जराहमोहगांव और वैभव राहंगडाले शा उ मा वि चारेगाव शामिल है।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद पंचेश्वर पिता रामकिशोर पंचेश्वर जाति मरार निवासी ग्राम पंचायत पांढरवानी के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि इनकी दादीजी स्व. बगरीबाई पति सरादू का निधन ०७.०८.२००२ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ३१.१२.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**के.एल. टेकाम**
**तहसीलदार लालबर्रा**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कस्तुराबाई पिता हकीम बागड़े जाति ढीमर निवासी ग्राम पंचायत गणेशपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि इनकी माताजी स्व. सुल्कीबाई पति हकीम बागड़े का निधन ०४.०७.२०२२ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ३१.१२.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**के.एल. टेकाम**
**तहसीलदार लालबर्रा**

# गणितज्ञ रामानुजन सप्ताह के अन्तर्गत 02 दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

## गणितज्ञों ने बताए गणित के आसन टिप्स

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में गणितज्ञ रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का




गुरुवार को समापन किया गया। जहां आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से आए गणितज्ञों ने विद्यार्थियों को गणित के आसान टिप्स बताएं।तो वहीं उन्होंने भारतीय परंपरा में गणित की महानता को लेकर व्याख्यान दिया। दूसरे दिन आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुवात उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के माध्यम से की गई। स्वागत गीत एवं पुष्पगुछ, शॉल श्रीफल के माध्यम से अतिथियों का सम्मान किया गया। दूसरे दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र में आमंत्रित वक्ता डॉ. आर.आर. सोनवाने से.नि. प्राध्यापक गणित ने भारतीय ज्ञान परम्परा में गणित के अंतर्गत चारों वेदों के साथ-साथ आयुर्वेद, धनुर्वेद के बारे में बताया।उन्होंने बताया कि चाहे कला का कोई भी क्षेत्र हो वास्तुकला या स्थापत्य सभी में गणित का योगदान है। गणित के क्षेत्र में प्रचलित सुल्व सूत्र जो पायथागोरस प्रमेय से भी पहले भारत में प्रचलित था। वैदिक काल में बड़ी से बड़ी संख्याओं की गणना की गयी। उन्होंने वरामिहिर, आर्यभट्ट, ब्रहमगुप्त, भास्कराचार्य आदि गणितज्ञ के द्वारा लिखे ग्रंथों एवं इनके गणित के क्षेत्र में दिये योगदान से भारतीय ज्ञान परम्परा के वृहद भण्डार पर प्रकाश डाला।

## विभिन्न वक्ताओं ने भी रखे विचार

वही नोट स्पीकर डॉ. डी.पी. शुक्ला सर विभागाध्यक्ष गणित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रीवा ने सर्वप्रथम गणित के क्षेत्र में रामानुजन के विशेष योगदान के बारे में बताया। फिफ्थ पाईट थैवरी के अंतर्गत मेपिंग-सेल्फ मेपिंग, कॉमन फिफ्थ पाईट थैवरी के माध्यम से रामानुजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. राकेश तिवारी प्राध्यापक गणित शासकीय वी.वाय.टी. पी.जी. आटोनोमस कॉलेज दुर्ग ने रामानुजन के जीवन पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुये बताया कि इन्होंने हाईली कम्पोजिट नम्बर पर शोध कार्य किया। आपने रामानुजन के विभिन्न एप्लीकेशन पार्टिकल फिजिक्स, कम्प्यूटर साइंस, स्पेस साइंस, क्रिप्टोग्राफी, मेडीकल साइंस में मॉक थिटा फंक्शन के माध्यम से कैंसर थेरेपी सिंगनल प्रोसेसिंग, हार्ड हेक्जागान मॉडल आदि का वर्तमान समय में विभिन्न प्रोद्योगिकी क्षेत्र में इनके उपयोग एवं सार्थकता के बारे में बताया। नोट स्पीकर डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव प्राध्यापक गणित शासकीय कमलादेवी राठी महिला पी.जी. कॉलेज राजनांदगांव ने गणितज्ञ महावीराचार्य गणित सार संग्रह जिसमें दैनिक जीवन में गणित के महत्व पर प्रकाश डाला। आपने सुल्व सूत्र के संबंध मे चर्चा की साथ ही भारत के विभिन्न गणितज्ञ आर्यभट्ट, ब्रम्हगुप्त, वरामिहिर के योगदान पर प्रकाश डाला ।

## पुरस्कार वितरण के साथ किया गया समापन

वही आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव प्राध्यापक गणित ने श्रीनिवास रामानुजन के कार्यों में ग्रांडी सिरिज से संबंधित विडियों प्रस्तुत किया तथा विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद स्थापित किया तथा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। दूसरे दिवस के भोजनोपरांत तृतीय तकनीकि सत्र में डॉ. एन.एम. कुरैशी के द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा में गणित की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पेपर प्रजेंटेशन किया गया। कार्यक्रम के अंत में रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत गणित विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को अतिथियों एवं प्राचार्य महोदय के करकमलों से मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया । गणित विभाग के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार जो कि एम.पी. काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (एम.पी.सी.एस.टी.) के द्वारा प्रायोजित था को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्तप्राध्यापकों, सहङ्कप्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वान, कर्मचारियों तथा गणित विभाग के समस्त विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# रोटरी आनंदम उत्सव मेला

## 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक उत्कृष्ट विद्यालय मैदान लगेगा मेला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर द्वारा 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक रोटरी आनंदम उत्सव मेला का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें पूर्व मेलों की तरह शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़े मंच ,विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल, गेम जोन ,रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति सहित देशभर के कोने- कोने से आई विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। इसके अलावा इस बार कपिल नाइट शो की तर्ज पर कॉमेडी शो का भी आयोजन किया जाएगा। तो वही रोजगार व स्वरोजगार काउंटर लगाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने का भी काम मेले के दौरान किया जाएगा।जिसकी तमाम जानकारी गुरुवार को श्याम टॉकीज माल में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान रोटरी से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा दी गई।इस दौरान डारेक्टर तपेश असाटी, अध्यक्ष भरत छुट्टानी, सचिव आशीष मिश्रा, चेयरमेन मेला प्रभारी अभिषेक पांडे, सहचेयरमेन सह प्रभारी लोकमान् कौशल,कोषाध्यक्ष मुकेश ठाकुर सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### देश के विभिन्न राज्यों से मंगाए गए स्टॉल

बालाघाट जिले में विगत 111 वर्ष से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था रोटरी क्लब आफ बालाघाट टाइगर के द्वारा आगामी 24 दिसंबर से स्थानीय उत्कृष्ट मैदान में आनंदम उत्सव व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित इस मेला में न सिर्फ लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न झूला सहित कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे बल्कि यह मेला स्वास्थ्य के प्रति भी लोगों को जागरुक करने का काम करेगा।आयोजित पत्रकारवार्ता में रोटरी से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी आनंदम उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष दिसंबर के आखिरी सप्ताह और नए साल के शुरुआत में किया जाता है जिसका जिलेवासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है जिसके लिए इस वर्ष विभिन्न प्रकार के झूले, रंगारंग कार्यक्रम, कॉमेडी शो, मिस एंड मिसेस बालाघाट सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहे हैं। जहां मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल मंगाए गए हैं।वही युवाओं को रोजगार देने के लिए विभिन्न कंपनियों को भी आमंत्रित किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित बालाघाट महोत्सव में व्यापार, मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम जिले के लोगों को देखने को मिलेगा।बालाघाट महोत्सव से ना केवल व्यापार को बढ़ावा मिलेगा बल्कि जिले के प्रतिभाओ में छिपी प्रतिभायें भी सामने आयेगी।

### सिकलसेल, टीबी के प्रति फैलाई जाएगी जागरुकता

उत्सव मेला को लेकर आयोजित वार्ता में डारेक्टर तपेश असाटी, अध्यक्ष भरत छुट्टानी, सचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि बालाघाट जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है, यहां पर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता अधिक न होने के चलते सिकलसेल,एनीमिया की बीमारी से मरीज अधिक ग्रसित पाए जाते है। जिसके चलते इस बार मेला में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक स्टाल सिकलसेन,एनीमिया की जांच का लगाया जाएगा। इसके साथ ही नुक्कड़-नाटक सहित अन्य माध्यमों से इसके प्रति जागरुकता फैलाई जाएगी कि विवाह पहले एक बार युवक-युवती अपने रक्त की जांच जरुर करवाए जिससे कि इस बीमारी को रोका जा सके। इसके साथ ही टीबी की बीमारी के प्रति भी लोगों को जागरुक करने का कार्य मेला के माध्यम से किया जाएगा।

### रोजगार मेला में मिलेगा युवाओं को रोजगार

चेयरमेन अभिषेक पांडे, सहचेयरमेन गुड्डु कौशल ने बताया कि दो जनवरी 2025 तक चलने वाले इस आनंदम उत्सव व्यापार मेला में इस बार रोजगार मेला का भी आयोजन किया जा रहा है और बड़ी-बड़ी कंपनिया इसमें शामिल हो रही है। जिससे ये उम्मीद है कि मेला के दौरान 300 से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने स्टाल उपलब्ध कराए जा रहे है। साथ ही मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कामेडी नाइट का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रसिद्ध कामेडियन वीआईपी शिरकत करेंगे। वहीं बालाघाट मिस व मिसेज प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही अन्य सास्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किए जाएंगे। वहीं दिन के समय में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कीटनाशक सेवन से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कटंगी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम जड़खरीद मैं इसी ग्राम के एक व्यक्ति की जहरीली वस्तु के सेवन के बाद उपचार के दौरान घर मे मौत हो गई। कटंगी पुलिस ने ।मृतक लक्ष्मी चंद पिता रंगलाल राऊत 45 वर्ष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मीचंद् अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता था। जिसके परिवार में पत्नी दो लड़के और एक लड़की है। बताया गया की 12 दिसंबर को लक्ष्मीचन्द ने किसी कारणवश कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। जिससे परिवार वालों ने कटंगी के अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रिफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान लक्ष्मी चंद के स्वस्थ होने पर उसे 17 दिसंबर को छुट्टी दे दी गई थी ।18 दिसंबर को 2:00 बजे लक्ष्मी चंद ने घर में खाना खाया और पत्नी उसे दवाई खिला रही थी तभी अचानक तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई। जिसकी रिपोर्ट उसके बेटे भूपेंद्र राऊत 20 वर्ष ने कटंगी पुलिस थाना में की थी। जहां से प्रधान आरक्षक नवीन कुल्हाड़े ने ग्राम जड़खरीद पहुंचकर मृतक लक्ष्मीचद की लाश बरामद की और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। आगे धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

13वीं पुण्यतिथि
स्व. यशवंतराव शहारे
आपका सादगी, त्याग से भरा संघर्षमय जीवन सदा हमारा पथ प्रदर्शन करता रहेगा
आज आपकी 13वीं पुण्यतिथी पर हमारी अश्रूपूर्ण श्रद्धांजली एवं शत-शत नमन!!!



स्व. यशवंतराव शहारे
1926-2012
श्रद्धानवत- बी.एल. शहारे, श्रीमती पुष्पा शहारे (पुत्र-पुत्रवधु)
एवं समस्त शहारे परिवार, मार्डीकर रोड, जिला-बालाघाट, मो.999346393

आवश्यकता है
P.H.W.S. संस्था में JOB के लिए BOYS & GIRLS की आवश्यकता है
• सुपरवाईजर - 10 पद
• सर्वेयर - 30 पद
• रिसेप्शन - 01 पद
-संपर्क करें-
9625451008
9826181028

मकान बेचना है
दो मंजिला सर्वसुविधायुक्त डॉ., कोचिंग सेन्टर होस्टल के लिए उपयुक्त क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट
शिवाय होटल के पीछे कालीपुतली चौक के पास
-संपर्क करें-
9752340946
9770777043

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

आवश्यकता है
कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है
योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मोन रोड, बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520, 9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5.30 से 8.30 बजे तक

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# जिला अस्पताल से उपचार के दौरान भागा मरीज की जय स्तंभ चौक में मिली लाश

## मिर्गी की बीमारी से पीडित हरिश्चंद्र मरकाम

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला अस्पताल से उपचार के दौरान भागा एक मरीज का शव स्तंभ चौक के पास से पड़ा हुआ मिला । यह व्यक्ति मृतक हरिश्चंद्र पिता बुद्धिलाल मरकाम 49 वर्ष भीमगड़ कालोनी छपारा जिला सिवनी निवासी है। 18 दिसंबर के 12ः30 बजे से यह व्यक्ति जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड से अचानक भाग गया था ।जिसका शव 19 दिसंबर 11 बजे करीब नगर के जय स्तंभ चौक समीप पीपल के पेड़ के नीचे चबूतरे के पास पड़ा हुआ दिखाई दिया। कोतवाली पुलिस ने इस व्यक्ति शव को जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस व्यक्ति की मिर्गी की बीमारी से मौत होने की संभावना व्यक्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिश्चंद्र मरकाम नागपुर की आर सी ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चालक था ।18 दिसंबर की रात्रि 2 बजे हरिश्चंद्र मरकाम, चालक वरिंदर सिंह कपिल नगर नागपुर निवासी के साथ ट्रक में देसी शराब लेकर वेयर हाउस आंवलाझरी आए थे।। दोनो रात्रि में वेयर हाउस में ही सो गए थे। सुबह 8ः30 बजे वरिंदर सिंह उठा और देखा हरिचंद मरकाम सोया हुआ था जिसे मिर्गी जैसा झटके आ रहे थे। वरिंदर सिंह ने वेयर हाउस के लोगों को बुलाया और उसके बाद हरिश्चंद्र मरकाम के परिजनों को भी सूचना दिया कि उसकी तबीयत खराब हो गई है। 11ः00 करीब 108 एंबुलेंस से हरिश्चंद्र मरकाम को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती



किया गया। जिसे मेडिकल वार्ड के बिस्तर में रखा गया था और उसे समय हरिश्चंद्र मरकाम उत्तेजित होकर झटका मार रहा था। जिसके हाथ में नीडल लगाई गई थी। वरिंदर सिंह, हरिश्चंद्र मरकाम को सिवनी रेफर करवाने के लिए एंबुलेंस के लिए अस्पताल के बाहर आया था। तभी हरिश्चंद्र मरकाम झटका देकर वहां से भागने लगा। जिससे अस्पताल के स्टाफ ने पकड़ने की कोशिश की किंतु उन्हें धक्का देकर हरिश्चंद्र भरकम अस्पताल के बाहर हो गया ।इसके बाद वरिंदर सिह पहुंचा तब हरिश्चंद्र मरकाम बिस्तर पर नहीं था। स्टाफ से पूछताछ करने पर हरिश्चंद्र मरकाम धक्का देकर भागने के संबंध में बताया गया ।इसके बाद वरिंदर सिह ने हरिश्चंद्र मरकाम की काफी खोजबीन की किंतु हरिश्चंद्र मरकाम नहीं मिला इसके बाद। रात्रि होने से वरिंदरसिह वेयरहाउस आ गया । 19 दिसंबर को सुबह 11ः00 बजे करीब जय स्तंभ चौक पीपल के पेड़ के नीचे चबूतरे के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। जिसे वही चौक में पान दुकान वाली महिला ने देखी और पुलिस को सूचना दी हाथ में नीडल लगी होने से इस व्यक्ति की अस्पताल में भर्ती होने की संभावना व्यक्त की गई थी ।खबर मिलती ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और इस व्यक्ति का शव मोके से उठावा कर अस्पताल लाकर वहा के फ्रीजर में रखवा दिए। क्योंकि यह व्यक्ति अज्ञात था इधर 18 दिसंबर को 12ः30 बजे हरिश्चंद्र मरकाम के जिला अस्पताल से भागने की सूचना यहां के स्टाफ के द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी में दी गई थी। जिला अस्पताल से वरिंदर सिंह को फोन करके बुलाया गया जिसने इस व्यक्ति की पहचान हरिश्चंद्र मरकाम चालक के नाम से की और जो 18 दिसंबर के 12ः 30 बजे जिला अस्पताल से उपचार के दौरान भाग गया था ।हरिश्चंद्र मरकाम के संबंध में उसके परिवार वालों को सूचित किया। जिला अस्पताल पुलिस ने वरिंदर सिंह पिता गुरमीत सिंह 24 वर्ष कपिल नगर नागपुर निवासी का बयान लिए है। हरिश्चंद्र मरकाम की परिजनों की आने के बाद उसके शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसके पूर्व भी गणेशगंज सिवनी में हरिश्चंद्र मरकाम को मिर्गी का दौरा आ चुका था।

### दुकान खोलने आई तब यहा एक व्यक्ति को देखी खत्म हो गया था- सरिता बंशकार

सरिता बाई बांधकर ने बताई कि जब वह दुकान खोलने आई थी यहां पर उसने चबूतरे के पास एक व्यक्ति को देखी जिसकी मौत हो गई थी। समझी कि कोई व्यक्ति है जो अस्पताल में भर्ती होगा और रात में यहां खत्म हो गया। इस संबंध में उनके द्वारा अस्पताल को सूचित किया गया था।

# कृषक की तालाब में डूबने से मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी थाने की महकेपार पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम खैरलांजी में इसी ग्राम के एक कृषक की तालाब में डूबने से मौत हो गई ।महकेपार पुलिस ने मृतक विश्वनाथ पिता गणपत मर्सकोले 34 वर्ष का। शव तालाब से बाहर निकलवाये और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वनाथ अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।। बताया गया की 18 दिसंबर को विश्वनाथ अपने पिता गनपत मर्सकोले के साथ अपने खेत कृषि कार्य करने के लिए गया था। 2ः00 बजे करीब विश्वनाथ शौच के लिए खेत समीप बड़ा तालाब तरफ गया था इसी दौरान वह तालाब में फिसलने से तालाब के गहरे पानी में चला गया। जिसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पिता गणपत मर्सकोले दौड़ा। आसपास के लोंगो को बुलाया तब तक के विश्वनाथ तालाब में डूब चुका था ।जिसकी सूचना मिलने पर ।महकेपार पुलिस चौकी से उपनिरीक्षक सुरेंद्र कि उइके अपने स्टाप के साथ ग्राम खैरलांजी पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से विश्वनाथ का शव तालाब से बाहर निकलवाए तथा पंचनामा कार्यवाही पश्चात विश्वनाथ का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये। आगे धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ दि बुद्धिस्ट सोसायटी आज सौपेगी ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा में भारत देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब आंबेडकर जी का अपमान किया गया। जिसमें भारत देश के एससी, एसटी व ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग के सभी लोगो की भावनाएं आहत हुई है। लोगो में भारी आक्रोश है। अमित शाह कहते है अब आंबेडकर,आंबेडकर बोलने का फैशन बन गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। ऐसा बयान देकर सभी दबे कुचले अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक सभी का अपमान किया है ।सभी बहुजनों की दशा और दिशा बाबा साहेब के बनाये हुये संविधान के कारण है। बाबा साहब ने सभी वर्ग के लिये बिना भेदभाव के कार्य किये ।अमित शाह गृह मंत्री के पद में बैठे है वह भी बाबा साहेब के कारण है ।इस मामले को लेकर दिनांक 20 दिसंबर को दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एसटी,एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा अमित शाह के इस कृत्य के विरोध में एक ज्ञापन महामहिम राष्टपति के नाम सौपा जायेगा। सभी से डा.आंबेडकर चौक बालाघाट में 20 दिसंबर को दोपहर 1 बजे उपस्थित होने की अपील दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, पूर्व प्रदेश सचिव धमेन्द्र कुरील, आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश महेश सहारे, हाजी शोहेब खान आदि के द्वारा की गई है।

# कायदी वैष्णो देवी मंदिर में हवन पूजन व भंडारा आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कायदी छोटाटोला में स्थित त्रिवेणी पिंडी संगम श्री मॉ वैष्णो देवी के मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 20 दिसम्बर को श्री माता वैष्णो देवी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस संदर्भ में त्रिवेणी पिंडी संगम श्री माता वैष्णो देवी मंदिर कायदी के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री गुरुदेव जी के सानिध्य में स्वयंभू त्रिवेणी पिंडी संगम श्री माता वैष्णो देवी मंदिर कायदी में श्री माता वैष्णो देवी जी का प्राकट्य दिवस 20 दिसंबर को मनाया जावेगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है। जिसमें दोपहर 2 बजे से हवन पूजन का आयोजन किया जायेगा तथा दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वही माताजी की चौकी कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित होगा। जिसमें वैष्णो देवी मंदिर समिति कायदी के समस्त पदाधिकारियों ने जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर महाप्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने का मामला

# दुर्गेश बहेटवार को 10 वर्ष की कठोर कारावास, 50 हजार रुपये अर्थदंड

## इस मामले से एक आरोपी नीरज डोंगरे फरार, खैरलांजी निवासी है दोनो आरोपी, 1 लाख 60 हजार रूपये का जप्त किया था गांजा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। विशेष न्यायाधीश के एस बारिया की विद्वान अदालत ने अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने के मामले में आरोपी दुर्गेश पिता ओमकार बहेटवार 31 वर्ष वार्ड नंबर 18 खैरलांजी निवासी को 10 वर्ष की कठोर और 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में एक आरोपी नीरज पिता गोपाल डोंगरे 45 वर्ष वार्ड नंबर 9 खैरलांजी निवासी फरार है।इन आरोपियों के कब्जे से एक लाख 60 हजार रुपये कीमत का 10 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा और इस धंधे में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई थी। अभियोजन के अनुसार 25 जुलाई 2017 को वारासिवनी थाने में पदस्थ उप



निरीक्षक मोहम्मद समीर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि नीरज डोंगरे और दुर्गेश बहेटवार दोनों खैरलांजी निवासी मोटरसाइकिल में मदनपुर से वारासिवनी तरफ मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे हैं। मुखबिर की इस सूचना पर उप निरीक्षक मोहम्मद समीर ने अपने स्टाफ के साथ मदनपुर रोड शिव धाम तिराहा वारासिवनी में घेराबंदी की।। इस दौरान मोटरसाइकिल में आ रहे दोनों व्यक्तियों को रोक कर पूछताछ किये। पूछताछ में मोटरसाइकिल दोनों व्यक्ति ने अपना नाम नीरज डोंगरे और दुर्गेश ब हेटवार खैरलांजी निवासी बताएं। जिनके पास सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी पाई गई। जिसकी तलाशी लेने पर बोरी में 10 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। इस मादक पदार्थ गांजा के परिवहन के संबंध में इन लोगों के पास कोई अधिकृत दस्तावेज अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। नीरज डोंगरे और दुर्गेश दोनों इस मादक पदार्थ गांजा को अवैध रूप से रखकर उसका परिवहन करते पाए गए। दोनों के पास से 10 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा और मामले में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीबीजेड मोटरसाइकिल सीजी04 डी यू 8290 को जप्त किया गया और इस मामले में नीरज डोंगरे और दुर्गेश के विरुद्ध धारा 8/20 स्वापक औषधि एवं मां प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को इस अपराध में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की विवेचना अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र बालाघाट की विशेष अदालत में पेश किया गया था। इस मामले में आरोपी नीरज डोंगरे जमानत होने के बाद फरार है। हाल ही में यह मामला विद्वान विशेष न्यायाधीश के एस बारिया की विद्वान अदालत में आरोपी दुर्गेश के विरुद्ध चला। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी दुर्गेश के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। विद्वान अदालत ने वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अपराधों में तेजी से हो रही बढ़ोतरी और कठोर दंड के प्रावधान को देखते हुए, समस्त परिस्थितियों पर विचार करने के उपरांत आरोपी दुर्गेश को धारा 8/20(बी)(द्वद्व)(बी) स्वापक औषधीय एवं मां प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के आरोप में दोषी पाते हुए उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये तथाअर्थदंड अदा नहीं करने की दशा में 2 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगताये जाने के आदेश दिए हैं। इस मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक डी पी बिसेन द्वारा पैरवी की गई थी। बताया गया है कि इस मामले का आरोपी नीरज डोंगरे अपने परिवार के साथ 1 वर्ष पहले से ही फरार है।

# छतरपुर की घटना से शिक्षक वर्ग भयभीत, प्रोटेक्शन एक्ट की करी मांग

## पुरानी पेंशल बहाली संघ ने देर शाम कलेक्ट्रेट में सौपा ज्ञापन, क्रमोन्नति लागू न होने पर जताया आक्रोश, अधिकारियों को बदलने की लगाई गुहार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कुछ दिन पूर्व प्रदेश के छतरपुर जिले में एक छात्र द्वारा प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या किए जाने का एक मामला सामने आया था ।जहां छतरपुर जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 12वीं के एक छात्र ने प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार सक्सेना की स्कूल में गोली मारकर हत्या कर दी थी। छतरपुर जिले में हुई इस घटना को लेकर प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों में भय का माहौल व्याप्त है। वही इस घटना का संपूर्ण प्रदेश में जगह-जगह विरोध किया जा रहा है ।जिसका एक नजारा गुरुवार की देर शाम कलेक्टर कार्यालय में भी देखने को मिला ।जहा छतरपुर की उक्त घटना पर आक्रोश जताते हुए पुरानी पेंशन बहाली संघ के बैनर तले कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया है ।जिसमे संगठन के पदाधिकारियो ने शिक्षकों को सुरक्षा प्रदान किए जाने की गुहार लगाते हुए शिक्षकों की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रोटेक्शन एक्ट बनाकर उसे लागू किए जाने की मांग की है। तो वहीं उन्होंने 1 वर्ष पूर्व आए क्रमोन्नति के आदेश को जिले में लागू न करने और कई शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ न देने पर ऐतराज जताते हुए, क्रमोन्नति का लाभ देने के नाम पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया है। जिन्होंने शासन के आदेश का पालन न करने वाले अधिकारियों का तत्काल जिले से तबादला किए जाने की मांग की है। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली जिला अध्यक्ष वीके पटेल, प्रांतीय संगठन मंत्री गिरधारी ठाकरे, निलय कुमार एडे, विनोद दुफारे, और अशोक कुमार भगत सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### सुरक्षा का बनाए कानून, मामले की कराए न्यायिक जांच

सौपे गए ज्ञापन में संघ ने इस बात का उल्लेख किया कि विगत 06 दिसंबर को छत्तरपुर जिले के ईशानगर विकासखंड अंतर्गत धमौरा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार सक्सेना की, गोली मारकर हत्या कर दी गई इस हृदय विदारक घटना से भय, चिंता, असुरक्षा से शिक्षा जगत भयाक्रांत हो गया है। भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा का बड़ा महत्व है, शिक्षा की प्रगति के लिए शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षालय एवं शिक्षक का सर्वांगीण विकास आवश्यक है, इन चारों स्तंभों को संरक्षण, संवर्धन, सुरक्षित रखना अति आवश्यक है। एक राष्ट्र, एक शिक्षा, एक विधार्थी, की योजना से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। शिक्षकों का छात्रों के ऊपर पूर्ण नियंत्रण का अधिकार देते हुए, अनुशासन की परिधि में शिक्षा परिसर एवं शिक्षक परिवार की सुरक्षा व सम्मान की रक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाकर लागू किये जायें। शासकीय संस्थानों की सुरक्षा एवं शासकीय कार्यों को संपादन के दौरान आमजनों, जनप्रतिनिधियों सभी के लिए विशेष कानून बनाया जायें। जिससे शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी निर्भर होकर अपने दायित्वों का निष्पादन कर सकें, तथा परिवार भी सुरक्षित हो सकें। वही सुरेन्द्र कुमार सक्सेना प्राचार्य, छतरपुर गोली कांड की न्यायिक जांच की जायें, इस घटना की न्यायिक संपादन व्यवस्था मध्यप्रदेश में नजीर बनें। शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी की जीवनी की सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा व परिवार को भयमुक्तवातावरण प्रशासनिक स्तर पर निर्मित किया जायें।

### शिक्षक प्रोटेक्शन एक्ट भी लागु करें सरकार- पटेल

एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष बी.के. पटेल ने बताया कि छत्तरपुर जिले में प्राचार्य की गोली मारकर हत्या की हृद्रयविदारक घटना से शिक्षको में भय, चिंता और असुरक्षा का माहौल है। शिक्षक, भयभीत है कि ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति ना हो, चूंकि शिक्षक, अक्सर शाला में बच्चो के नहीं आने पर उनके अभिभावकों को फोन लगाता है, ऐसी स्थिति में शिक्षकों को धमकी और अनुचित बाते कही जाती है, जिससे शिक्षक, डरा रहता है, हम चाहते है कि सरकार, डॉक्टरों की तरह शिक्षक प्रोटेक्शन एक्ट भी लागु करें, ताकि शिक्षक भी निर्भिक होकर, अपने कर्तव्यों का पालन कर सके। हम चाहते है कि शिक्षकों का छात्रों के ऊपर पूर्ण नियंत्रण का अधिकार देते हुए, अनुशासन की परिधि में शिक्षा परिसर एवं शिक्षक परिवार की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाकर लागु किया जाए। उन्होंने छत्तरपुर जिले में शिक्षक सुरेन्द्र कुमार सक्सेना की हत्या मामले की न्यायिक जांच किए जाने की मांग की।

### क्रमोन्नति का लाभ ना देने वालो को हटाया जाए- गिरधारी ठाकरे

वही चर्चा के दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री गिरधारी ठाकरे ने बताया कि हमारी स्थानीय मांग भी है मध्य प्रदेश शासन ने 2023 में क्रमोन्नति के आदेश जारी किए थे ।लेकिन आज तक इस आदेश का पालन नहीं हुआ है जिले में करीब 200 शिक्षक ऐसे हैं जो क्रमोन्नति के लाभ से वंचित हैं जिला शिक्षा अधिकारी बोलते हैं कि हमने आदेश जारी कर दिए हैं, कार्यालय में जो क्लर्क बाबू है वह भी झूठ बोलते हैं हमें अभी भी हमारे साथियों के फोन आ रहे हैं की सेवा अवधि के 12 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी हमें क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है मध्यप्रदेश में केवल बालाघाट जिला ही एक ऐसा जिला है जिसमें आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जबकि इसके पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आर के लटारे का कार्यकाल काफी अच्छा था। हम चाहते हैं कि वर्ग दो और वर्ग 3 के कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ मिले और यहां क्रमोन्नति के लाभ के लिए जो पैसे मांगे जाते हैं इन्हें हटाना चाहिए, इसके खिलाफ हमने विधानसभा प्रश्न भी लगाए हैं हमारी मांग है कि ऐसे लोगों को तत्काल हटाया जाए।

# वन विभाग को नहीं जानकारी, ग्राम बम्हनी में वन्य जीव तेंदुए की दस्तक

## वीडियो वायरल होने पर संबंधित हट्टा रेंज के अधिकारी ने कहा तेंदुए के पैरों के हैं निशान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज) ।जिला मुख्यालय से कुछ ही दूर पर स्थित ग्राम बम्हनी में इन दिनों वन्य जीव तेंदुए का आतंक चल रहा है, जिससे ग्रामीण डरे हुए हैं बताया जा रहा है कि अभी कुछ दिनों से ही ग्राम बम्हनी में तेंदुए की हलचल दिखाई दे रही है और तेंदुए के पैरों के निशान ग्राम बम्हनी में स्पष्ट देखे जा रहे हैं जबकि इस पूरे विषय की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल रही है, पर वन विभाग के पास इसकी कोई जानकारी नहीं है और वह सिर्फ वीडियो और फोटो का इंतजार करने के बाद ही स्पष्ट कर रहे हैं कि क्षेत्र में क्या और कैसी स्थिति है, वही ग्रामीणों द्वारा ग्राम में तेंदुए की हलचल के बाद अकेले खेतों और जंगलों की ओर जाना बंद कर दिया है। आपको बता दे की जिला मुख्यालय से महज 8 से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बम्हनी में इन दिनों वन्य जीव तेंदुए की दस्तक देखी जा सकती है ग्रामीण द्वारा तेंदुए के पैरों के निशान देखकर अब खेतों और जंगलों में अकेले नहीं जा रहे हैं, तो वहीं कुछ ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि अभी कुछ ही दिन पहले से ग्राम में तेंदुए की हलचल देखने को मिली है, जबकि इतने दिनों से गांव में ऐसी कोई हलचल या फिर तेंदुए के होने की संभावना नहीं थी , किंतु अभी-अभी एक से दो दिन पहले से ही ग्राम में तेंदुए की हलचल दिखाई दे रही है और तेंदुए के पैरों के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जिसका वीडियो भी ग्रामीणों द्वारा बनाया गया है और स्वयं ग्रामीण भी अपने खेतों और जंगलों की ओर हाथों में लाठी लेकर जा रहे हैं, किंतु जब हमारे द्वारा वन विभाग के संबंधित अधिकारियों से इस विषय को लेकर चर्चा की गई तो उनके द्वारा पहले तो साफ इनकार कर दिया गया कि उन्हें इस प्रकार से तेंदुए की ग्राम में



होने की जानकारी नहीं है और ना ही उनके पास अभी कोई सूचना आई है , जबकि ग्राम का एक वीडियो आने के बाद स्वयं अधिकारियों ने वीडियो देखकर माना की क्षेत्र में कुछ वन्य जीव की हलचल है और घटना सही है सवाल यह उठता है कि जब पूरे गांव और क्षेत्र में वन्य जीव तेंदुए होने की जानकारी है और ग्रामीण वीडियो में हाथों में लाठी लेकर जंगलों की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं तो इसकी सूचना वन विभाग को क्यों नहीं है।

### वन्य जीव की आमद से भगदड़ मच गई थी - नीरज पारधी

ग्रामीण नीरज पारधी द्वारा दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया गया कि अभी एक से दो दिन से ही ग्राम में तेंदुए की हलचल देखी गई है जबकि इसके पहले ऐसा कुछ क्षेत्र में वन्य जीव को लेकर कोई दस्तक नहीं थी, पर एक दिन पहले ही मनरेगा के तहत चल रहे भांडी घाट के जंगल में अचानक वन्य जीव की आमद से भगदड़ मच गई और लोगों को यह एहसास हुआ कि ग्राम के आसपास जंगल में वन्य जीव की दस्तक है पर इसके पहले ऐसा कुछ समझ नहीं आया, वही कुछ लोग तो यह भी बता रहे हैं कि शायद अभी कुछ दिन पहले लिंगमारा का मेला आयोजित हुआ था जिसमें रात्रि के समय अधिक ध्वनि बजाने की वजह से कुछ वन्य जीव उस ओर से इस ओर आए हैं इस वजह से उनके गांव के आसपास में वन्य जीव की दस्तक और आहट नजर आ रही है।

### वन विभाग को नहीं है जानकारी

बम्हनी सहित आसपास के क्षेत्र में वन्य जीव की दस्तक से जहां ग्रामीण में भगदड़ मच गई थी, तो वहीं अब ग्रामीण हाथों में लाठी लिए जंगल और खेतों की ओर जा रहे हैं, किंतु वन विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं है और ना ही विभाग का कोई कर्मचारी क्षेत्र में आकर देख रहा है , वहीं जब हमने भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तो पहले उन्हें भी कोई जानकारी नहीं थी, उन्होंने भी दिए गए वीडियो को देखकर और जानकारी लेकर ही बताया कि उस क्षेत्र में वन्य जीव की दस्तक है।

### तेंदुए के पैर के निशान है - धर्मेंद्र बिसेन

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा बालाघाट रेंजर धर्मेंद्र बिसेन से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने पहले तो क्षेत्र में वन्य जीव की दस्तक की कोई जानकारी नहीं दी और जब हमारे द्वारा वीडियो दिया गया और जानकारी दी गई , तब उन्होंने जानकारी लेकर बताया कि यह जो वीडियो में पैरों के निशान है , वह तेंदुए के पैर के निशान है और उन्होंने उस क्षेत्र में एडवाइजरी भी जारी कर रखी है कि कोई भी रात्रि के समय अकेले वनों की ओर न जाए एवं रात्रि में रोशनी करके रखें और यह जो बम्हनी गांव है वह बालाघाट रेंज और हट्टा रेंज की सीमा में है जहां वन्य जीव की दस्तक रहती है।

# मप्र अंडर 22, टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन सम्पन्न

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत जिला क्रिकेट संघ द्वारा गुरुवार को मप्र अंडर 22, टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर चयनित किए गए सभी खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा ।गुरुवार शाम 4 बजे गर्ल्स कॉलेज मैदान में मुख्य चयनकर्ता के रूप में अबू सलीम अंसारी आशीष गोस्वामी, संदीप भीमते शामिल रहे। जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा की देखरेख में यह ट्रायल संपन्न कराकर जिले की एक 15 सदस्य टीम बनाई गई।



### इन खिलाड़ियों का किया गया चयन

अंडर 22 के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन कर एक टीम बनाई गई है। इस दौरान चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर उज्जवल गनवारी, प्रवेश अलराहे, यश सुलाखे, हर्षल बनोटे, हारीश कुरैशी, सुलभ तिवारी, हर्ष रघुवंशी, भानु वार्डी, मयूर पाटील, राजीन पटले, अरबाज खान, सहवर्धन शर्मा, गौरव पटले, पम्यक्ष पाल सिंह और विनय पाल का चयन किया है।

### पैक्टिस के लिए मैदान नही है- मिश्रा

जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा ने जारी बयान में बताया कि आज मप्र अंडर 22, टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।15 खिलाड़ियों का चयन कर एक टीम बनाई गई हैं ।जो आगामी प्रतियोगिता खेलेंगी ।उन्होंने खेल मैदान ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि क्रिकेट खिलाड़ियों के मैदान के अभाव के कारण खिलाड़ियों में आक्रोश व्याप्त है क्रिकेट खेलने व प्रैक्टिस करने के लिए कोई भी सुरक्षित मैदान नहीं है।

# नगरवासियों को नहीं मिल रहा शासकीय सामुदायिक भवनों का लाभ

## देखरेख के अभाव में हो रहे भवन खंडहर, मजबूरन मांगलिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए महंगे दामों में ले रहे लॉन, सामुदायिक भवनों की साफ-सफाई कर कम दामों में मांगलिक, वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध करवाने की उठी मांग







लालबर्रा (पद्मेश न्यूज )। आमजन मानस को सुविधा देने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन के द्वारा विभिन्न निधियों के माध्यम से सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाता है जिसमें सार्वजनिक बैठके, वैवाहिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करने लोगों को कम दरों में सर्वसुविधायुक्त भवन उपलब्ध हो सके। इसी मंशा से लालबर्रा नगर मुख्यालय स्थित सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय के सामने विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है और भवन बनने के बाद शासकीय महाविद्यालय का संचालन ४ से ५ वर्ष तक किया गया। जिसके बाद कालेज का नवीन भवन बनने के बाद इस सामुदायिक भवन में एक-दो ही बड़े कार्यक्रम हुए है। उसके बाद से देख-रेख के अभाव में भवन खंडहर होने लगा है एवं खिड़कियां, टाईल्स, नल की टोटियां गायब हो चुकी है सहित अन्य स्थानों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण यह उपयोगहीन साबित हो रहा है। इसी तरह पांढरवानी के ग्राम आमाटोला के पवार हाउस मार्ग पर स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन भी देख-रेख के अभाव में खराब हो रहा है एवं परिसर में झाड़ियां उग चुकी है। इन दोनों सामुदायिक भवनों की देख-रेख की जिम्मेदारी जनपद पंचायत लालबर्रा की है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि दोनों सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाने का मुख्य उद्देश्य था कि मांगलिक, वैवाहिक कार्यक्रम, सार्वजनिक बैठक सहित अन्य कार्यक्रम के लिए कम दरों पर आमजनों को भवन उपलब्ध हो सके। वहीं नगरवासियों के घरों में जगह नही होने पर इन सामुदायिक भवनों में मांगलिक, वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रम होने पर जनपद पंचायत को राजस्व भी प्राप्त होता था परन्तु भवनों की लंबे समय से देख-रेख एवं साफ-सफाई नही होने के कारण भवन जीर्णशीर्ण होने लगे है एवं भवन के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ऐसी स्थिति में जिन लोगों को वैवाहिक, सार्वजनिक बैठक सहित अन्य कार्यक्रम करना है तो वे सामुदायिक भवन रहने के बाद उक्त स्थानों में सुविधा नही होने के कारण महंगे दामों में लॉन किराये में लेकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ रहा है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा सीएम राइज स्कूल के सामने एवं आमाटोला स्थित अंबेडकर भवन की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण लाखों रूपयों की लागत से बने सामुदायिक भवन औचित्यहीन साबित हो रहे है इसलिए नगर के जागरूक नागरिकों ने शासन-प्रशासन से दोनों सामुदायिक भवन की देख-रेख करने के साथ ही साफ-सफाई कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाकर कम दर पर मांगलिक, वैवाहिक सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए नगरवासियों को भवन उपलब्ध करवाने की मांग की है।

### लाखों रूपयों की लागत से बने सामुदायिक भवन देख-रेख के अभाव में हो रही औचित्यहीन साबित, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि लालबर्रा नगर मुख्यालय में शासन के द्वारा विगत वर्ष पूर्व तीन स्थानों पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है जिसमें एक पांढरवानी पंचायत के जवाहर सामुदायिक भवन भी शामिल था। जिनके बनने के बाद यहां पर सामाजिक, सांस्कृतिक, मांगलिक एवं वैवाहिक सहित अन्य समारोह एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था परन्तु सामुदायिक जवाहर भवन को गत वर्ष पूर्व अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान तोड़ दिया गया है। जिसके बाद सीएम राइज स्कूल के सामने का सामुदायिक भवन एवं आमाटोला में बना अंबेडकर भवन बचा है परन्तु इन दोनों भवनों की स्थिति भी देख-रेख के अभाव में खराब होने लगी है। यानि की दरवाजे, खिलाड़ी टूट-फुट हो चुकी है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही अब मांगलिक, वैवाहिक सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम एवं बैठक आयोजित करने के लिए नगर एवं क्षेत्रीयजनों को मकानों के सामने जगह नही होने पर वे जब इन सामुदायिक भवन में कार्यक्रम करवाने के लिए भवन देखने आते है तो गंदगी एवं सुविधा नही होने के कारण उन्हे मजबूरन महंगे दामों में लॉन किराये पर लेना पड़ रहा है। जबकि शासन के द्वारा बनाये गये सामुदायिक भवनों में सुविधाएं अच्छी मिलती तो लोग इसी स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करवाते । जिससे शासन को राजस्व भी प्राप्त होता परन्तु जनपद पंचायत लालबर्रा के द्वारा इन दोनों सामुदायिक भवन की देख-रेख की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके कारण लाखों रूपयों की लागत से बने सामुदायिक खराब होने लगे है। ऐसी स्थिति में सामाजिक कार्यक्रमों व वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए नगर में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन नहीं हैं जिससे आमजन मानस, गरीब वर्ग को मजबूरन महंगे लॉन की तरफ जाना पड़ रहा है। वहीं जागरूक नागरिकों का कहना है कि आमाटोला स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन, लालबर्रा के सामुदायिक भवन में लगी टाईल्स निकलने लगी है, शौचालय में नल की टोटिया गायब है, साथ ही गंदगी का अंबार लगा हुआ है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं जिसके कारण यह उपयोगहीन साबित हो रहे हैं।

### सामुदायिक भवन का नही मिल रहा लाभ - रतन

रतन बोरकर ने बताया कि लालबर्रा मुख्यालय में स्थित सामुदायिक भवनों का देख-रेख के अभाव में हाल बेहाल हो चुका है यानि दरवाजे, खिड़कियां टूट-फुट चुकी है एवं गंदगी फैली हुई है। ऐसी स्थिति में लोगों को विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों के लिए परेशान होना पड़ रहा है और महंगे लॉनों का सहारा लेना पड़ रहा है इस तरह से सामुदायिक भवनों का लाभ नही मिल रहा है। श्री बोरकर ने बताया कि सामुदायिक भवन को मांगलिक, वैवाहिक कार्यक्रम एवं सार्वजनिक बैठक के लिए किराये पर देने से राजस्व भी प्राप्त होता है और लोगों के घरों के सामने खाली जगह नही होने के कारण अब महंगे निजि भवनों की ओर जाना पड़ रहा है। जिससे उनके कार्यक्रमों की राशि बढ़ रही है इसलिए नगर मुख्यालय में स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन, सीएम राइज स्कूल के सामने स्थित सामुदायिक भवन की साफ-सफाई कर सर्वसुविधायुक्त बनाकर कम दरों में उपलब्ध होना चाहिए।



### कम राशि में उपलब्ध हो जाते है सामुदायिक भवन - सुनील

सुनील अवधवाल ने बताया कि आमजन मानस की सुविधा के लिए शासन-प्रशासन की विभिन्न निधियों से लालबर्रा मुख्यालय में सीएम राइज स्कूल के सामने, आमाटोला में अंबेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है परंतु यह सामुदायिक भवन देखरेख के अभाव एवं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते खराब हो रहे हैं। जबकि इन भवनों की देख-रेख करने की जिम्मेदारी जनपद पंचायत की है लेकिन उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके कारण लाखों रूपयों की लागत से बने सामुदायिक भवन जीर्णशीर्ण होने लगे है। श्री अवधवाल ने बताया कि सामुदायिक भवन खराब होने के कारण अब मांगलिक सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए नगरवासी मजबूरन महंगे दाम में लॉन किराये पर लेकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिससे उन्हे आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जबकि सामुदायिक भवन कम राशि में उपलब्ध हो जाते है इसलिए प्रशासन से मांग है कि सामुदायिक भवनों की ओर विशेष ध्यान दे और इन भवनों में कार्यक्रम होने से शासन को राजस्व भी प्राप्त होगा।



### सामुदायिक जवाहर भवन को तोड़ दिया गया है - शैलेष

विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती बताया कि पूर्व में नगर मुख्यालय में निजि लॉन नहीं हुआ करते थे, ऐसी स्थिति में सार्वजनिक आयोजनों के लिए शासन प्रशासन के द्वारा बनाये गये शासकीय सामुदायिक भवनों का उपयोग आमजन मानस के द्वारा किया जाता था परंतु नगर मुख्यालय के सभी सामुदायिक भवन देख-देख के अभाव में जीर्णशीर्ण हो रहे हैं जिससे लोगों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। वही नगर मुख्यालय में जो हाई स्कूल मार्ग पर सामुदायिक जवाहर भवन बना हुआ था उसे अतिक्रमण कार्यवाही में तोड़ दिया गया है, जबकि इस भवन से ग्राम पंचायत को राजस्व प्राप्त होता था एवं थाने के बाजू में कांजी हाउस के स्थान पर पूर्व विधायक गौरीशंकर बिसेन के द्वारा विधायक निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। उसे अतिक्रमण के नाम पर आधा तोड़ दिया गया था और शेष कमरों को अपने खास लोगों को व्यवसाय के लिए दे दिया गया है। श्री केकती ने बताया कि लालबर्रा मुख्यालय में बने शास. सामुदायिक भवन देख-रेख के अभाव में जीर्णशीर्ण होने लगे है ऐसी स्थिति में लोग अब मांगलिक, वैवाहिक सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम लॉन में कर रहे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि दोनों सामुदायिक भवनों की साफ-सफाई कर अच्छी सुविधा प्रदान करें ताकि लोग इन्ही स्थानों पर कम खर्च में कार्यक्रम आयोजित कर सके।



### इनका कहना है

जिन लोगों को मांगलिक सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन चाहिए वे जनपद में आवेदन दे। जिसके बाद उन्हे जो सुविधा चाहिए वह उपलब्ध करवा देगें और भवन के आसपास झाड़िया एवं गंदगी है उसकी साफ-सफाई जल्द करवा दी जायेगी।



**चंदरसिंह मंडलोई**
**सीईओं**
**जनपद पंचायत लालबर्रा**

# युवाओं को रोजगार देने में नाकाम है सरकार- अनुभा

## बेरोजगारी मुद्दे को लेकर भोपाल में अनुभा मुंजारे ने कांग्रेस विधायकों के साथ किया चाय की प्याली व केतली लेकर प्रदर्शन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। भोपाल में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने बेरोजगारी मुद्दे को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। वहीं कांग्रेस की बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे भी अन्य विधायकों की तरह चाय की प्याली और केतली लेकर विधानसभा सत्र में पहुंची और सरकार के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में नाकामी को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायकश्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार बेरोजगारी बढ़ते जा रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, नौकरी की तलाश में वे भटक रहे हैं। साथ ही शासन द्वारा युवाओं को न ही नौकरी दी जा रही है और न ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि युवाओं को चाय और पकोड़े तलने के लिए छोड़ दिया जा रहा है। श्रीमती मुंजारे ने कहा कि भाजपा की सरकार जुमलों की सरकार है, जिन्हें किसी भी क्षेत्र में लोगों के जनजीवन से कोई सरकार नहीं है, हर वर्ग इस सरकार के कार्यकाल में हतोत्साहित, पीड़ित व परेशान है और हमारे युवा बेरोजगारों को रोजगार के अभाव में दर-दर भटकना पड़ रहा है। वह पढ़े लिखे होने के बावजूद या तो अपने घर पर मौजूद है या फिर चाय बेचने के लिए मजबूर है। सरकार के पास युवाओं को रोजगार देने के लिए न ही तो कोई नीति है, न ही कोई उपाय है और न ही सरकारी नौकरी दी जा रही है। इस तरह भाजपा सरकार से जनहित में कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती है। आपकों बता दे कि विधानसभा सत्र के तीसरे दिन पढ़े लिखे, युवा शिक्षित, बेरोजगारों को नौकरी दो, नौकरी दो, रोजगार दो, रोजगार दो के नारे के साथ विधानसभा भवन में मध्यप्रदेश विधानसभा कांग्रेस दल के नेता उमंग सिंगर के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने जमकर प्रदर्शन किया। जिनके साथ बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने विरोध करते हुए चाय की कप, चाय की केतली हाथों में लेकर विधानसभा भवन के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई।




# आस्थापूर्वक मनाया गया गायत्री शक्तिपीठ कंजई का 44 वां वार्षिकोत्सव

## पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर जिले की प्रवेश स्थली देवनगरी ग्राम पंचायत कंजई स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में गत दिवस गायत्री शक्तिपीठ का ४४ वॉ वार्षिकोत्सव एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अवसर पर १६ दिसंबर को गायत्री शक्तिपीठ कंजई का ४४ वॉ वार्षिक उत्सव आस्थापूर्वक मनाया गया एवं १७ दिसंबर को प्रात: ११ बजे से विभिन्न संस्कार संपन्न करवाये गये एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मातृ संस्था शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित टोली के द्वारा किया गया जिसमें सैंकड़ों श्रध्दालुओं ने आहुति डालकर धर्मलाभ अर्जित किये। जिसके बाद महाआरती की गई एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थितजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को सत्य एवं धर्म की रास्ते में चलकर स्वस्थ जीवन जीने की बात कही गई। जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया और भारी संख्या में उपस्थित श्रध्दालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये जिसके साथ ही दो दिवसीय गायत्री शक्तिपीठ कंजई का वार्षिकोत्सव एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन किया गया। कंजई सरपंच, अधि. आनंद बिसेन ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ कंजई का १६ दिसंबर को ४४ वां वार्षिकोत्सव आस्थापूर्वक मनाया गया एवं १७ दिसंबर को पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। श्री बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से संदेश देना चाहते है कि हम अपने जीवन को कैसे सयामित जीये, कैसे संस्कार वान अपने परिवार, बच्चे व स्वयं को बनाये और सभी को गायत्री माता सहित अन्य देवी देवताओं से जुड़े रहना चाहिए क्योंकि उनकी शक्तियां ही हमें बचा सकती है एवं गुरूदेव के संदेश व उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर गायत्री शकि तपीठ कंजई के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं श्रध्दालुजन उपस्थित उपस्थित रहे।

# ठंड में ठिठुर रहे नागरिकों की प्रशासन नही ले रहा सुध

## बस स्टेंड, अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की उठी मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र में लगातार विगत कुछ दिनों से बढ़ रही ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। शीतलहर व ठंड के कारण शाम होने के बाद से लेकर सुबह ८ बजे तक लोगों को घर से निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है परंतु इसके बावजूद अब तक प्रशासन के द्वारा ठंड में ठिठुर रहे नागरिकों की सुध नही ली गई है। जिसके कारण लोग ठंड से परेशान हो रहे है और स्थानीय प्रशासन से नगर मुख्यालय के बस स्टेण्ड, अस्पताल एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की मांग विगत दिवस से कर रहे है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है और जल्द अलाव जलाने की मांग की है। वहीं नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में विगत दिवस से प्रात: ४ बजे से प्रात: ८ बजे तक एवं शाम ६ बजते ही ठंडी शीतलहर चलना शुरू हो जाती है। जिससे बचने के लिए जगह-जगह पर ग्रामीणों के द्वारा अपनी व्यवस्था अनुसार अलाव सुलगाये जा रहे है इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा ठंड पर काबू पाने के लिये गर्म कपड़ों का सहारा लिया जा रहा है परंतु गर्म कपड़े भी ठंड से राहत दिलाने में नाकाफी साबित हो रहे है। साथ ही लालबर्रा बस स्टैण्ड में रात्रि के समय सिवनी, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, रायपुर व छिंदवाड़ा सहित अन्य स्थानों पर जाने हेतु काफी संख्या में महिला, पुरूष एवं पढ़ने वाले व परीक्षा देने जाने वाले छात्र-छात्रा भी अपने परिजनों के साथ इस ठिठुरन ठंड में बस का इंतजार करते है परन्तु अलाव की व्यवस्था नही होने के कारण उन्हे भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बस स्टैण्ड में बस का इंतजार करने वाले यात्री एवं नगरवासियों ने स्थानीय प्रशासन से अलाव जलाने की मांग की है ताकि ठंड से राहत मिल सके। चर्चा में जागरूक नागरिकों ने बताया कि विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में ठंड का असर तेजी से बढ़ा है जिसके कारण गर्म कपड़ों के बिना घर से निकलना दूभर हो गया है। साथ ही रात्रि में जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित अन्य स्थानों पर जाने वाले छात्र-छात्राएं व यात्रीगण बस का लालबर्रा बस स्टैण्ड में रोजाना इंतजार करते है और ठंड के कारण उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि बस स्टैण्ड में सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था करवाये ताकि दूर-दराज से लालबर्रा पहुंचने वाले एवं बाहर अपने गंतव्य को जाने वाले यात्रियों को कड़कड़ाती ठंड भरे मौसम में काफी राहत मिल सके। साथ ही यह भी बताया कि लालबर्रा अस्पताल में भी दूर-दराज से डिलेवरी व अन्य बीमारियों का इलाज करवाने मरीजों के साथ उनके परिजन आते है परन्तु उक्त स्थान पर भी अलाव की व्यवस्था नही की गई है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने तेजी से बढ़ रही ठंड से आम नागरिकों को निजात दिलवाये जाने हेतु लालबर्रा बस स्टेंड, अस्पताल सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करवाये जाने की मांग प्रशासन से की है।



कंजई में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

## कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नही सुधरे हालात

# गणेश मंदिर से शिवधाम वाराटोला मार्ग से दौड़ रहे भारी वाहन







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत वारा रेलवे क्रॉसिंग पर रेल्वे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां से ट्रैफिक डायवर्ट करने के लिए दो मार्गों का चयन किया गया था। जिसमें ग्राम में शासन के द्वारा बनाई गई सड़क पर ही छोटे बड़े व भारी वाहनों का आना जाना किया जा रहा था। जिसमें लगातार ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जा रहा है कि निर्माण एजेंसी के द्वारा रोड़ का निर्माण कर वाहनों के आवागमन की व्यवस्था बना कर दे परंतु अव्यवस्थाओं के बीच यहां व्यवस्था चल रही थी। जिसमें १६ दिसंबर को जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने सेतु विभाग को आदेश जारी कर गणेश मंदिर से शिवधाम मोहल्ले से वाराटोला मार्ग पर छोटे वाहन और लालबर्रा रोड़ गयात्री मंदिर से वारा मार्ग पर भारी ट्रक के आवागमन की व्यवस्था बनाने मार्ग पर मिट्टी के ढेर को हटाने एवं क्षतिग्रस्त मार्ग का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम वारासिवनी को निर्देश जारी किया गया था। परंतु तीन दिन बीत जाने के बाद भी व्यवस्था यथावत बनी हुई है जिसमें कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है तो वहीं अव्यवस्था में लोग आना जाना कर रहे हैं।**

### सेतु विभाग को मिला आदेश फिर भी दौड़ रहे भारी वाहन

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग बालाघाट को पत्र जारी किया है कि जिला कलेक्टर बालाघाट के द्वारा टीएल बैठक १६ दिसंबर में दिये गये निर्देशानुसार बालाघाट वारासिवनी मार्ग में वारा रेलवे क्रासिंग एलसी न.बीके २५ पर निर्माणाधीन रेलवे ओव्हर ब्रिज कार्य प्रगतिरत् है। एवं प्रस्तावित ट्राफिक परिवर्तित मार्ग हल्के वाहनों हेतु वाराटोला क्रासिंग से शिवधाम मोहल्ला से सिद्धी विनायक मंदिर तक, भारी वाहनों हेतु ग्राम वारा से लालबर्रा रोड़ गायत्री मंदिर लालबर्रा रोड़ तक क्षतिग्रस्त होकर आवागमन बाधित हो रहा है आवागमन सुगम कराया जायें। निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज हेतु प्रस्तावित ट्राफिक मार्ग का तत्काल स्थल निरीक्षण करें एवं आवागमित मार्ग पर अनावश्यक मिट्टी के ढेरों से मार्ग बाधित हो रहा है उसे हटाया जाकर क्षतिग्रस्त मार्ग पर आवश्यक कार्य जिससे आवागमन सुगम हो कराया जावें एवं की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अविलम्ब अवगत् करावें।

### भारी वाहनों से मार्ग के बिगड़े हालात

गणेश मंदिर से शिवधाम मोहल्ला वाराटोला मार्ग पर धड़ल्ले से भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। जहां से ट्रक डंपर ट्रैक्टर सभी प्रकार के भारी वाहन धान और अन्य सामग्री लेकर गुजर रहे हैं। जहां पर मार्ग के परखच्चे उड़ने लगे हैं बताया जाता है कि ग्राम पंचायत के द्वारा २० वर्ष पहले आवागमन के लिए बनाया गया था। इसके बाद इसका निर्माण नहीं हुआ था जिस पंचायत के द्वारा आधा निर्माण किया गया था जो करीब ९०० मी. कच्चा मार्ग था। केवल उसी कच्चे मार्ग का ओवर ब्रिज निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण करवा कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया। जिसे हल्के वाहनों के लिए बनाया गया था परंतु धड़ल्ले से आज भी भारी वाहन आना जाना कर रहे है जिससे पूरे मार्ग की स्थिति खस्ताहाल होने में आ गई है। जबकि उक्त मार्ग में दो ट्रक आपस में क्रॉस भी नहीं हो पाते हैं जहां हमेशा जाम लगने की स्थिति बनती रहती है। यह मार्ग १० फीट चौड़ा है जो भारी वाहनों के कारण जगह जगह से पूरी तरह फुट गया है। वहीं धूल के गुब्बारे उड़कर लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहे हैं जिसका अनेको बार विरोध किया गया है। परंतु आज तक भारी वाहनों पर पाबंदी प्रशासन के द्वारा नहीं लगाई गई है।

### यातायात व्यवस्था पर उठ रहे प्रश्नचिन्ह

रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है जहां पर सबसे बड़ी समस्या यातायात व्यवस्था बनी हुई है। यहां पर भारी वाहनों के लिए वारा से गायत्री मंदिर लालबर्रा रोड़ की व्यवस्था की गई है जहां से भारी कम छोटे वाहन ज्यादा आवागमन कर रहे हैं। जहां पर ट्रेन के आने जाने के दौरान और शाम को स्कूल की छुट्टी होने पर जाम की स्थिति बनी हुई रहती है। इस दौरान दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है जिसको लेकर कई बार राहगीरों एवं नगर वासियों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्था बनाने के लिए मांग की गई है। पर उक्त स्थान पर स्थिति यथावत बनी हुई है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश भरा हुआ है। इस प्रकार की व्यवस्था प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है।

### भारी वाहनों के आने जाने से हो रही भारी परेशानी-सी एल पंचेश्वर



ग्रामीण सी एल पंचेश्वर ने बताया कि यह मार्ग शिवधाम मोहल्ला वारा पंचायत का रोड़ है जिसमें बाईपास बना दिया गया है। रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है इस मार्ग से छोटे वाहन जाना चाहिए परंतु १० से २२ चक्का के भारी ट्रक डंपर यात्री वाहन सभी यहीं से आना जाना कर रहे हैं। इनका कोई समय निर्धारित नहीं है दिन भर और रात भर यह चलते रहते हैं इन वाहनों की रात में भयंकर आवाज होती है जो घरों के अंदर तक आती है। यह ट्रक धान और सीमेंट सहित अनेक प्रकार की वस्तुओं को लेकर जाते हैं पंचायत के द्वारा इन्हें रोकने का बोर्ड भी लगाया गया था जिसे तोड़ दिया गया है। यह शिव मंदिर होते हुए वाराटोला रेलवे क्रॉसिंग तरफ निकलते हैं इन वाहनों के आने जाने से पूरा रोड फूट गया है धूल का गुब्बारा उड़ रहा है। बहुत ज्यादा समस्या है अब यह टूटा हुआ रोड कब बनेगा पता नहीं।

### जिला कलेक्टर के आदेशो का अधिकारी नही कर रहे पालन- राजा अली



पूर्व सरपंच रिजवान राजा अली ने बताया कि रेलवे ओवर ब्रिज का काम चल रहा है ट्रैफिक ड्राइवर की समुचित व्यवस्था शासन प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए। शिवधाम से हल्के वाहनों का और गायत्री मंदिर से भारी वाहनों का आगमन होना चाहिए पर शिवधाम से ही भारी वाहन आना जाना कर रहे हैं। मार्ग पूरा क्षतिग्रस्त हो गया है जिला कलेक्टर ने भी इसमें निर्देश जारी किया था परंतु अभी तक मार्ग की ना कोई मरम्मत की गई है ना ही वाहनों पर रोक लगाई गई है। ओवर ब्रिज के एक तरफमिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं जिला कलेक्टर के निर्देश का पालन जमीनी स्तर पर देखने के लिए नहीं मिल रहा है। यह दुख का विषय है प्रशासन को व्यवस्था बनाकर स्वच्छ निर्देश देना चाहिए और सबसे ज्यादा ठेकेदार को संज्ञान लेना चाहिए। यह ग्रामीण स्तर की तीन मीटर सड़क है २० वर्ष पुरानी है। अभी पूरी टूट गई है भारी वाहन से अब इसका निर्माण कैसे होगा पंचायत में राशि कहां से आएगी क्या प्रशासन इतनी राशि दे पाएगा इस पर विचार होना चाहिए।

### भारी वाहनो के आवागमन से कई बार हो चुके एक्सीडेंट- रसीदा खान



ग्रामीण रसीदा खान ने बताया कि दिन रात इस मार्ग से बड़े बड़े वाहन डबल सीटर बस सहित अनेको वाहन आना जाना करते हैं। जिनके आने जाने से पूरा रोड़ टूट गया है धूल के गुब्बारे उड़कर घरों के अंदर तक आ रहे हैं और इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। यह बहुत बड़ी परेशानी ग्रामीण लोगों के लिए बनी हुई है यह मार्ग बहुत छोटा है। जहां पर कई बार एक्सीडेंट हुआ है। क्योंकि दो वाहन क्रॉस नहीं हो पाते हैं और बड़ी मुश्किल से क्रॉस करना पड़ता है अभी सुबह से १० से ज्यादा ट्रक धान लेकर यहां से चले गए हैं दूसरे डंपर भी आना जाना कर रहे हैं पूरा रोड़ खराब हो गया है।

### आदेश मिलने के बाद भारी वाहन को रोकने का प्रयास किया जा रहा -सूर्यभान पुसाम



सरपंच सूर्यभान पुसाम ने बताया कि मुझे जिला कलेक्टर के निर्देश वाला पत्र कल मिला इसमें भारी वाहन गायत्री मंदिर और छोटे वाहन शिवधाम से निकालने के लिए कहा गया है। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है वाहन संचालको को कोई इसकी जानकारी अभी नहीं है जिन्हें बताने का प्रयास है और रोकने के लिए बैरिकेड़ लगा रहे हैं। कल पत्र मिला है आज से प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है यह रोड़ पंचायत की है बहुत ज्यादा खराब हो गई है। यह जो क्षतिग्रस्त रोड़ है उसके लिए भी आवेदन दिया जाएगा की शासन मुआवजे के रूप में पंचायत को फंड दे ताकि यह सड़क का निर्माण कर सके।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित विभाग को पत्र जारी कर दिया गया है। अतिक्रमण हटाने व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है रोड़ सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

**राजीव रंजन पांडे**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी**

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है इस संबंध में एसडीएम कार्यालय का एक पत्र मिला था। जिसके आधार पर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गायत्री मंदिर रोड़ के प्रारंभ में वारा चौक पर एक पीपल का पेड़ है जिससे समस्या थी तो उसे हटाने का कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक को व्यवस्थित कर रहे हैं वहीं पुल के दोनों तरफ सड़क बनाने का प्रयास है और इसी के साथ जो गिट्टी और मिट्टी के ढेर है उसे भी हटाने का कार्य किया जा रहा है।

**अर्जुन सनोडिया**
**अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग बालाघाट**

## खिताबी मुकाबला अंतिम गेंद तक खेलना यही खेल की पहचान होती है-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देंवगांव में ग्रामीण टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की आज का फाईनल मुकाबला यादगार रहा। एक अच्छा फाईनल मैच देखने को मिला है इस मैदान में खिताबी मुकाबला अंतिम गेंद तक खेला गया है और यही खेल की पहचान भी होती है। जीत हार के लिये संघर्ष को देखकर प्रतित हुआ की हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है। हमने सदैव खेल व खिलाडीयों को प्रोत्साहित किया है। वारासिवनी में इंडोर स्टेडियम के बाद हम अब लैदर बाल क्रिकेट के अभ्यास के लिये वारासिवनी में महानगरो की तरह टर्फ मैदान भी बनाने जा रहे है। देंवगांव में फाइनल मुकाबला मंगोली व देंवगांव की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें देंवगांव ने ८ ओवरो में १०८ रन का लक्ष्य प्रदान किया। लक्ष्य का पीछा करते हुये मंगोली की युवा टीम संघर्ष के बाद आखिर ९८ रन बनाकर आउट हो गयी। और यह रोमांचक मुकाबला देंवगांव ने अंतत १० रन से जीत लिया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, शैलेन्द्र तिवारी, अमित येरपूडे, मोनू लिमजे, विकास चुरहे, चित्रसेन बिसेन, राजकुमार कावरे, विकास सहारे, अविनाश रकसिया, अंकित कावरे, राहुल रकसिया, शिवम कुमार, हर्षित बिसेन, कैलाश कुमार, शुभम पटले, कपिल रामटेके, सहेजलाल पंचेश्वर, गुडडू सहारे, कपिल राउत मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदीप जायसवाल के हस्ते विजयी टीम को १६००० हजार रूपये व उपविजेता टीम को ८००० रूपये व चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई।



## महाविद्यालय में गणित दिवस पर हुये विविध आयोजन






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष मिथिलेश्वरी घोरमारे के नेतृत्व में १७ एवं १८ दिसंबर २०२४ को गणित दिवस का आयोजन इंदिरा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश्वरी घोरमारे के द्वारा किया गया। इसके पश्चात् मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. सरिता कोल्हेकर के द्वारा गणित विषय का महत्व बताया गया एवं प्रभारी डॉ एस एस गेडाम के द्वारा गणित विषय का अनुप्रयोग बताया गया। मिथिलेश्वरी घोरमारे के द्वारा कार्यक्रम की २ दिवसीय रूपरेखा का वाचन किया गया तथा प्राचार्य के द्वारा गणित विषय के प्राचीन एवं वर्तमान महत्व को समझाया गया। चलचित्र के माध्यम से श्री निवास रामानुजन के जीवन को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में छात्र/छात्राओं के द्वारा विविध प्रतियोगिता रंगोली गणित पर मुक्त चित्रण एवं पोस्टर भारतीय गणितज्ञों का योगदान विषय पर आधारित रहे। जिसमें रंगोली में प्रथम स्थान पर वंशिका मेश्राम, द्वितीय स्थान पर पूनम मानकर एवं तृतीय स्थान पर तृप्ति गजभिये रही। पोस्टर में प्रथम स्थान गंगा मेंश्राम, द्वितीय स्थान खुशी पात्रे एवं तृतीय स्थान पर पूनम मानकर रही। गणित दिवस के द्वितीय दिवस में विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपरत्ना मासुरकर एवं डॉ. एस के मासुरकर शासकीय पीजी महाविद्यालय बैहर की उपस्थिति में प्राचार्य के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र/छात्राओं के द्वारा भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय भारतीय ज्ञान परम्परा में गणित का योगदान पर आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची रंगारे, द्वितीय स्थान बेबी राउत एवं तृतीय स्थान पूजा सोनवाने ने प्राप्त किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपरत्ना मासुरकर के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गणित के उपयोग को समझाया गया। गणित को प्रकृति से जोड़ कर बताया, गणित विषय का व्यवहारिक मूल्य, सामाजिक मूल्य, व्यवसायिक मूल्य एवं गणित को विज्ञान एवं वैदिक के रूप में समझाया गया। इसके पश्चात् द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. एस के मासुरकर के द्वारा वाणिज्य में गणित के अनुप्रयोग को समझाया गया तथा गणित के बेसिक ज्ञान पर जोर दिया गया। इस दौरान हेमन्त मण्डाले, डॉ. प्रवीण पन्द्रे, डॉ. रक्षा निकोसे, तृप्ति सोनवे, हेमन्त गणवीर, पूर्णिमा कुमरे, श्रीमती सरिता नागवंशी, डी एल एड़े सहित महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद में दिव्यांगजन शिविर का हुआ आयोजन

### सरकार की महत्वपूर्ण योजना का आज जनता को मिल रहा लाभ - प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत भवन में सामाजिक न्याय विभाग एवं आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के तत्वाधान में १९ दिसंबर को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात शिविर का प्रारंभ किया गया जिसमें क्षेत्र से पहुंचे दिव्यांग लोगों के द्वारा अपनी समस्या से संबंधित डॉक्टर के कक्ष में जाकर जांच करवायी गई। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर में विकासखण्ड के २६४ दिव्यांगजनों ने पंजीयन करवाया गया। जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण कर प्रमाण पत्र के लिए चिहिन्त किया गया। जिसमें श्रवणबाधित १०, दृष्टिबाधित १५, अस्थिबाधित ७६, मानसिक बहुदिव्यांग ३६ इस प्रकार १३७ दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र के लिए चिन्हांकित किया गया है जिन्हे दिव्यांगता का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि जनता को लाभ देने सभी जानकारियां सरकार के पास होनी चाहिए। इसके लिए इस प्रकार की आयोजन लगातार किए जाते हैं। इस शिविर के माध्यम से आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा और जो भी आपको सुविधा मिलने वाली है वह देने का प्रयास रहेगा। जिसके लिए शिविर में विशेषज्ञों की टीम आई हुई है जिनके द्वारा दिव्यांगता की जांच की जाएगी और जिसको भी जिस प्रकार की दिव्यांगता है वह अपने संबंधित डॉक्टर से चेक करवा सकता हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर यह आयोजन आपको लाभ देने के लिए किया गया है ताकि आप अपने अधिकारों से वंचित ना हो इसीलिए यह शिविर लगाए जाते हैं जहां पर दिव्यांग का प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। वहीं पहले से जिनके पास प्रमाण पत्र है उनके नवीनीकरण का भी कार्य किया जा रहा है ताकि आने वाली हर सुविधा आपको मिल सके। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और जिस प्रकार से आपकी उपस्थिति है इसकी हम सभी को खुशी है की अधिक से अधिक लोग यहां पर आए हुए हैं जो शासन की योजना से लाभान्वित होंगे।




## समाज सेवी राजेश पाठक के मुख्य आतिथ्य में आज होगी मैराथन दौड़



खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद मुख्यालय में लगातार चार सालो से आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ का पांचवे वर्ष में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुरुष वर्ग के लिए १२ किलोमीटर और महिला वर्ग के लिए ५ किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन में पांच सौ से अधिक प्रतिभागी भाग लेने जा रहे है। उक्त मैराथन का आयोजन आद्विक मैराथन समिति व समृद्ध महाकौशल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस बार यह मैराथन का पांचवा संस्करण होगा। इस मैराथन दौड़ में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने पर विश्वास करने वाले हर वर्ग और उम्र के लोग इस संस्थान से जुड़ने और प्रतियोगिता में शामिल होने की बात आयोजको के द्वारा बताई जा रही है। आयोजन के संबंध में दुर्गाप्रसाद लिल्हारे ने बताया कि यह मैराथन दौड़ जनपद पंचायत खैरलांजी से २० दिसम्बर की सुबह ७ बजे महिला व पुरुष वर्ग की अलग अलग प्रारंभ होगी। जो खैरलांजी के जनपद पंचायत मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए गांधी चौक से ग्राम पंचायत खुरसीपार, चिचटोला और ग्राम पंचायत नवेगांव ख से खैरलांजी तक १२ किमी की दूरी के साथ आयोजित की जा रही है। श्री लिल्हारे ने बताया कि बच्चों के बौद्धिक शारीरिक विकास एवं स्वस्थ समाज निर्माण के उद्देश्य से मैराथन दौड़ में बिना शुल्क के प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन के साथ भाग ले रहे है। सुबह ७ बजे मैराथन दौड़ को समिति के वालंटियरों की निगरानी में समाज सेवी राजेश पाठक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जायेगी। मैराथन दौड़ के समापन पश्चात सभी प्रतिभागियों को आयोजन के बीच अतिथियों के द्वारा शिल्ड मैडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। व मैराथन दौड़ में शामिल विजेताओं को नगद पुरस्कार भी भेंट किया जाएगा। श्री लिल्हारे ने बताया कि मैराथन दौड़ में शामिल पुरुष विजेताओं को प्रथम १२००० रुपये की राशि नगद भेंट की जाएगी। जिसमेंक्रमश ८००१, ५००१, ३००१,२००१ व ६वें से ११ तक स्थान वाले विजेताओं को १००१रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। वंही महिला वर्ग की ५ किमी विजेताओं को क्रमश:७००१ रूपये,५००१,३००१,२००१, १००१ एवं ६ वें से ११ तक स्थान के लिए ५०१रुपयें की राशि के साथ पुरस्कृत किया जाएगा।

# राजनीति और 'ईवीएम' का मसला

हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में लगातार हार के बाद, कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में अपनी चिंताओं को लेकर रफ्तार पकड़ ली है। चुनावों की विश्वसनीयता से जुड़े कई मुद्दे हैं जिन पर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को खुद को पाक-साफ साबित करना है, लेकिन ईवीएम के साथ छेड़छाड़ होने का जोखिम उनमें शामिल नहीं है। कांग्रेस गलत जगह निशाना साध रही है ङ्क वह भी चयनात्मक ढंग से और केवल अपनी हार होने पर। उसके कुछ पार्टी नेताओं ने सार्वजनिक रूप से यह विचार प्रकट किया है कि दूर से या प्री-प्रोग्रामिंग के जरिए मशीन में हेराफेरी के जोखिम का कोई सबूत नहीं है। कम-से-कम दो विपक्षी नेताओं, एनसी नेता व जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने इन आरोपों से दूरी बना ली है। यह मान लेना कि एक व्यापक षड्यंत्र के तहत ईवीएम में इतने विस्तारपूर्वक और सटीकता से हेराफेरी की जाती है कि भाजपा कुछ राज्यों में जीतती है और कुछ अन्य में हारती है, तर्कसंगत नहीं है। आखिरकार, भाजपा साल 2024 के आम चुनाव में बहुमत से चूक गयी। इतना ही नहीं, ये सभी नतीजे (खासकर हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के) चुनाव में भूमिका निभाने वाले सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों से बखूबी समझ में आते हैं।

बार-बार ईवीएम में हेराफेरी का भूत खड़ा करने से, चुनाव की विश्वसनीयता से जुड़े असली और गंभीर सवालों की अनदेखी हो रही है। इनमें से एक है, ऐसे बूथों में ईवीएम की पुराने जमाने वाली मैनुअल कैप्चरिंग की आशंका जहां एक पार्टी का दबदबा हो और विरोधियों के पोलिंग एजेंट मौजूद न हों। यह मतदान के आखिरी घंटों में कई जगहों पर भारी मतदान को लेकर उठे सवालों की पृष्ठभूमि में प्रासंगिक है। निर्वाचन आयोग इस ट्रेंड को अभी तक संतोषजनक ढंग से समझा नहीं पाया है। बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम जोड़ना और हटाना अब एक पैटर्न बन गया है, और ऐसा लगता है कि आयोग इसे बेझिझक जारी रखेगा। अब दिल्ली में चुनाव होने हैं और वहां चयनात्मक ढंग से मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाने की बात सामने आयी है। उत्तर प्रदेश के उप-चुनावों में, भाजपा के खिलाफ वोट डालने की संभावना वाले मतदाताओं को रोकने वाली पक्षपाती पुलिस कार्रवाइयां विवादास्पद रही हैं। चुनाव कार्यक्रम का निर्धारण एक और गंभीर मुद्दा है जिसके बारे में निर्वाचन आयोग पारदर्शी नहीं रहा है। जो देश सारे चुनाव एक बार में कराने की तैयारी कर रहा है, वहां आयोग ने तीन हालिया विधानसभा चुनाव दो बार में कराये और इकलौती पार्टी भाजपा है जिसे इसका लाभ मिला। जैसा कि जाहिर है, इन मुद्दों में से कुछ स्थानीय हैं, कुछ भाजपा और विपक्ष के बीच क्षमता के भारी अंतर से संबंधित हैं, जबकि कुछ अन्य सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग के पाले में हैं। विपक्ष को चुनाव की विश्वसनीयता से जुड़े असली सवालों पर फोकस करने की जरूरत है, और ईवीएम के हौए को ध्यान नहीं भटकाने देना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा थोड़ा सा जो बहके हैं

देश केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमितशाह द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में की गयी कथित टिप्पणी को लेकर खामखां परेशान है, शाह का इस्तीफा मांग रहा है। अरे देश को तो खासतौर पार आंबेडकर वादियों को तो अमितशाह और उनकी सरकार की जय-जय करना चाहिए ,की उन्होंने जितना डॉ भीमव आंबेडकर के लिए किया उतना देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने नहीं किया। हमारे अमित भाई तो सपने में भी डॉ आम्बेडकर का अपमान नहीं कर सकते । वे तो डॉ आंबेडकर को मोदी से बड़ा नेता मानते हैं शायद !

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर को न मैंने देखा है और न माननीय अमित शाह साहब न। जब मैंने नहीं देखा तो शाह साहब डॉ अम्बेडकर को कैसे देख सकते है। वे मुझसे पांच साल छोटे हैं और डॉ अम्बेडकर हमारे जन्म से तीन साल पहले ही दिवंगत हो गए थे । शाह साहब तो डॉ आंबेडकर के निधन के 8 या 9 साल बाद इस धराधाम पर आये। उन्हें डॉ अम्वेडकर के बारे में उतना ही ज्ञान है जितना संघ की शाखाओ में प्रबोधनों के जरिये उन्हें मिला। फिर भी मुझे यकीन है कि उन्होंने डॉ आंबेडकर के बारे में कम से कम मुझसे तो ज्यादा पढ़ा ही होगा। तभी तो वे डॉ अम्बेदककार का नाम संसद में बार-बार लिए जाने से भड़क गए।

हकीकत ये है कि अमित साह साहब के कानों को केवल मोदी-मोदी की मंगल ध्वनि सुनने की आदत है इसलिए वे कोई दूसरानाम सुन ही नहीं सकते । बर्दाश्त कर ही नहीं सकते, इसीलिए जब बार-बार डॉ अम्बेडकर का नाम लिया गया तो उनके सब्र का बांध टूट गया और वे कह बैठे की - अभी एक फैशन हो गया है. अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता है. अमित शाह साहब ने ये शब्द गुस्से में कहे या प्रेम से कहे इसका तो हमें पता नहीं लेकिन जब उनका ये कथन वायरल हुआ और देशव्यापी प्रतिक्रियाएं आने लग्न तो पूरी भाजपा के अधोवस्त्र पीतांबर होने लगे। बेचारी पीआईबी फैक्ट चेक को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह के भाषण का क्लिप्ड और फुल वीडियो शेयर



करना पड़ा और सफाई देना पड़ी की जानबूझकर शाह साहब के भाषण को काट-छांटकर दिखाया जा रहा है।

अब पीआईबी कहती है तो देश को मान लेना चाहिए की हमारे सम्माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साहब के साथ अन्याय हुआ ह। उन्होंने तो डॉ आंबेडकर जी के प्रति कुछ कहा ही नही। उनके निशाने पर तो भाजपा और संघ के जन्मजात शत्रु पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। लोकसभा में नेहरू को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने गरियाया और बाकी की कसर अमित शाह साहब ने पूरी कर दी। भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि विपक्ष अमित शाह के पूरे भाषण को छिपा रहा है और एक छोटे हिस्से को काटकर गलत तरीके से फैला रहा है। चलिए मन लेते हैं की विपक्ष ही इस समूची हरकत के पीछे ह। लेकिन सरकार ये तो बताये की उसने दस साल छह महीने में अम्बेडकरवादियों के कयलन के लिए क्या किया ?

अमित शाह तो दरअसल पूरे वीडियो में ये कह रहे हैं की -अ हमें तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं. अंबेडकर का नाम अभी 100 बार ज्यादा लो परंतु साथ अपने अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये मैं बताता हूं ? उन्होंने आँखें नचाकर अपने अंदाज में कहा की-अंबेडकर जी ने देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों दे दिया? अंबेडकर जी ने कई बार कहा कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों से हुए व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं. सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और आर्टिकल 370 से मैं असहमत हूं इसलिए मैं मंत्रिमंडल छोड़ना चाहता हूं. उन्हें आश्वासन दिया गया। आश्वासन पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने इग्नोरेंस के चलते इस्तीफा दे दिया.। यानि अमित शाह साहब ये साबित करना चाहते थे की डॉ अम्बेडकर अजन्मी भाजपा और दिवागत हो चुकी जनसंघ के अलावा राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ की तरह पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के विरोधी थे।

अपनी लम्बी और कर्कश जबान की वजह से आलोचनाओं का शिकार हुए अमित शाह अब कहते फिर रहे हैं कि अंबेडकर जी के स्मारक तब बने जब भारतीय जनता पार्टी केंद्र में आई। मऊ में अंबेडकर जी के जन्म स्थान में स्मारक बना. लंदन में जहां अध्ययन करते थे वहां स्मारक बना, नागपुर में शिक्षा-दीक्षा ली वहां स्मारक बना, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल पर बना और मुंबई में चैत्य भूमि में भी बन रहा है। शाह साहब का दावा है की हमने पंचतीर्थ बनाए हैं। उन्होंने कहा की मान्यवर मैं मानता हूं कि अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलना नहीं और वोट के लिए उनकी गुहार लगा देना. 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया हमने. 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया, उस वक्त भी इसका विरोध कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया.।

डॉ अम्बेडकर ने जिस समाज के लिए लड़ाई लड़ी उस समाज के ऊपर देश्शभर की डबल इंजिन की सरकारों के क्षेत्रों में क़ानून और व्यवस्था के साथ ही दलित, पीड़ित और आदिवासियों के मुद्दों पर जिस तरीके से काम हो रहा है वो किसी से छिपा नहीं है। डॉ अंबेडकर को मानने वाले जानते हैं कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने डॉ अम्बेडकर के समर्थकों के लिए कितना किया और भाजपा ने कितना किया । संसद के शीत सत्र का हासिल इसी तरह के विवाद रहे है।संसद के इस सत्र का आगाज भी 25 नम्बंर को हंगामे के साथ हुआ था और समापन भी हंगामे के साथ ही हुआ है। दोनों का श्रेय सीधे-सीधे भारत की सरकार को दिया जा सकता है। देश कि अम्बेडकर वादियों को उतनी ही गंभीरता से अपने अंक से लगना चाहिए जो कि आमीन ,

**- राकेश अचल**

# मुंबई में हादसा का जिम्मेदारी किसकी

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट हादसे का शिकार हो गई जो एक दूसरे से टकरा गई और नाव में 80 यात्री सवार थे. घटना 18 दिसंबर को 3 बजकर 55 मिनट पर हुई. हादसे के बाद 13लोगों की मौत हो गई और तीन लोग अभी लापता हैं और 101 लोग अस्पताल में भर्ती है ऐ प्रशासन की लापरवाही है ना तो क़ोई लाइफ जैकट पहनता था पहने भी तो कैसे दिया जाता ही नहीं जिसकी जाँच करनी चाहिए आखिर लाइफ जैकट इतने गहरे समुद्र में क्यों नहीं अनिवार्य किया जाता है जबकी तालाबों में लाइफ जैकट मिलता है यदि तालाब में नहीं भी मिले तो जान बचाया जा सकता है लेकिन इतना गहरा समुद्र में डूब कर कहाँ जायेगा ऐ बताना मुश्किल है कोस्ट गार्ड के जवान तो ऊपर चक्कर मारते हैं लेकिन डूबने में जब तक बचाने आएंगे तब तक देर हो जाती है जो यात्री सवार थे क्या लाइफ जैकेट पहने थे नहीं तो ऐ प्रशासन की लापरवाही है लाइफ़जैकेट, जिसे पर्सनल फ्लोटेशन डिवाइस (क्क्नष्ठ) या बाउंसी वेस्ट के नाम से भी जाना जाता है, उपयोगकर्ता को पानी में तैरता हुआ रखेगा, जिससे उसके बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह आपातकालीन स्थिति में आपकी जान बचा सकता है, जिससे आपको बचाए जाने के लिए अधिक समय मिल सकता है अत: मैं भी एक बार गया था देखा छोटी बोट भी चलती है और क़ोई लाइफ जैकेट भी नहीं था जान से इस तरह खेलवाड़ करना लापरवाही है कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है।

चूँकि महासागर एक बड़ा स्थान है और इसका अध्ययन करना कठिन है, इसलिए यदि आप कहीं कहीं महासागर की गहराई का पता लगाना मुश्किल हैं, तो आपको कई तरह के परिणाम मिल सकते हैं।

3,682 मीटर (12,080 फीट) की औसत महासागर गहराई का सबसे हालिया अनुमान 2010 में ह्ढ्ढ और वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों द्वारा उपग्रह माप का उपयोग करके गणना की गई थी। इन मापों से पता चला कि समुद्र तल पहले से ज्ञात की तुलना में बहुत अधिक ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी है और इसके परिणामस्वरूप औसत महासागर की गहराई पहले की गणना की गई गहराई से कम है।

जबकि उपग्रह मापों ने समुद्र की गहराई के बारे में पहले से बेहतर अनुमान दिया है, समुद्र तल को मापने के बजाय, उपग्रह वास्तव में समुद्र की सतह को देखते हैं और समुद्र तल पर पहाड़ जैसी विशेषताओं पर परिवर्तनों का पता लगाते हैं। इसलिए वैज्ञानिकों को समुद्र तल की जो तस्वीर मिलती है वह बिल्कुल सही नहीं होती और उसका रिज़ॉल्यूशन भी बहुत अच्छा नहीं होता।

कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है।

चूँकि महासागर एक बड़ा स्थान है और इसका अध्ययन करना कठिन है, इसलिए यदि आप कहीं कहीं महासागर की गहराई का पता लगाना मुश्किल हैं, तो आपको कई तरह के परिणाम मिल सकते हैं।

3,682 मीटर (12,080 फीट) की औसत महासागर गहराई का सबसे हालिया अनुमान 2010 में ह्ढ्ढ और वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों द्वारा उपग्रह माप का उपयोग करके गणना की गई थी। इन मापों से पता चला कि समुद्र तल पहले से ज्ञात की तुलना में बहुत अधिक ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी है और इसके परिणामस्वरूप औसत महासागर की गहराई पहले की गणना की गई गहराई से कम है।

जबकि उपग्रह मापों ने समुद्र की गहराई के बारे में पहले से बेहतर अनुमान दिया है, समुद्र तल को मापने के बजाय, उपग्रह वास्तव में समुद्र की सतह को देखते हैं और समुद्र तल पर पहाड़ जैसी विशेषताओं पर परिवर्तनों का पता लगाते हैं। इसलिए वैज्ञानिकों को समुद्र तल की जो तस्वीर मिलती है वह बिल्कुल सही नहीं होती और उसका रिज़ॉल्यूशन भी बहुत अच्छा नहीं होता है ऐसे में प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत है समुद्र से खेलवाड़ करना खतरे से खाली नहीं है अत: वहाँ पानी में उतरने वाले भी कभी कभी समुद्र की लहरे खींच लेती हैं अत: इन जगहों पर प्रशासन को ध्यान देने की जरुरत है।

**- संजय गोस्वामी**

# समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें

लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 卐संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।卐 अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर



निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। नेल्सन मंडेला ने कहा है कि हमारी मानवीय करुणा हमें एक दूसरे से जोड़ती है-दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे मानव के रूप में जिसने सीख लिया है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य के लिए आशा में बदला जाए।

आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दु:ख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, युद्ध की विभीषिकाएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में दुनिया भर के लोगों की एकता, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है। इस दिन को मनाकर मानव को एकजुटता में रखकर एक साथ काम करने और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने का संदेश दिया जाता है।

सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषत: दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दु:ख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

**- ललित गर्ग**

# वर्तमान परिदृश्य में एक देश एक चुनाव संभव नहीं

वर्तमान केन्द्रीय सरकार ने चुनावी खर्च को कम करने एवं देश में बार बार होने वाले चुनाव से अत्यधिक अनावश्यक खर्च को रोकने हेतु एक देश एक चुनाव कराने संबंधित बिल संसद में पेश कर दिया जो विपक्ष के भारी विरोध के वाबजूद बहुमत से पारित भी हो गया। इस बिल को सरकार द्वारा जेपीसी के पास व्यापक विचार-विमर्श के लिए भेजा जायेगा। इस बिल को लेकर सत्ता पक्ष देश हित में बता रहा है तो विपक्ष बुनियादी ढांचे पर हमला, तानाशाही की ओर ले जाने वाला कदम बता रहा है। जो भी हो, सब अपने - अपने हित की बात सोचकर इस बिल को लेकर तर्क दिए जा रहे है। देश में चुनाव को लेकर इस तरह की परिस्थिति क्यों पनपी, उस परिस्थिति को कैसे दूर किया जाय इस दिशा में किसी का भी कोई सकारात्मक दृष्टिकोण नजर नहीं दिखाई दे रहा है। जब कि वर्तमान सरकार भी अच्छी तरह जानती है कि देश में बदले आज के स्वार्थपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य जहां आया राम गया राम की कहानी प्रमुख है जिसके चलते सरकार अस्थिर होती रही है, एक देश एक चुनाव कतई संभव नहीं , फिर भी इस प्रक्रिया में सक्रियता दिखाई रही है।

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** लेवाली कमजोर पड़ने से गुरूवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। तुअर, उड़द में लटक रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसो में व्यापार कमजोर ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चनू में लेवाली ठंडी रहने से भावों में मंदी आयी। चना घटकर 6650-6700 रू. प्रति क्विटल पर आ गया। तुअर, उड़द में लटक रही। खाद्य तेलों में कामकाज ठंडा-ठंडा ही रहा। सरसो व रायडा पूर्वस्तर पर बना रहा। उधर, किराना जिंसों में कामकाज की मात्रा सामान्य ही रही। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना**- शक्कर 3710-3750, खोपरा गोला 175-225, खोपरा बूरा 3400-5600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 4900-5050, मीडियम 5100-5200, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 110-120, मीडियम 190-250, बेस्ट 285-310, सौंफ बारिक 200-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, बेस्ट 750-760, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1800-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 750-780, बेस्ट 780-820, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1475, बेस्ट 1550-1675, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750 -800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2150-2200, (160) 2350-2400, (200) 2500-2550, (250) 2650-2700

**तेल**-सींगदाना 1440-1460, मुम्बई 1470, राजकोट तेलिया 2280, सोया साल्वेंट 1150-1155, सोया रिफाइंड 1205-1210, कपास्या 1170-1175, धूलिया 1180, कड़ी 1180,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1400, मुम्बई पाम 1350, मुम्बई सोया 1240,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1800, देवास-उज्जैन 1800, खंडवा-बुरहानपुर 1775, अकोला 2690 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 5900-5950, एवरेज 5700-5800, रायडा 5700-5800, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6650-6700, एवरेज 6450-6500, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, नई तुअर 7000-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9400-9600, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8200-8300, मीडियम 8400-8500, बोल्ड 8600-8700, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, बेस्ट 7700-7900, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9300-9500, मूंग मोगर 9800-9900, बोल्ड 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 3100-3150, (147) 2900-3000, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2975-3000, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2375-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा**- इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 250 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

इन्दौर। गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज ठंडा-ठंडा ही रहा। विदेशी बाजारों में बनी जोरदार मंदी से स्थानीय बाजार भी मंदी की गिरफ्त में रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 89000, चॉंदी (99) 88900, टंच 88800, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 77900,

# सोना 1,029 गिरकर 75,629 पर आया

नई दिल्ली। फेडरल रिजर्व के ब्याज में कटौती से सोने-चांदी के दाम में आज यानी 19 दिसंबर को बड़ी गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,029 रुपए गिरकर 75,629 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,658 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी का भाव भी 2,214 रुपए कम होकर 86,846 रुपए पर आ गया है। कल चांदी 89,060 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।




मेष- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक मामलों में पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आपको मिलने का मौका मिलेगा। भाई-बहनों को आपका पूरा साथ मिलेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके जीवनसाथी से बातचीत करते समय अपनी ईगो बीच में नहीं लानी है, नहीं तो यह आपके बीच लड़ाई-झगड़े की वजह बन सकती है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए धार्मिक गतिविधियों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। रचनात्मक शैली बेहतर रहेगी। विद्यार्थियों के प्रयास बेहतर रहेंगे। आप आवेश में आकर यदि कोई निर्णय लेंगे, तो इससे समस्या आ सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आर्थिक मामलों में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपने यदि क्रिगसी अजनबी पर भरोसा किया था, तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। जल्दबाजी में यदि आपने कोई निर्णय लिया, तो इससे काम को करने में समस्या आएगी। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। आपको कामों को लेकर बेवजह भागदौड़ लगी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपके कामों में कुछ व्यवधान आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको कोई गले से संबंधित समस्या हो सकती है। माता-पिता आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। गवर्नमेंट सेक्टर से जुड़े लोगों को कोई बड़ा टेंडर मिलने की संभावना है। आप किसी नए मकान या दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई बड़ा रिस्क सोच समझकर लेना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको कोई निवेश सोच समझकर करना होगा। आपके कामों में अधिकता रहने के कारण आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से किसी बेवजह की नोंकझोक में नहीं पड़ना है, नहीं तो इसका असर आपके रिश्ते पर पड़ेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। कारोबार में आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपकी कार्य क्षमता बढ़ने से आपको खुशी होगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपने यदि अपने बिजनेस में कोई बदलाव किया, तो इसे बाद में आपको समस्या हो सकती है। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपके मन में आएगा कि किसी बात को लेकर कोई विचारधारा बदलनी पड़ सकती है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपके स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था तो उसे आपको वापस देना पड़ सकता है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में बेवजह ना बोलें। भाग्यशाली व्यक्तियों से आपकी मुलाकात होगी। धार्मिक कार्यों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और परिवार के बुजुर्ग आपको कोई उचित मार्गदर्शन दे सकते हैं, जिस पर चलकर आपको अच्छे लाभ मिलेंगे। किसी काम को लेकर आपको योजना बनाकर चलनी होगी। कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था तो वह भी पूरा हो सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। व्यवसाय में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में यदि आपने किसी अजनबी पर भरोसा किया तो वह आपको धोखा दे सकता है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपकी कार्यक्षमता भी बेहतर रहेगी। आपकी सेहत से जुड़े कोई समस्या यदि आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। आप जल्दबाजी में कोई काम करने से बचें। घर परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। यदि आपका धन को लेकर कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आप विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। आपको अपनी जीवनसाथी से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

## शब्दजाल - 7755

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | ह | दा | प | उ | ड़ी | सा | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | मो | ल | ब्ब | तें | शा | अ |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ज | ढ | र | ला | ब |
| ज | कु | उ | ल | बे | ला | लू | उ | त | रा | ना |
| स | ति | श | द | व | दा | ल | उ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | चु | बि | लि | र्त | क्ष | दा | प | च |
| जो | उ | ल | के | गा | ला | म | उ | कौ | र | ले |
| श | ता | जीं | स | त | क | व | क | ग | श | ता |
| म | व | भि | न | व | न | ज | सा | शा | जू | द |
| द | ला | म | ह | उ | ठ | ना | स | प | ना | |
| थो | औ | र | प्या | र | उ | ल | झ | न | र | क |

शब्दजाल में 'उ' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

उकसाना, उतावला, उलझन, उठ्ना, उजाला, उड़ीसा, उलजलूल, उतराना, उदबिलाव, उदारता

### शब्दजाल - 7754 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6699

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली - 6698

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | जा | म | ■ | जै | ■ | बा | द | शा | ह |
| गा | ■ | न | म | की | न | ■ | म | ■ | म |
| रे | खा | ■ | ह्म | ■ | गी | त | ■ | ही | रा |
| ■ | मो | ह | रा | ■ | ना | रा | ज | ■ | ज |
| ■ | शी | ■ | जा | नू | ■ | जू | ■ | फ | ■ |
| स | ■ | गो | ■ | त | ब्बू | ■ | दो | रा | स्ते |
| ती | स | रा | कौ | न | ■ | बा | ■ | र | ■ |
| श्र | ■ | ■ | न | ■ | जं | जी | र | ■ | घा |
| शा | र | दा | ■ | जं | ग | ■ | क्ष | त्रि | य |
| ह | ■ | सी | मा | ■ | ल | ■ | क | ■ | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.17 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 08.26 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.13 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.45 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.16 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 14.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.54 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.24 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.36 बजे से |
| 10.30 से | | तुला | 01.46 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 04.01 ब.से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 355 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 10.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 03.47 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 18.11 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 10.49 बजे तदनन्तर गर 23.30 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872199 **जूलियन दिन** 2460664.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः अच्छे और बुरे लोग

एक अजनबी मुसाफिर किसी गांव में पहुंचा। वहां उसने एक बुजुर्ग से सवाल किया, 'इस गांव के लोग कैसे हैं? क्या वे अच्छे हैं?' बुजुर्ग ने अजनबी के सवाल का सीधे जवाब नहीं दिया, उलटे एक सवाल कर दिया, 'तुम जहां से आए हो, वहां के लोग कैसे हैं?' अजनबी अत्यंत दुखी होकर बोला, 'मैं क्या बताऊं। मेरे गांव के लोग अत्यंत दुष्ट हैं, इसलिए मैं वह गांव छोड़कर आया हूं। लेकिन आप यह क्यों पूछ रहे हैं?' बुजुर्ग बोला, 'मैं भी दुखी हूं। इस गांव के लोग भी तुम्हारे ही गांव वालों जैसे हैं बल्कि उससे भी ज्यादा बुरे।' तभी एक और राहगीर आ गया। उसने भी बुजुर्ग से वही सवाल किया कि इस गांव के लोग कैसे हैं? बुजुर्ग ने फिर उलटा सवाल दाग दिया, 'तुम बताओ कि जहां से आए हो वहां के लोग कैसे हैं?' राहगीर के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उसने कहा, 'मेरे गांव के लोग इतने अच्छे हैं कि उन्हें याद करके ही सुख मिल रहा है।' उसकी आंखें गीली हो गईं। उसने कहा, 'मुझे गांव छोड़ने का दुख है। लेकिन रोजगार की तलाश यहां तक ले आई है। इसलिए पूछ रहा हूं कि यह गांव कैसा हैं?' बुजुर्ग ने कहा, 'दोस्त यह गांव भी वैसा ही है। यहां के लोग भी बहुत अच्छे हैं। वास्तव में मनुष्यों में भेद नहीं होता। जिनके संपर्क में हम आते हैं वे हमारी ही तरह हो जाते है। अच्छे के लिए अच्छे और बुरे के लिए बुरे। यह संसार एक दर्पण है जिसमें हमें अपनी ही छाया दिखाई देती है।'

## सूडोकु नवताल- 7008

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## शब्द पहेली - 8223

**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

### शब्द पहेली -8222 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | स | ■ | ■ |
| ■ | द | ■ | म | ■ | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | ■ | कि | रा | या | ■ | ह |
| ■ | म | र | ना | ■ | ये | ■ | रा | जी |
| प्र | ■ | स | म | झ | दा | र | ■ | ब |
| त्या | ग | ■ | क | ■ | र | स | ना | ■ |
| रो | ■ | ज | मा | त | ■ | म | म | ता |
| प | न | प | ना | ■ | चो | ■ | ची | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | अ | र | मा | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

मुम्बई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस अकों) की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच है। फेड ने हालांकि संकेत दिया है कि आगे ब्याज दरों में कटौती धीमी हो सकती है, जिससे निवेशक सतर्क हो गए हैं।

फेड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में केवल दो और बार कटौती की संभावना है, जबकि सितंबर में चार कटौती की उम्मीद जताई गई। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में भी गुरुवार को गिरावट दर्ज की गयी। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली के बाद आई। इस बीच, जापान मुख्य केन्द्र रहा, जहां बैंक ऑफ जापान ने अपनी दो-दिवसीय पॉलिसी बैठक समाप्त खत्म की और ब्याज दर 0.25 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया।

फेड के ब्याज दरों में कटौती के फैसले के बाद भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई है। फेडरल रिजर्व ने 2024 में तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व की कटौती के इस फैसले से वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता की लहर पैदा कर दी है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। जिससे भी निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों से पैसा निकालने की वजह से भी स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है।

इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट रही। इसी कारण सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 921.28 अंक करीब 1.15 फीसदी गिरावट के साथ 79,260.92 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 282.35 अंक तकरीबन 1.17 फीसदी नीचे आकर 23,916.50 अंक पर खुला।

निवेशकों को 5.94 लाख करोड़ का घाटा

इस गिरावट के बीच ही बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर 5.94 लाख करोड़ रुपये से घटकर 446.66 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और एचसीएल टेक के शेयर नीचे आये इसके अलावा एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अमेरिका में रेट से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयर 5 फीसदी नीचे आये। एलटीआईमाइंडट्री, एमफेसिस और विप्रो के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। इस बीच शेयर बाजार में उतारचढ़ाव के बीच ही इंडिया वीआई एक्स इंडेक्स 5 फीसदी उछलकर 14.37 पर पहुंच गया।

गौरतब है कि फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कमी की है।

# गोल्ड लोन मे रिकॉर्ड 56 फ़ीसदी की वृद्धि

मुंबई । देश में सोने पर लोन लेने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। पिछले 1 वर्ष में गोल्ड लोन मैं 56 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। होम लोन में 18 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।बाकी सभी सेक्टर में लोन लेने वालों की संख्या घटी है।केवल गोल्ड में कर्ज लेने वालों संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है।

प्रमुख 9 कैटेगरी में लोन के सबसे अधिक 56 फ़ीसदी की तेजी गोल्ड लोन में देखी गई है। इसके बाद 18 फ़ीसदी की वृद्धि हाउसिंग लोन में है।जो दूसरे नंबर पर है। पर्सनल लोन लेने वालों की संख्या 11 फ़ीसदी बढ़ी है। पिछले वर्ष 23 फ़ीसदी थी, जो अब घटकर 11 फ़ीसदी रह गई है। देश में जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।उसके बाद देश में लोन लेने का ट्रेंड भी तेजी के साथ बदल रहा है। भारत में 9 कैटेगरी में रिटेल लोन 47.8 फ़ीसदी,पर्सनल लोन 26.7 फ़ीसदी, व्हीकल लोन 11.7 फ़ीसदी, क्रेडिट कार्ड पर लोन 5.03 फीसदी, गोल्ड पर 2.9 फ़ीसदी,एजुकेशन लोन 2.5 फ़ीसदी,एफड़ी पर 2.4 फ़ीसदी लोन वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिया गया है।

# रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया

नई दिल्ली। रुपया गुरूवार को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर पहुंच गया है। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह 85.06 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर ओपन हुआ। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को डॉलर के मुकाबले रुपया 84.94 पर बंद हुआ था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह हाल ही में भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशकों के जरिए की जा रही बिकवाली है। इसके अलावा जिओ पॉलिटिकल टेंशन्स कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है।

### इंपोर्ट करना होगा महंगा

रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 85.06 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

# बेदखली के आदेश पर भूख हड़ताल पर बैठे 18 परिवारों से मिली पूर्व विधायक हिना कावरे

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर परिषद अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 5 जो कि कोटेश्वर धाम द्वार के समीप बसा हुआ है इनमे से लगभग 18 परिवारो को कार्यालय तहसीलदार लांजी के द्वारा बेदखली का आदेश जारी किया गया है 10 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार लिखित रकबा, सड़क मद भूमि पर आपके द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। अतः उक्त आदेशित किया जाता है कि आदेश प्राप्ति के 5 दिवस के भीतर अपना अवैध कब्जा हटा ले अथवा अवरोधी सामग्री को जप्त की कार्यवाही की जावेगी। बाधा नही हटाने पर छः माह की कालाअवधि के लिये सिविल कारावास की कार्यवाही हेतु वरिष्ठ न्यायालय की ओर प्रस्तावित किया जावेगा। नियत तिथी तक आपके द्वारा कब्जा ना हटाने पर प्रशासन के द्वारा कब्जा हटा दिया जायेगा। जिसकी व्यय की राशि की वसूली आपसे भू राजस्व बकाया के तौर पर वसूल किया जायेगा। यह आदेश सभी जनो को जारी किया गया है। जिसके फलस्वरूप 11 दिसंबर को उक्त 18 परिवार के सदस्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एसडीएम लांजी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि यह कार्यवाही अवैध है हम लोग विगत 40 वर्षो से यह निवासरत है और शासन प्रशासन आज कार्यवाही कर ही है जो कि न्याय संगत नही है। ग्रामीण जनों ने कहा है कि हम गरीब परिवार के लोग है पिछले 40 से 45 सालों से हमा यह इस भूमि पर निवास कर रहे है। शासन प्रशासन को हमे इस जमीन का पट्टा




दिया जाना चाहिये लेकिन शासन हमे बेदखल का आदेश जारी कर हटा रही है। इस ठण्ड के मौसम में हम पर अत्याचार किया जा रहा है जिसकी शासन प्रशासन ने सुध लेनी चाहिये, हम लोग यहां से नही हटेंगे अब इसके लिये हमे आंदोलन ही क्यों ना करना पड़े। जिन परिवारो को नोटिस जारी हुआ है उनमे अनिल खानोरकर, धरमलाल राऊत, हितेश नेवारे, धनराज पाण्डे, मो. जुनैद खान, तिलता नेवारे, फुलचर, प्रीति नेवारे, रमन राऊत, संतोष उइके, प्रहलाद तिवारी, हेमराज पन्द्रे, गणेश बारसागड़े, लक्ष्मी बाई चोरवाड़े, प्रमिला पन्द्रे, अंबिका बाई, रामकली बाई, सुनील खानोरकर आदि को नोटिस जारी हुआ है तथा इस दौरान वार्ड के अन्य लोग भी ज्ञापन सौंपने मे उपस्थित रहे।

### नोटिस प्राप्त होते ही भूख हड़ताल पर बैठे 18 परिवार

बेदखली का आदेश प्राप्त होते ही 18 परिवार के लोग एसडीएम कार्यालय के सामने 12 दिसंबर से भूखहड़ताल पर बैठे है और कहा कि जब तक शासन अपना आदेश वापस नही ले लेती तब तक हम भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वही इन परिवार के समर्थन में कांग्रेस भी सामने आई है। 19 दिसंबर पूर्व विधायक हिना कावरे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, पार्ष सौरभ मोनू पशीने, शरद आसटकर, मनीष जूझार, पूर्व पार्षद लीलाधर डोलस, जनपद सदस्य दिनेश लाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि समर्थन में आये है और कहा कि हम भूख हड़ताल कर रहे 18 परिवारो के साथ है इन परिवारो को हम बेदखल नही होने देंगे।

### इनका कहना है

19 दिसंबर को पूर्व विधायक हिना कावरे भूख हड़ताल स्थल पर पंहुचकर परिवार जनो का समर्थन करते हुये कहा कि लांजी वैसे भी बड़े और छोटे झाड़ का जंगल है, यहां कई सारे ऐसे लोग है जिनके पास खुद के रहने का मकान नहीं है, और काफी सालों से छोटे-मोटे मकान बनाकर रह रहे हैं। उनको कहीं पर विस्थापित नहीं किया जाएगा। मैं हमेशा उनके साथ खड़ी हूं। कुछ भी ऐसा होता है तो शासन पहले उनके लिए व्यवस्था करें फिर उनको यहां से हटाएं। किसी को परेशान करने के उद्देश्य से यह सब किया जा रहा होगा तो हम होने नहीं देंगे। हम हमेशा इनके साथ खड़े रहेंगे। शासन इस तरह से कार्रवाई करे की किसी का नुकसान न हो।

# लिंग आधारित हिंसा, समानता, असमानता, भेदभाव विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पाली एकेमिक इंस्टीट्यूशन, बिसोनी (लांजी) में राष्टीय अध्यापक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के आदेशानुसार लिंग आधारित हिंसा, असमानता, समानता, भेदभाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन छात्र अध्यापक



और छात्रा अध्यापिकाओं व समस्त प्राध्यापकों के बीच श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य टी. एस. बिहोने द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में लिंग हिंसा की रोकथाम कैसे किया जाए। लिंग हिंसा के कारण होनहार कम उम्र के विद्यार्थियों का नैतिक व चारित्रिक पतन यदा कदा देखा जाता है, इसका प्रमुख कारण है संस्कार व नैतिक मूल्यों की कमी का होना। हम अपने जीवनशैली में सकारात्मक हेतु बदलाव करे, जीवन के मूल उद्देश्य को समझे व उपयोगी कार्यों हेतु समयानुरूप इसका इस्तेमाल करे व नैतिकता व संस्कार जीवनशैली में वृद्धि करे तो लिंग हिंसा से बचा जा सकता है। प्रो. सी. एस. मेश्राम द्वारा लिंग समानता, लिंग भेदभाव से संबंधित विस्तृत चर्चा की व इससे होने वाले गुण दोषों का समस्त विद्यार्थियों के बीच अपने अनुभव साझा किये व अपने परिवेश मे लिंग हिंसा से निजात दिलाने व जागरूकता पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण उपाय बताए। समस्त सेमेस्टर के छात्र अध्यापक व छात्रा अध्यापिकाओ द्वारा लिंग हिंसा, लिंग समानताएं, असमानताएं थीम पर नुक्कड़ नाटक का मनोरम प्रस्तुतिया दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण टी. एस. बिहोने, सी. एस. मेश्राम, रामस्वरूप नगपूरे, बी. सी. पटले, उमेन्द्र नागभिड़े, खेमेन्द्र उमरे, बी. जे. लिल्हारे, अजित बोरकर, गौरव भंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, श्रीमति के. के. बड़गैया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# कृषि भूमि में बने बोर से सबमर्सिबल पंप चोरी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में खेत से मोटर पंप चोरी करने की घटनाऐं फिर से घटित होने लगी है मानो फिर से यह गिरोह सक्रिय हो गया है जो कि खेतो से मोटर पंप चोरी कर ले भागते है। मोटर पंप चोरी की घटना फिर से सामने आई है जिसमें पीड़ित युगल किशोर पिता सुनहर कलपुरे ग्राम भिमोड़ी थाना लांजी ने पुलिस थाना लांजी पंहुचकर चोरी के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें लेख किया है



कि मेरे कृषि निजी भूमि स्वामी भिमोड़ी की भूमि में स्थित बोर मे कृषि सिंचाई पंप मोटर 2 एचपी 10 स्टेज टर्बो कंपनी का पंप सिंचाई कार्य हेतु लगा हुआ था। जब मै 19 दिसंबर को अपने खेत गया और सिंचाई हेतु मोटर पंप प्रारंभ किया तो बोर में सबमर्सिबल पंप नही था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 18 दिसंबर की रात्रि में मेरे खेत मे लगी मोटर को चुरा लिया गया है। उक्त आवेदन पीड़ित के द्वारा पुलिस थाना लांजी में प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की गई है।

# लांजी क्षेत्र के 14 पंचायतों में स्वीकृत हुए नये पंचायत भवन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे लगातार क्षेत्र में विकास की गति को आगे बढा रहे है। क्षेत्र मे कई बडे पुल पुलिया सहित सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र की बात कहे या विधानसभा के प्रत्येक पंचायतो की विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है। विधायक राजकुमार कर्राहे के 1 वर्ष पूर्ण हो चुके है इन 1 वर्ष में भी सैकड़ो ऐसे कार्यो की स्वीकृति लाई गई है जो कि निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास सहायतार्थ है। इसी कड़ी में विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा लांजी विधानसभा क्षेत्र के अनेको पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत कराये गये है जिससे नवीन पंचायत भवन निर्माण होंगे और क्षेत्र के लोगो को इसका लाभ होगा।

### 14 पंचायतो में निर्मित होंगे नये पंचायत भवन

विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा लांजी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक पंचायत भवन स्वीकृत कराये गये है जो कि प्रत्येक पंचायत भवन लगभग 37.49 लाख की लागत से निर्मित होगा। मध्यप्रदेश शान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार ग्राम पंचायत के सम्मुख दर्शाये अनुसार ग्रामीण यांत्रीकी सेवा द्वारा जारी तकनीकि स्वीकृति के आधार पर नवीन पंचायत भव्रन निर्माण कार्य हेतु विभाग की योजना क्रमांक 4610 अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसुली के विरूद्ध अनुदान मद से 1199.68 लाख की प्रशासकिय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें की लांजी विधानसभा क्षेत्र की 14 पंचायतें जिनमें पाथरगांव, ककोड़ी, मिरीया, देवलगांव, बोथली, भुरसाडोंगरी, पौसेरा, कोचेवाही, सिहारी, सर्रा, कन्सुली, रमपुरा, कान्द्रीकला एवं साडरा में प्रत्येक भवन 37.49 लाख की प्रशासकिय स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्द ही उक्त



पंचायतो में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस संबध में विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि नवीन पंचायत भवनो के निर्माण से निश्चित रूप से क्षेत्र को लाभ मिलेगा मै माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मा. प्रहलाद पटेल जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ साथ ही आपने यह भी कहा कि लांजी एवं किरनापुर के और भी पंचायते है जहां पर नवीन पंचायत भवन जल्द ही स्वीकृत किये जायेंगे।

# बालभाऊ देवरस आवासीय विद्यालय कारंजा में विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कार वितरण





लांजी (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक परम पूज्यनीय बालासाहेब देवरस एवं श्रद्धेय भाऊराव देवरस विद्या भारती के आधसंरक्षक का जयंती समारोह पखवाड़ा देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से नाग दीपावली 6 दिसंबर तक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी भैया बहनों की सहभागिता रही। जयंती पखवाड़ा के समापन उपरांत 19 दिसम्बर को प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हेमराज ठाकरे समाजसेवी की अध्यक्षता में एवं एम एल महारवाड़े, पुनाराम बोपचे के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर हेमराज ठाकरे एवं पुनाराम बोपचे मलाजखंड निवासी द्वारा विद्यालय के लिए सीलिंग फैन हेतु राशि प्रदान की। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल, अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, कोषाध्यक्ष श्यामराव राखडे सहित समिति के समस्त सदस्यों ने बधाई प्रेषित की। अंत में प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे द्वारा अतिथियों का अंग वस्त्रों से स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य रविंद्र महारवाड़े, शिव प्रसाद लिल्हारे, उमेश निमजे, ऋषिकेश पगाड़े, ढाकचंद ठाकरे, टेकराम सोनकुसरे, खमेश टेंभरे सहित समस्त आचार्य परिवार की उपस्थित रही अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# दिघोरी पंचायत के बैंक खातों से आहरण पर रोक लगाने पंचों ने सौंपा ज्ञापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत दिघोरी के बैंक खातो से सरपंच सचिव किसी भी प्रकार का आहरण ना कर सके इस हेतु ग्रामीण जन शिकायत कर्ता के द्वारा एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंप कर रोक लगाने के लिये कहा गया है। हम ग्राम दिघोरी के पंच गण ग्राम वासी हमारे द्वारा 26 नवंबर को जन सुनवाई में शिकायत की गई थी कि वर्तमान सरपंच धन्नूलाल घोरमारे, सचिव चुनेन्द्र मरठे के कार्यकाल की जांच में 4 लाख 91 हजार 777 की अनियमितता पाई गई है वर्तमान सरपंच धन्नुलाल घोरमारे, सचिव चुनेन्द्र मरठे के विरूद्ध जांच दल द्वारा 7 दिसंबर 2024 को जांच रिपोर्ट में शासकीय राशि की भारी अनियमितता बरती गई है इसके बाद भी 11 दिसंबर को 18 हजार एवं 14 दिसंबर 2024 को 34 हजार कुल 52 हजार की राशि बगैर किसी बैठक प्रस्ताव के आहरण कर स्वयं को लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से बेखौफ होकर



शासकीय राशि का आहरण किया जा रहा है अतः ग्राम दिघोरी के पंचायत खातो से आहरण पर तत्काल रोक लगाने एवं सरपंच सचिव के विरूद्ध प्राथमिकी सूचना दर्ज की जाये। ज्ञापन सौंपने में सुभाष उरखेड़े, राजहंस मड़ामे, लेखचंद वाघाडे, पंच दशरिया, सुरेन्द्र मंसूरे, महेश धारने आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नेवरवही में 22 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता

लांजी (पद्मेश न्यूज)। वनांचल क्षेत्र के ग्राम नेवरवाही में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ 22 दिसंबर को राजकुमार कर्राहे विधायक, रमेश भटेरे पूर्व विधायक के मुख्यातिथ्य में एवं झामेंद्र टिकेश्वर सरपंच, निर्मला ओमकार मंडलवार पूर्व सरपंच, युवराज टिकेश्वर पुलिस पाटील, सानतनु टिकेश्वर ग्राम पटेल, रवि टिकेश्वर, दुर्गा मातरे उप सरपंच के विशेष आतिथ्य में तथा तुसेलाल सत्कार, बलराम सत्कार, विनोद खरे, गरीबदासजी कावरे, धनराज सत्कार, बिसन बाहे, दीपक जामरे, घेतु टिकेश्वर, धनीराम सत्कार, भोजु सत्कार, दिलीप सत्कार, गुणेश्वर ठाकरे, लखन सत्कार, रतन टिकेश्वर, चिन्दिया देवाहे, रोशन बावने, गोबरिया पाचे, येसुलाल टिकेश्वर, मनिराम सत्कार, सलराम सत्कार, दिनेश सत्कार, अरुण टिकेश्वर, नारायण कावरे, कुवरलाल मातरे, मदनलाल टिकेश्वर, कन्हेंया मातरे, शंकर देवाहे, धीरज वाहने, राजेश वरकडे की प्रमुख उपस्थिति में होगा। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी में बताया कि उक्त प्रतियोगिता का समापन 31 दिसंबर को होगा। जिसमें विजेता टीम को बीस हजार बीस रुपए और उपविजेता टीम को दस हजार दस रुपए के अलावा अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजक समिति ने उक्त प्रतियोगिता में सभी क्षेत्रीय खिलाड़ियों व टीमों से पहुंचने की अपील है।

# लांजी महाविद्यालय में ड्राइविंग लायसेंस बनाने लगाए शिविर में बनाये 172 लर्निंग लायसेंस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनकल्याण अभियान अंतर्गत लांजी महाविद्यालय में प्राचार्य आर आर सोनवाने की उपस्थिति में ड्राइविंग लायसेंस बनाने के लिये विशेष शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे शिविर के पहले दिन बुधवार को 65 एवं दूसरे दिन गुरुवार को 107 लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि जिले के महाविद्यालयों में ड्रायविंग लायसेंस बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। लांजी महाविद्याय में गुरुवार को छात्र व छात्राओ के लाइसेंस बनाये गए है। बुधवार से शुक्रवार तीन दिनों तक लांजी महाविद्यालय में कैम्प आयोजित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि अभी सभी महाविद्यालयों से चर्चा कर शेड्यूल बनाया जा रहा है। जिन महाविद्यालयों में अभी परीक्षाएं नही है वहां आयोजित किये जा रहे है। अभियान में जिले के सभी महाविद्यालयों में 26 जनवरी तक शिविर आयोजित होंगे। लड़कियों के लिए लाइसेंस नि:शुल्क तथा लड़को के लिए 274 रुपये के शुल्क के साथ बनाये जाएंगे।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# टेक होम राशन की आपूर्ति में फर्जीवाड़ा

## - नियंत्रक महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट में खुलासा

भोपाल । मध्य प्रदेश में छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री माताएं और 11 से 14 वर्ष शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को पूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत टेक होम राशन दिया जाता है। इसे प्रदेश के विभिन्न संयंत्रों में तैयार किया जाता है। भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक (कैग) ने टेक होम राशन पर लेखा परीक्षण किया, जिसकी कई गड़बडियों को रेखांकित किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि जिन ट्रेकों से टेक होम राशन की परियोजनाओं को आपूर्ति बताई गई वे जांच में मोटर साइकिल, कार, आॅटो और ट्रैक्टर के नंबर निकले। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसे लिपिकीय त्रुटि बताया, जिसे कैग ने अस्वीकार कर दिया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सदन में कैग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कैग 2021 में टेक होम राशन का लेखा परीक्षण किया था।

इसमें जिन फर्मों ने ट्रकों द्वारा 2.96 करोड़ रुपये का 467 टन टेक होम राशन की आपूर्ति बताई थी, वाहन पोर्टल पर जांच में वे ट्रक के नंबर मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, ट्रैक्टर और टैंकर के रूप में पंजीकृत पाए गए। इससे साफ है कि फर्जी आपूर्ति के अभिलेख प्रस्तुत किए गए। यह आपूर्तिकर्ताओं और परियोजना अधिकारियों के बीच संभावित मिलीभगत की ओर इशारा करता है। इसे अलावा इस आपूर्ति के लिए फर्मों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य और रियायती दर पर गेहूं और चावल के अंतर के रूप में 35.74 लाख रुपये का अनुचित लाभ उठाया। ढाई करोड़ रुपये के 404 टन टेक होम राशन की आपूर्ति उन ट्रकों के माध्यम से की गई, जिनके अभिलेख वाहन पोर्टल पर नहीं पाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस आपत्ति पर अपने उत्तर में लिपिकीय त्रुटि बताया पर समर्थन में गेट पास, परिवहनकर्ता बिल्टी, धर्मकांटा पर्ची आदि प्रस्तुत नहीं किए। कैग ने उत्तर को अस्वीकार कर दिया और कहा कि अलग-अलग अधिकारियों ने चालान डिस्पैच और गेट पास तैयार किया, इसलिए दोनों लिपिकीय त्रुटि नहीं कर सकते। रिपोर्ट में उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सतर्कता जांच शुरू करने और जिम्मेदारी तय करने की अनुशंसा की गई। इसके साथ ही कहा गया कि नियमित आधार पर ट्रकों की वास्तविकता की जांच के लिए स्वतंत्र तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। जीपीएसयुक्त वाहनों का उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए।

### स्टाक में टेक होम राशन नहीं बावजूद संयंत्रों से हो गई आपूर्ति

कैग ने जांच में पाया कि बाड़ी, धार, मंडला, रीवा, सागर और शिवपुरी संयंत्रों में वर्ष 2018-21 के दौरान टेक होम राशन का स्टाक नहीं होने के बावजूद 277 चालान के माध्यम से 178 परियोजनाओं को 773.21 टन आपूर्ति बताई गई। आठ परियोजनाओं में आपूर्ति किया टेक होम राशन स्टाक पंजी में दर्ज किया गया था। इससे धोखाधड़ी की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। टेक होम राशन बनाने के लिए रियायती दर का गेहूं और चावल भी उठाया, जिससे 60.21 लाख रुपये का अनुचित लाभ लिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस बिंदु के उत्तर में कहा कि लेखा परीक्षा में विशेष दिन में उत्पादित और आपूर्ति की गई मात्रा पर विचार किया जबकि संयंत्र में उत्पादन निरंतर होता है। कभी स्टाक में आपूर्ति की जाने वाली मात्रा की तुलना में कमी होती है तो उसे निरंतर उत्पादन से पूरा किया जाता है। कैग ने इस उत्तर को अस्वीकार कर अनुशंसा की कि स्टाक और परियोजनाओं को जारी किए गए स्टाक की पुष्टि के लिए आनलाइन तंत्र विकसित किया जाना चाहिए।

### ठेकेदार ही चला रहे थे संयंत्र

टेक होम राशन तैयार करने के लिए सात संयंत्र स्थापित किए गए थे। इनका संचालन महिला स्वसहायता समूहों के परिसंघ द्वारा किया जाना था। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मिशन को संयंत्रों का प्रबंधकीय कार्य इस शर्त पर सौंपा था कि वह समूह के सदस्यों को गतिविधियां सौंपेगा ताकि रोजगार मिल सके। 10 प्रतिशत लाभ भी समूह को दिया जाएगा। जांच में पाया कि ठेकेदार उत्पादन में संलग्न थे और महिलाओं को हाउसकीपिंग में तैनात किया गया था। 2020-21 में 21.28 करोड़ रुपये का लाभ हुआ पर समूहों को 2.18 करोड़ रुपये नहीं दिए गए।

# हाईकोर्ट ने मांगे सीसीटीवी फुटेज, पुलिस पर अवैध हिरासत में 18 लाख की वसूली का आरोप

भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच द्वारा अवैध हिरासत में रखे जाने और 18 लाख रुपए की मांग किए जाने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। न्यायमूर्ति ने थाने के सीसीटीवी फुटेज पेन ड्राइव में पेश करने के आदेश दिए हैं।इसके साथ ही पुलिस आयुक्त भोपाल को शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

राजस्थान के ग्राम नोखा जिला बीकानेर निवासी छात्र राजाराम की ओर से यह याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता अपने तीन साथियों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी बीच सादे कपड़ों में क्राइम ब्रांच की पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। अगले दिन एमपी नगर भोपाल स्थित अपराध शाखा में ले जाया गया।

याचिकाकरता ने आरोप लगाया है, सादे कपड़ों में आये पुलिसकर्मियों ने रास्ते में शराब पी। उसकी सोने की अंगूठी, चेन, कड़ा, पर्स और मोबाइल छीन लिया। अपराध शाखा भोपाल में 5 दिसंबर से लेकर 8 दिसंबर तक हिरासत में रखा। मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया। लगातार मानसिक रूप से अवैध हिरासत में रखकर प्रताड़ित किया गया। उसके हाथ पैरों में बेड़िया डाल दी गई थी। पुलिसकर्मियों ने उनके परिवार जनों से 18 लाख रुपए की मांग रखी। रिश्ते का एक भाई सुखदायल जब थाने पहुंचा। तो उसे भी कुछ देर के लिए लाकअप में बंद कर दिया। बाद में उसे रुपए लाने के लिए छोड़ा था।

# 5वीं और 8वीं का टाइम टेबल जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए एमपी बोर्ड टाइम टेबल 2025 की घोषणा कर दी है। तदनुसार, एमपी कक्षा 5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा 2025 24 फरवरी से आयोजित की जाएगी।

आधिकारिक नोटिस के अनुसार, एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 2025 1 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि कक्षा 8 की परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं और 8वीं दोनों बोर्ड परीक्षाएं 2024 प्रथम भाषा के पेपर (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और मराठी पेपर) से शुरू होंगी। एमपी बोर्ड 5वीं की परीक्षाएं दूसरी भाषा के पेपर के साथ समाप्त होंगी जबकि 8वीं की परीक्षाएं तीसरी भाषा के पेपर के साथ समाप्त होंगी।

### परीक्षा का समय

एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा समय 2025 एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा 2 घंटे 30 मिनट की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा 2025 का समय दोपहर 2 से 4ः30 बजे तक है। छात्रों को एमपी बोर्ड कक्षा 5, 8 परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में कुल मिलाकर 33 अंक प्राप्त करने होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य के सरकारी, गैर-सरकारी स्कूलों और पंजीकृत मदरसों के 1.31 लाख से अधिक कक्षा 5वीं के छात्र और 1.63 लाख कक्षा 8 के छात्र परीक्षा में शामिल हुए। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 322 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें 28,000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने पोर्टल पर ऑनलाइन अंक दर्ज किए।

# राजधानी समेत प्रदेशभर में अगले सप्ताह काड़ाके की ठंड

भोपाल। मध्यप्रदेश मेंठंड़ के तेवर थोड़े नरम पड़ गए है। राजधानी भोपाल समिति प्रदेश के कई जिलों के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिन में शीत लहर भी देखने को नहीं मिल रही है। दिन में कड़ाके की धूप खिल रही है। प्रदेश में दिन का तापमान 30 डिग्री पार रहा। खंडवा का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। वहीं खरगौन का 30.2 डिग्री, नर्मदापुरम में 29.9 डिग्री, धार 29.5 डिग्री और भोपाल में 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ से कड़ाके की ठंड और ठंडी हवाओं से राहत मिलेगी, लेकिन इसके जाते ही फिर पारा गिरेगा और ठंड लौटेगी।मध्य प्रदेश मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले चार-पांच शीतलहर और कोल्ड डे की स्थिति से राहत मिलेगी। लेकिन उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद फिर पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होगी जिससे उत्तरी हवाएं चलेंगी और प्रदेश में ठिठुरन बढ़ेगी। राजस्थान पर बने प्रेरित चक्रवात के कारण प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में हवाओं का रुख दक्षिण-पश्चिमी होने लगा है। इस वजह से रात के तापमान में अब धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी।

### इस बार ज्यादा पड़ेगी ठंड

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आखिरी 3 से 4 सालों में सबसे अधिक ठंड साल 2021 और 2022 के दिसंबर और जनवरी महीने में हुई थी। लेकिन इस बार मध्यप्रदेश में पड़ी ठंड ने पिछले सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। पिछले साल दिसंबर में ज्यादा ठंड नहीं पड़ी. इसका कारण देरी से ठंड का शुरुआत होना था। फिर भी जनवरी 2024 में 15 से 20 दिन तक अच्छी ठंड देखने को मिली। लेकिन इस बार शुरुआती दिसंबर से ही मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड देखने को मिली।अब तक 9 दिन लगातार शीतलहर चली. अब दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में एक बार फिर तेज ठंड का दौर शुरू होगा।

मध्यप्रदेश में आ रही हवाओं में परिवर्तन होने से मंगलवार-बुधवार की रात प्रदेश के न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है।

# अध्यक्ष जी! मेरी हत्या हो सकती है- विधायक अभय मिश्रा

## कांग्रेस विधायक ने लगाया हत्या के आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

भोपाल। रीवा जिले के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने मप्र विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण के दौरान क्षेत में हुई हत्या का मामला उठाते हुए कहा कि हत्या के आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है उन्हें गिरफतार नहीं किया जा रहा है। मुख्य आरोपी को पकडा ही नहीं गया है और गरीब ठेले लगाने वालों और फेरी लगाने वालों को पकड लिया गया है। ऐसे वे मेरी भी हत्या कर सकते हैं, यह बात मैं आज विधानसभा में चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा हूं। इससे पहले उन्होंने रीवा जिले के सेमरिया थाना में एक व्यक्ति की दिनदहाडे हुई हत्या का मामला उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्शित कराया। उन्होंने कहा कि गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। म्रतक अपनी हत्या से पहले टीआई से शिकायत करने गया था कि मेरी हत्या हो सकती है, आरोपियों को गिरफतार किया जाए लेकिन उसकी टीआई ने एक नहीं सुनी। उलटे फरियादी से टीआई ने कहा कि जब तुम मर जाओ तब मेरे पास आना।



इतना ही नहीं म्रतक परिजनों को आरोपियों द्वारा एक लाख रुपए देने का प्रयास भी किया गया। मेरे द्वारा इस मामले को उठाये जाने पर पुलिस ने मेरे ही खिलाफ केस दर्ज कर लिया जबकि जिस समय चक्काजाम किया गया मैं वहां गया ही नहीं था। प्रश्न के उत्तर में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मामले में मुख्य आरोपी हनुमान सिंह को गिरफतार कर लिया है और जेल भी भेज दिया है। शेष आरोपियों को लेकर विवेचना जारी है। उन्होंने जानकारी दी कि म्रतक का शव सडक पर रख कर चक्काजाम किया गया था इसी वजह से विभिन्न धाराओं के तहत 27 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पूरक प्रश्न करते हुए अभय मिश्रा ने कहा कि मैं डेढ साल से क्षेत्र में नहीं गया हूं, फिर भी मेरे खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। उन्होंने सवाल किया कि मुख्य आरोपी देवेंद्र तिवारी को मामले से प्रथक्क क्यों कर दिया गया। उन्होंने मांग की कि राज्य स्तरीय टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाए। चर्चा में भाग लेते हुए वरिष्ठ विधायक अजय सिंह ने कहा कि जिले के बाहर से सीआईडी टीम भेजकर जांच करवा ली जाए। प्रश्न के उत्तर में मंत्री पटेल ने कहा कि एसआईटी मामले की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आ जाने दीजिए, आप जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होंगे तो पुनः जांच करवा ली जाएगी।

# शाह का अंबेडकर पर बयान, कांग्रेस ने किया मौन प्रदर्शन

## - बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जमा हुए कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता

भोपाल। भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर लोकसभा में दिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने प्रदर्शन किया है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल ने शहर के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा पर आयोजित मौन प्रदर्शन में किया। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आरिफ मसूद, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, निकेश चौहान प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस जोगी, झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन एवं युवा उपस्थित रहे।

भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद में बुधवार को चर्चा चल रही थी। इसी दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने भाषण के दौरान डॉ बीआर आंबेडकर की विरासत पर बोल रहे थे। शाह ने कहा कहा कि आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। अंबेडकर, अंबेडकर, आंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह के इस बयान के बाद कांग्रेस सहित तमाम विरोधी दलों ने उन पर हमला बोलना शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम मोदी से उनका इस्तीफा लेने की मांग कर दी। हालांकि, शाह ने आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि उनका बयान गलत तरीके से तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया।

### एमपी में विरोध

अमित शाह के बयान के विरोध में बुधवार को एमपी विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। इस पर बीजेपी की ओर से विधानसभा में कहा गया कि जो व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं हैं उनका उल्लेख नहीं किया जा सकता। इसके बाद दोनों दलों के बीच खूब नारेबाजी हुई। हालांकि, स्पीकर ने उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया।

### मप्र भर में विरोध प्रदर्शन

अमित शाह के बयान पर गुरूवार को भोपाल सहित पूरे एमपी में कांग्रेस और अलग-अलग संगठन विरोध प्रदर्शन करेंगे। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, कांग्रेस संगठन प्रभारी राजीव सिंह सहित तमाम कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मुंह पर काली पट्टी बांधकर अंबेडकर प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करेंगे।

# विधानसभा में गूंजा अवैध कॉलोनियों का मुद्दा

## भाजपा विधायक ने सरकार से पूछे सवाल

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र की कार्यवाही जारी है। सदन में चौथे दिन अवैध कालोनियों का मुद्दा उठा। बीजेपी विधायक ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बैरसिया में अवैध कॉलोनियां बन रही है। सरकारी जमीन पर लोग कब्जा कर रहे है। वहीं उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा सरकार ने क्या कार्रवाई की है ?

एमपी विधानसभा शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन है। सदन में बीजेपी विधायक विष्णु खत्री ने अवैध कॉलोनियों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर लोग अवैध कब्जा कर रहे है। बैरसिया में अवैध कॉलोनियां बन रही है। सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की है। इस सवाल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ये एक बड़ी समस्या है कि अवैध कॉलोनियां बन जाती है, लेकिन सरकार गंभीर है और हम इस तरह के निर्माण पर अब सजा का प्रावधान करने जा रहे है।

### सिंहस्थ की जमीन पर हेराफेरी का आरोप

भाजपा विधायक सतीश मालवीय ने उज्जैन में यातायात नगर की जमीन निजी हाथों में देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 1.64 हेक्टर जमीन व्यवसायिक उपयोग के लिए दी गई है। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मेरे पास जो अधिकारियों ने जानकारी दी है, उसके अनुसार मास्टर प्लान के मुताबिक की जमीन व्यवसायिक गतिविधि की अनुमति दी है। फिर किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई होगी तो अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। वहीं बीजेपी विधायक चिंतामणि मालवीय ने भी सवाल उठाया। उन्होंने सिंहस्थ की जमीन में हेराफेरी का आरोप लगया है।

### गोवंश सरंक्षण को लेकर पशु पालन विभाग सुस्त

इधर, गोवंश संरक्षण को लेकर पशु पालन विभाग सुस्त है। प्रदेश में चार साल में केवल एक गौ कैबिनेट की बैठक हुई है। विधायक मधु भगत ने विधानसभा में इसकी जानकारी मांगी थी। विभागीय मंत्री लखन पटेल ने सदन में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 18 नवंबर 2020 में गौ कैबिनेट का गठन हुआ था। 22 नवंबर 2020 में केवल एक बैठक हुई थी।

# मान्यता के लिये निजी स्कूल 23 दिसम्बर से कर सकेंगे आवेदन

भोपाल। प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटोग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स और मैदानी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वे इस सबंध में अपने जिले के सभी निजी विद्यालयों को अवगत कराते हुए नवीन मान्यता अथवा पूर्व मान्यता के नवीनीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराये।

जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे।

# नागरिक सहकारी बैंक घोटाले के दो आरोपियों का सरेंडर

भोपाल। नागरिक सहकारी बैंक नेपानगर में हुए करीब नौ करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपी बनाए गए दो कर्मचारियों ने बुधवार को जिला न्यायालय में समर्पण कर दिया। आरोपी राकेश जाधव और योगेश महाजन साल 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। इस घोटाले में बैंक के 16 अधिकारी, कर्मचारियों व डायरेक्टर आदि को आरोपी बनाया था। नेपानगर पुलिस दस आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि एक आरोपी सुभाष यादव की फरारी के दौरान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बीमारी से मृत्यु हो गई थी।

इस मामले में बैंक प्रबंधक शैलेष मांडले और विजय शर्मा अब भी फरार हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। 29 दिसंबर 2022 को पांडुरंग सोनवाने ने बैंक से 8.85 लाख रुपये गबन किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शाहपुर निवासी योगेश महाजन पर भी 23 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है।

### ज्यादा ब्याज का लालच देकर जमा कराई थी राशि

नागरिक सहकारी बैंक के तत्कालीन डायरेक्टर, प्रबंधक आदि ने लोगों को अधिक ब्याज का लालच देकर राशि जमा कराई थी। बैंक में 600 से अधिक लोगों ने चालू खाते, फिक्स डिपाजिट आदि में राशि जमा की थी। कई महीनों तक उन्हें स्कीम के तहत ब्याज भी दिया था, लेकिन बाद में संचालक मंडल व कर्मचारियों ने बैंक की स्थिति खराब होने का हवाला देकर ब्याज की राशि आंशिक रूप से घटानी शुरू कर दी थी। लंबे समय तक संचालक मंडल के सदस्य व कर्मचारी जमा राशि में हेराफेरी करते रहे। जिसके चलते गबन का आंकड़ा लाखों से करोड़ों में पहुंच गया था। बैंक में राशि जमा कराने वाले अब भी रकम वापस पाने के लिए चक्कर काट रहे हैं।

### पुलिस ने छोटे निवेशकों को दिलाई थी राशि

तत्काली एसपी राहुल लोढ़ा ने घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ उनके पास से नकद राशि भी बरामद की थी। इस राशि को बैंक में जमा करा छोटे निवेशकों को उनकी मूल धनराशि लौटाई थी। इनमें पचास हजार रुपये से एक लाख रुपये तक के खाता धारक शामिल थे। कुछ आरोपियों से और भी राशि वसूल की जानी थी, लेकिन उनका तबादला हो जाने के बाद रिकवरी का काम ठंडा पड़ गया था।

# प्रदेश में जनजातीय विकास के लिये सामाजिक, आर्थिक प्रगति की लिखी जा रही नई इबारत - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय विकास के लिये सामाजिक और आर्थिक प्रगति की नई इबारत लिखी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों से राज्य में जनजातीय समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आर्थिक जीवन में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के सतत् प्रयासों से यहाँ के जनजातीय समुदाय अब प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह विकास न केवल राज्य के लिए बल्कि देश के लिए भी एक प्रेरणा है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) के जरिए प्रदेश की तीन विशेष पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समग्र विकास एवं कल्याण के लिए अभूतपूर्व काम हो रहा है। मध्यप्रदेश पीएम जन-मन के क्रियान्वयन में देश में अव्वल स्थान पर है।



### ड्रॉप-आउट में कमी और रोजगार में वृद्धि

राज्य में शिक्षा संबंधी प्रोत्साहन योजनाओं के प्रभाव से जनजातीय विद्यार्थियों की साक्षरता दर 51 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। उच्च शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलने से छात्रों के ड्रॉप-आउट में उल्लेखनीय कमी आई है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों में जनजातीय छात्रों की भागीदारी में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही सरकार के प्रयासों से अब युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

### स्वरोजगार और ऋण योजनाओं का लाभ

सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार और आर्थिक कल्याण योजनाओं से जनजातीय हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। इससे वे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर बेहतर जीवन यापन कर रहे हैं, माध्यम से वे अपने रोजगार सफलतापूर्वक चला रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

### वन अधिकार अधिनियम से मिला भूमि का अधिकार

वन अधिकार अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन से लगभग 2 लाख 75 हजार जनजातीय परिवारों को उनकी जमीनों पर अधिकार प्रदान किया गया है। इससे उन्हें अपनी भूमि पर खेती करने और जीवन स्तर को सुधारने का मौका मिला है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान

जनजातीय अनुसंधान और विकास संस्थान द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले जनजातीय सेनानियों की वीर गाथाओं को संरक्षित करने के लिए म्यूजियम बनाए गए हैं। यह पहल न केवल उनके बलिदान को सम्मानित करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरित भी करती है।

### साहूकारों से मिली आजादी

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति साहूकार विनियम 1972 को 2021 में संशोधित कर लागू किया गया, जिससे जनजातीय समुदाय को गैरकानूनी साहूकारों के शोषण से मुक्ति मिली है।

### आधुनिक सुविधाओं का विस्तार

जनजातीय क्षेत्रों में कृषि, सिंचाई, विद्युत, सड़क, और संचार सुविधाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे इन क्षेत्रों का विकास तीव्र गति से हो रहा है।

# फैक्ट्रियों से प्रदूषण और सड़कों के घटिया निर्माण की जांच कराएगी सरकार

भोपाल। राज्य की कुछ फैक्ट्रियों से प्रदूषण होने की शिकायतें आ रहीं है। इससे फसलें खराब हो रही है और लोगों की सेहत भी प्रभावित हो रही है। ग्वालियर के भितरवार स्थित भरतरी आयरन फैक्ट्री से भरतरी,मानपुर और बजेरा गांव सहित करीब आधा दर्जन गांवों के किसानों की फसलें खराब हो रही हैं। इस आशय का सवाल भाजपा विधायक मोहन सिंह राठोर ने राज्य विधानसभा में उठाया। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में कहा कि इस फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण से जहां गांवों का पानी प्रदूषित हुआ है वहीं खेतों की फसलें भी खराब हो रहीं है।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब देते हुए कहा कि इस मामले की जांच दो बार हुई है। जांच रिपोर्ट में प्रदूषण नहीं पाया गया है।इसके बाद भी यदि विधायकजी को कोई शिकायत तो लिखित में दे दें अधिकारियों को भेजकर विधायकजी के साथ जांच करा लेंगे और जो भी इसमें दोषी होंगे उन पर कार्रवाई करगें। इसके अलावा रायसेन जिले के बेगमगंज से सुल्तानगंज के बीच बनाए जा रहे मार्ग को लेकर विधायक देवेंद्र पटेल ने अनियमितता और घटिया निर्माण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण की गुणवत्ता काफी खराब है और इसकी जांच नहीं की जा रही न ही कोई अधिकारी इसका निरीक्षण कर रहा है। इस पर लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि समय समय पर जांच और निरीक्षण हो रहा है। जहां खामियां मिलती हैं उसे ठीक कर रहे हैं। अभी 6 पैनल क्रेक मिले हैं इनमें से दो बदल दिए गए है और 4 बदले जा रहे हैं। इसके बाद भी जांच अधिकारी विधायकजी से बाद करके इसकी जांच कर लेंगे और सभी तरह की शिकायतों का समाधान हो जाएगा।

### सड़क निर्माण कार्यों के लिए टेंडर के बदलेंगे नियम

प्रश्नकाल के दौरान हीं मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि तीन राज्यों का अध्ययन किया गया है इसके बाद जो रिपोर्ट मिली है उसके आधार पर टेंडर की नियम प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए जा रहे है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और टेंडर के दौरान जो मनमानी तरीके से निचले से निचले स्तर की दरें डलती हैं उसमें भी लगाम लगेगी। महाराष्ट्र,गुजरात और तेलंगाना की तर्ज पर निविदा की शर्ते भी सख्त करने जा रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए बॉश, मफाका को शामिल किया

केशव महाराज की भी हुई वापसी

केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका ने अनकैप्ड खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश को पाकिस्तान के खिलाफ 26 दिसंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। बॉश ने 40 से अधिक के औसत से प्रथम श्रेणी में रन बनाये हैं। इसके अलावा 36.75 की गेंदबाजी औसत के साथ अपनी को एक अच्छा ऑलराउंडर साबित किया है। वहीं टीम में अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को भी शामिल किया है। दक्षिण अफ्रीका और पाक के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होगी। इस सीरीज का दूसरा और अंतिम मैच 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। टीम में वियान मुल्डर को भी शामिल किया गया है। वह चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में नहीं थे। उन्हें अगर पहले टेस्ट के लिए अवसर मिलता है तो बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को टीम में जगह नहीं मिलेगी। खिंचाव से उबरे स्पिनर केशव महाराज को भी टीम में हैं, जगह मिली है हालांकि उन्हें



अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। टेम्बा बावुमा टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं दक्षिण अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) अंकतालिका को देखते हुए इस सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका टीम अभी अंक तालिका में सबसे आगे है। आईसीसी ने कहा, हम इस सीरीज में स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतरेंगे, जिसमें डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना भी रहेगा। हमने ऐसी टीम चुनी है जो हमें इसे हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देती है। यह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक रोमांचक समय है और हम विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं।

**टीम इस प्रकार** - टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

## अंतिम ग्यारह में जगह मिलने का भरोसा दिये जाने पर ही ऑस्ट्रेलिया गये थे अश्विन

मुम्बई। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के अचानक लिए संन्यास से सभी हैरान हैं। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने पर खेल को अलविदा कह दिया था। वहीं अब एक रिपोर्ट से सामने आया है कि अश्विन अंतिम ग्यारह में जगह मिलने का भरोसा दिये जाने पर ही ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने के लिए तैयार हुए थे। वहीं अब उन्हें दो मैचों से बाहर रखा गया तो उन्होंने खेल को अलविदा कहना तय कर लिया।

अश्विन को शायद यह संकेत मिल गया था कि उन्हें बाकी दो बचे मैचों में भी मौका नहीं मिलने वाला है, इसलिए उन्होंने तीसरे टेस्ट के बाद ही यह फैसला ले लिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 0-3 से हार के बाद से ही संन्यास का विचार उनके दिमाग में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अश्विन, जिन्होंने 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट लेकर अपना करियर समाप्त किया, अंतिम ग्यारह में जगह की गारंटी मिलने तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं करना चाहते थे। पर्थ टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने का भारत का फैसला निर्णायक साबित हुआ पर कप्तान रोहित शर्मा के कहने पर एडिलेड में अश्विन की वापसी हुई, मगर उस टेस्ट में भी वह सफल नहीं हो पाये। जिस वजह से तीसरे टेस्ट में रविंद्र जडेजा को मौका मिला।

## शानदार प्रदर्शन के बाद ट्रैविस हेड ने चोट के बारे में बताया, जल्द ठीक हो जाऊंगा

ब्रिस्बेन। भारत के खिलाफ गाबा में ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने चोट के बारे में जानकारी दी, जो उन्हें चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तीसरे मैच के दौरान लगी थी। टेस्ट मैच की पहली पारी में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए बल्लेबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ट्रैविस हेड ने 160 गेंदों पर 152 रन बनाए जिसमें 18 चौके शामिल थे।



हेड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तब ऐसा लगता है कि मैंने काफी समय पहले बल्लेबाजी की थी। योगदान देकर खुश हूं, कुछ रन बनाकर और पहली पारी में हमें तैयार करके अच्छा लगा। चुनौतीपूर्ण विकेट, गियर के माध्यम से अच्छी तरह से काम किया, खुशी है कि मैं टीम को तैयार करने में सफल रहा। परिस्थितियों का सारांश देने की कोशिश कर रहा था, ऐसा लगता है कि मैंने अब तक इस श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन किया है, मैं जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उससे बहुत खुश हूं।

स्टीव स्मिथ पर उन्होंने कहा, काफी सहज संचार, ऐसा लगता है कि वह (स्मिथ) शानदार लय में थे, जिससे मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करते समय बहुत आत्मविश्वास मिलता है, एक अच्छी साझेदारी थी, वास्तव में इसका आनंद लिया। जब मैं पहली बार मैदान पर उतरता हूं, तब मैं विभिन्न चुनौतियों से निपटने और विभिन्न समस्याओं को हल करने की कोशिश करता हूं। हेड ने कहा, बस थोड़ा सा दर्द है, लेकिन मैं ठीक हो जाऊंगा (अगले गेम से पहले)।

हेड की शानदार पारी ने उन्हें एक ही कैलेंडर वर्ष में एक ही स्थान पर किंग पेयर और शतक दोनों दर्ज करने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। भारत के खिलाफ उनका बल्ले खूब चला है। हेड की शानदार 152 रनों की पारी ने भारत के खिलाफ उनके टेस्ट रनों की संख्या को 1,000 के पार पहुंचा दिया। 13 टेस्ट और 22 पारियों में उन्होंने 52.71 की औसत से 1,107 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं।

सभी प्रारूपों में भारत के खिलाफ 30 मैचों में हेड ने 47.41 की औसत से 1,707 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और छह अर्द्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ हेड का प्रदर्शन असाधारण रहा है। उन्होंने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल 2023 और एडिलेड में श्रृंखला-स्तरीय गुलाबी गेंद टेस्ट में शतक बनाए हैं, जिससे दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता का पता चलता है। भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल से लेकर इस टेस्ट तक की अपनी पिछली 11 पारियों में हेड ने 80 की औसत से 880 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 163 रहा है।

## विराट से मिलने की इच्छा जताई सिमरन शेख ने

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली से अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने मिलने की इच्छा जताई। महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आई।

हाल ही में सिमरन ने यह भी खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुई। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूर्नामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया। सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद अब उनके लिए प्रदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि मेरे समुदाय में ऐसी चीजों के लिए ज़्यादा समर्थन नहीं है, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। नीलामी पर बोलते हुए मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम की प्राथमिकता ऐसे खिलाड़ियों को हासिल करना है जो प्लेइंग 11 में प्रभाव डाल सकें और सिमरन टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सिमरन शेख टीम के लिए एक और मूल्यवान खिलाड़ी हैं। वह बहुत ताकत लेकर आती हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। महिला क्रिकेट में ऐसी मुट्ठी भर खिलाड़ी ही हैं जो ऐसा कर सकती हैं।



## मेरे उतार-चढ़ाव में हमेशा साथ दिया, उसके लिए धन्यवाद- टिम साउथी

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद कहा कि मैंने वर्षों से खेलने का आनंद लिया है। इस अवसर पर मैं कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 17 वर्षों में उतार-चढ़ाव के दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हमेशा साथ दिया। साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

प्रशंसकों को भी। प्रशंसकों के सामने आना हमेशा अच्छा होता है, और इस सप्ताह सेडॉन पार्क में भारी भीड़ के सामने खेलना बहुत खास रहा। अब मैं एक प्रशंसक के रूप में मैच देखने के लिए उत्सुक रहूंगा। साउदी ने 776 अंतर्राष्ट्रीय विकेटों के साथ खेल से संन्यास लिया है। वह सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कीवी गेंदबाज हैं। साउथी ने 391 टेस्ट विकेट हासिल किए, जो रिचर्ड हैडली (431 विकेट) के बाद किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट है। टी20 इंटरनेशनल में वह 164 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 221 एकदिवसीय विकेटों के साथ, वह काइल मिल्स (240 विकेट) और डैनियल विटोरी (297 विकेट) के बाद, कीवीज के लिए एकदिवसीय मैचों में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह निचले क्रम के एक सक्षम बल्लेबाज भी थे, जिन्होंने 394 मैचों में 14.11 की औसत और 8 अर्द्धशतकों के साथ 3,288 रन बनाए। इनमें से अधिकांश रन टेस्ट में आए, जिसमें 15.48 की औसत से 2,245 रन बने, जिसमें 7 अर्द्धशतक शामिल थे। टेस्ट में उन्होंने 98 छक्के लगाए हैं। ऐसा कर वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है।



बता दें कि अपने विदाई टेस्ट में 423 रनों से जीत के बाद टिम साउथी ने अपने दोस्तों, परिवार और टीम के सभी साथियों को धन्यवाद दिया, जो 17 साल से अधिक समय से उनकी यात्रा का हिस्सा थे। साउथी अब एक प्रशंसक के रूप में खेल देखने के लिए उत्सुक हैं। साउथी के लिए विदाई टेस्ट यादगार रहा। कीवी टीम ने इंग्लैंड को 658 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे इंग्लैंड ने 423 रनों से गंवा दिया। साउदी ने पहली पारी में 23 रनों की पारी खेलते हुए तीन तीन छक्के लगाए थे। लेकिन वह 100 टेस्ट छक्कों के आंकड़े तक पहुंचने से सिर्फ दो कदम पीछे रह गए। अंतिम पारी में उन्हें बेन डकेट और जैकब बेथेल के विकेट मिले।

## ऑस्ट्रेलिया टीम ने अश्विन को दी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर वाली जर्सी

### सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल होंगे

ब्रिस्बेन। भारतीय टीम के अनुभवी क्रिकेटर आर अश्विन के चाहने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी हैं। इसी कारण कप्तान पैट कमिंस सहित पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अश्विन को संन्यास पर एक विशेष जर्सी भेंट की हैं। इसमें सभी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर थे।

कमिंस ने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं कभी अपनी गेंदबाजी लय को लेकर परेशान रहा। वहीं मैं इसपर अधिक ध्यान नहीं देता। अश्विन के संन्यास की घोषणा पर कमिंस भी अन्य लोगों की तरह ही हैरान हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा कि निश्चित तौर पर यह थोड़ा हैरान करने वाला रहा। वह निश्चित तौर पर बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे बहुत कम ऑफ स्पिनर हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक अपना प्रभाव दिखाया है। उनकी गणना सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हमेशा शानदार प्रतिस्पर्धी रहा। ऑस्ट्रेलिया और भारत में हमारे और उसके बीच काफी रोचक प्रतिस्पर्धा हुई। हमारी टीम उसका बहुत सम्मान करती है।

कमिंस ने बारिश के कारण ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट मैच को निराशाजनक बताया क्योंकि खिलाड़ियों को कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। मुझे याद नहीं कि पूर्व में कभी ऐसा हुआ होगा। यह निराशाजनक था। कमिंस ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण सीरीज में आगे नहीं खेल पाएंगे पर उन्हें उम्मीद है कि ट्रैविस हेड अगले मैच तक फिट हो जाएंगे जिनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है।

## अचानक अश्विन ने क्यों लिया संन्यास...क्या रोहित शर्मा इसके पीछे की असल वजह

ब्रिसबेन । स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद अचानक संन्यास का ऐलान किया, तब हर कोई हैरान रह गया। आमतौर पर परंपरा है कि कोई खिलाड़ी मैच का हिस्सा बनने के बाद उसके समापन पर संन्यास की घोषणा करता है या फिर सीरीज के अंत में ऐलान करता है। अश्विन गाबा टेस्ट का हिस्सा भी नहीं थे। फिर उन्होंने संन्यास का ऐलान क्यों किया। खैर इसका जवाब खुद अश्विन या फिर कप्तान रोहित शर्मा व कोच गौतम गंभीर ही दे सकते हैं। बीते 15 दिनों में जो कुछ घटनाक्रम हुए हैं, वे इस आरे इशारा कर रहे हैं कि टीम इंडिया में सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है।



गाबा टेस्ट मैच खत्म होने के बाद रोहित शर्मा जब प्रेसवार्ता के लिए आए, तब रविचंद्रन अश्विन को लेकर भी सवाल पूछे गए। इसपर रोहित ने कहा कि अश्विन एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट से पहले ही संन्यास लेना चाहते थे। पर्थ मुकाबले के दौरान उन्होंने संन्यास की इच्छा जाहिर की। मैंने अश्विन से कहा था कि ये मैच खेल लो। इसके बाद अश्विन भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में खेलते हुए दिखाई दिए। हालांकि तीसरे मैच में अश्विन को फिर ड्रॉप कर दिया गया। अश्विन इस टूर पर अबतक खेले गए तीन मैचों में से केवल दूसरे मुकाबले में मैदान में उतर सके। अब सवाल यह है कि क्या अश्विन यह उम्मीद कर रहे थे कि उन्हें आगे भी टूर्नामेंट में मौका दिया जाएगा, जिसके कारण उन्होंने पिंक बॉल टेस्ट के बाद भी संन्यास नहीं लिया। जब गाबा में उन्हें मौका नहीं दिया गया तब उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया। रोहित की बात से यह समझ में आता है कि पर्थ टेस्ट में ना चुने जाने उनके स्थान में महज 7 टेस्ट मैचों के करियर वाले वाशिंगटन सुंदर को तरजीह देने से वे नाराज थे। इसकारण वे पहले ही संन्यास लेना चाहते थे। अश्विन द्वारा पर्थ टेस्ट से पहले ही रोहित को संन्यास की बात कहने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि अगर ऐसा होता तब फिर वे ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खेलने आते ही क्यों। इसके बाद यह भी सवाल उठता है कि क्या एक ही ड्रेसिंग रूम शेयर करने के बावजूद अश्विन और रोहित की आपस में बातचीत नहीं होती। मतलब साफ है कि कप्तान और रविचंद्र अश्विन के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

## क्रिकेटर के तौर पर खेलता रहूंगा - अश्विन

चेन्नई । अनुभवी स्पिन आर अश्विन ने कहा है कि भले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है पर एक क्रिकेटर के तौर पर वह अभी खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जितने अधिक समय तक हो उतने लंबे समय तक खेलता रहूंगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के तत्काल बाद ही अश्विन ने खेल को अलविदा कह दिया था। इसी के साथ ही भारतीय टीम के साथ उनका 14 साल का करियर भी समाप्त हो गया। अब अश्विन आगामी आईपीएल 2025 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने को तैयार हैं। उन्हें पिछले महीने मेगा नीलामी में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

अश्विन ने कहा, मैं सीएसके के लिए खेलने जा रहा हूं और अगर मैं लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं तो हैरान न हों। मुझे नहीं लगता कि अश्विन क्रिकेटर के तौर पर खेलना बंद कर चुके हैं, मुझे लगता है कि अश्विन के भारतीय क्रिकेटर के तौर पर शायद अब खेलने का समय आ गया है। बस इतना ही। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए अश्विन ने खुलासा किया कि यह फैसला सहज था और उन्हें राहत और संतुष्टि की भावना का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत से लोगों के लिए भावनात्मक है। यह भावनात्मक होगा, शायद यह उनके दिमाग में उतर जाए। लेकिन मेरे लिए, यह राहत और संतुष्टि की बहुत बड़ी भावना है।

अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट के साथ अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट था जिसमें उन्होंने 1-53 रन बनाए थे।

## रहाणे ने अश्विन को भविष्य की योजनाओं के लिए बधाई दी

मुंबई। बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के सन्यास पर उन्हें भविष्य की योजनाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रहाणे ने अश्विन के गेंदबाजी करते समय स्लिप पर खड़े होकर क्षेत्ररक्षण करने के अनुभव को अविस्मरणीय बताया है। उन्होंने कहा कि अश्विन के साथ हर गेंद एक मौके की प्रतीक्षा की तरह महसूस होती थी। साथ ही उन्हें आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दी हैं। गौरतब है कि अश्विन ने साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट लिए हैं। उन्होंने 37 बार 5 विकेट लिए और इस दौरान 3,503 रन भी बनाए। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 टेस्ट खेले, जिसमें 2.71 की औसत से 115 विकेट लिए। उनके नाम 2020-21 संस्करण के दौरान 29 विकेट के साथ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।

## मिचेल सेंटनेर बने न्यूजीलैंड के सफेद गेंद प्रारुप के कप्तान

आकलैंड। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर को केन विलियमसन की जगह न्यूजीलैंड का सफेद गेंद के प्रारूप का कप्तान बनाया गया। विलियमसन ने जून में टी20 विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया था। न्यूजीलैंड के लिए 243 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके सेंटनेर वनडे और टी20 में टीम की कमान संभालने वाले है। वे 24 टी20 और चार वनडे में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। वह श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर के आखिर में शुरू हो रही टी20 और वनडे श्रृंखला से कमान संभालने वाले है। सेंटनेर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी बयान में कहा, 'यह बड़े सम्मान की बात है। बचपन से न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना देखा था और दो प्रारूप में टीम की कप्तानी करना खास है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'मिचेल टीम मैन है और खेल के हर पहलू में मोर्चे से अगुवाई करता है।

## आईसीसी में हाइब्रिड मॉडल पर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन पर सहमति बनी

दुबई । अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन को लेकर आ रही बाधाओं को हटाने में सफल रही है। आईसीसी में इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने मे सहमति बन गयी है। ऐसे में पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में भारत के मैचों का आयोजन किसी अन्य देश में होगा। वहीं भविष्य में भारत में होने वाले आईसीसी इवेंट के मुकाबले में पाक के मैच किसी अन्य देश में खेले जाएंगे। अब इस प्रस्ताव पर आईसीसी बोर्ड में वोटिंग होगी। इसके तहत 2024-27 के चक्र के दौरान पाकिस्तान में होने वाले भारत के सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे और इसके बदले में भारत द्वारा आयोजित किसी भी इवेंट में पाकिस्तान से जुड़े सभी मैच भारत के बाहर खेले जाएंगे। यह समझौता पाकिस्तान में 2025 में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफ़ी, भारत में 2025 में महिला एकदिवसीय विश्वकप और 2026 में भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त तौर पर आयोजित किए जाने वाले टी20 विश्व कप पर लागू होगा।

यह 2028 में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप पर भी लागू हो सकता है। यह अगले चक्र का पहला आईसीसी इवेंट होगा और इसकी मेज़बानी पाकिस्तान के पास है। तटस्थ स्थल का प्रस्ताव मेज़बान बोर्ड द्वारा दिया जाएगा जबकि आईसीसी से इसे अंतिम मंजूरी मिलेगी। आईसीसी ने यह भी कहा है कि उसे भारत, पाकिस्तान और किसी अन्य एशियाई पूर्ण सदस्य देश के बीच त्रिकोणीय या किसी एसोसिएट एशियाई देश को शामिल करते हुए चतुष्कोणीय टी20 टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है।

## भारतीय टीम उत्साहित होकर मेलबर्न पहुंची

### जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

मेलबर्न। भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे से होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गयी है। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने जीता था जबकि दूसरा मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीता। मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पिछले एक दशक से भारतीय टीम के लिए अच्छा साबित हुआ है और एक प्रकार से घरेलू मैदान की तरह ही बन गया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक में यहां 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे दो में जीत मिली है जबकि मेजबान टीम एक भी मैच नहीं जीती है। दोनों टीमें अब 26 दिसंबर से ही यहां खेलेंगी। भारतीय टीम यहां जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी।



पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में पहला टेस्ट 1948 में खेला। इस साल उसने यहां दो टेस्ट मैच खेले जिसमें से उसे एक में पारी की हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने मैच में 233 रन से टीम हारी इसके बाद 1968 में भारतीय टीम की यहां पारी से हार हुई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में भारत के खिलाफ लगातार तीन जीत दर्ज की। कुल रिकॉर्ड की बात करें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में अब तक 14 टेस्ट मैच में से 4 मैच जीते हैं, जबकि 8 वह हारी है और 2 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया में पहली जीत 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में मिली। भारतीय टीम ने यहां 222 रन से मुकाबला जीता। इस जीत में मुख्य भूमिका महान स्पिनर भगवत चंद्रशेखर ने 12 विकेट लेकर निभाई थी जबकि सुनील गावस्कर ने शतक लगाया था। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। वहीं 2020 में विराट कोहली के बीच में ही सीरीज से लौटन पर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

## असलांका की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी श्रीलंकाई टीम

माउंट माउंगानुई । चरित असलांका की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी। श्रीलंकाई बोर्ड ने 3 टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैचों के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टी20 टीम घोषित की है। इस सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भानुका राजपक्षे को टीम में बनाये रखा गया है।

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच नवंबर में दो मैचों की टी20 सीरीज हुई थी। श्रीलंका ने पहले मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की, जबकि न्यूजीलैंड ने पांच रन से दसरा मैच जीता था। श्रीलंका की टी20 टीम शुक्रवार को न्यूजीलैंड रवाना होगी। टी20 के बाद, दोनों टीमें अगले साल की शुरुआत में 5, 8 और 11 जनवरी को होने वाले 3 एकदिवसीय मैचों में भी मुकाबला करेंगी। टी20 सीरीज 28 दिसंबर से शुरू होगी। वहीं दूसरा और तीसरा मैच 30 दिसंबर और 2 जनवरी को खेल जाएगा। पहले दो टी20 मैच माउंट माउंगानुई में खेले जाएंगे, जबकि अंतिम मैच नेल्सन में होगा।

**टीम इस प्रकार हैं -**

चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, अविष्का फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, दिनेश चांडीमल, भानुका राजपक्षे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, असिथा फर्नांडो, बिनुरा फर्नांडो।

## गृह मंत्री के बयान पर संसद से लेकर सड़क में विरोध-

# अंबेडकर समर्थकों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कटंगी। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संविधान पर चर्चा के दौरान भाषण के एक अंश को लेकर बीते दो दिनों से हंगामा मचा हुआ है. जिसके चलते संसद की कार्रवाई तक स्थगित करनी पड़ी. गृह मंत्री की टिप्पणी के बाद देश भर में संसद से लेकर सड़क पर अंबेडकर अनुयायी और इंडिया गठबंधन के तमाम नेता गृह मंत्री के इस्तीफा की मांग रहे है. इसके साथ ही अंबेडकर विचारधारा से जुड़े तमाम सामाजिक संगठन भी गृह मंत्री के बयान की निंदा कर उनके इस्तीफे की मांग कर रहे है. बालाघाट जिले की कटंगी तहसील में गुरुवार को अंबेडकर अनुयायियों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे को ज्ञापन सौंपा है. सुरेन्द्र गजभिए के नेतृत्व में अंबेडकर अनुयायियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर इस्तीफे की मांग की है. ज्ञापन के जरिए गृह मंत्री पर किसी एक धार्मिक वर्ग के पक्ष में धार्मिक भावना भडकाकर भगवान को मानने के लिये प्रेरित करने और अन्य सभी धर्मों को मानने वालों की भावनाएं आहत करने का भी आरोप लगाया जा रहा है. सुरेन्द्र गजभिए ने कहा कि ऐसा कर संविधान रचयिता डॉ बाबा साहब आम्बेडकर को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया है. इस परिस्थिति में गृह मंत्री अमित शाह के विरूद्ध धार्मिक भावनाओं को भड़काने का अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए. उन्होंने कटंगी थाने में एक लिखित शिकायत तक दी है।





सभी अंबेडकर अनुयायी ज्ञापन सौंपने से पूर्व कटंगी शहर के बस स्टैंड के नजदीक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए जहां पर गृह मंत्री के बयान को लेकर जमकर नारेबाजी की. सुरेन्द्र गजभिए ने कहा कि भारतीय संविधान शिल्पकार डॉ भीमराव आंबेडकर जाति व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज के उन करोड़ों लोगों के ईश्वर हैं जिन्होंने सदियों तक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक भेदभाव झेला है. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में बराबरी का अधिकार देकर अनुसूचित और पिछड़ी जातियों को शोषण से मुक्ति दिलवाई है और उन्हीं संविधान शिल्पकार के लिए सदन के भीतर गृह मंत्री का बयान अभी एक टैशन हो गया है.. आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता. बेहद निंदनीय है. गृह मंत्री को समूचे देश से सदन के भीतर माफी मांगना चाहिए और अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## पशु चिकित्सा विभाग ने गौशाला में किया गया गौमाता का सफल ऑपरेशन



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। गुरूवार को पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ.एन डी पूरी के द्वारा विकासखंड वारासिवनी के ग्राम बिठली के श्री बालाजी शासकीय गौशाला के गौवंशीय पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उनके उपचार के लिए डॉ उमेश निरापुरे सिविल सर्जन बालाघाट की अध्यक्षता में गठित पशु चिकित्सकों के दल द्वारा बीमार पशुओं का सर्जरी कर सफल ऑपरेशन किया गया। गौशाला में उपलब्ध अधिकांश गौवंशों के पेट में पॉलिथीन होने के कारण उनकी मृत्यु दर में वृद्धि हो रही थी। जिस पर उपसंचालक के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए पशु चिकित्सकों का दल गठित किया गया और गौशाला में पशुओं की स्वास्थ्य की जांच कर उनके शल्य क्रिया करने की व्यवस्था करवाई गई। गौशाला के एक अन्य गौवंश के ट्यूमर का भी शल्य क्रिया के द्वारा ऑपरेशन किया गया। इसके अतिरिक्त गौशाला में उपलब्ध अन्य पशुओं के भरण पोषण एवं गौशाला की अन्य व्यवस्था हेतु उपसंचालक के द्वारा गौशाला संचालक को निर्देश दिए गए और गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के उपाय सुझाए गए । पशु चिकित्सकों के दल में गौशाला के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित कावड़े, पशु चिकित्सालय वारासिवनी के डॉ सुरेंद्र मर्सकोले ,पशु चिकित्सालय बिरसा के डॉक्टर राकेश बारेश्वा, एवीएफओ जितेंद्र डोंगरे ,श्रीमती मौसम बघेले, डॉ प्रशांत जाधव, शरद वासनिक ,धीरज शरणागत मौजूद रहे।

## टोंटी लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन की शुरुआत भी हंगामे के साथ हुई है। आज कांग्रेस के विधायक टोंटी लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। हंगामे के चलते कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- बीजेपी सरकार ने कहा था कि घर-घर पेयजल पहुंचाएंगे। लेकिन इनकी जल जीवन मिशन योजना के तहत लगे नलों में केवल हवा आ रही है, पानी नहीं। सरकार ने इसमें हजारों-करोड़ों का घोटाला किया है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत जमकर भ्रष्टाचार कर 40 फीसदी कमीशन का खेल चल रहा है। बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस के नल की टोटी लेकर प्रदर्शन पर बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के पास करने के लिए बचा ही क्या है।

## घर में घुसकर बाघ ने बछडे को किया घायल

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी तहसील के अंतिम छोर पर बसे खैरलांजी गांव में बीते 3 दिनों से रहवासी एरिया के करीब में हिंसक वन्य प्राणी बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है. बुधवार की शाम करीब 08 बजे के आस-पास वन्य प्राणी बाघ ने गांव के भीतर दयाराम मर्सकोले के घर में घुसकर बछड़े को घायल कर दिया. घटना के वक्त पूरा परिवार भोजन कर रहा था जब परिजनों को घर के बगल में बने कोटे से पालतु मवेशियों का शोर सुनाई दिया तो पूरा परिवार कोटे की तरफ दौड़ा आया जहां उन्होंने वन्य प्राणी बाघ को बछड़े पर हमला कर हुए देखा और जमकर शोर मचाया. मर्सकोले के परिवार का शोर सुनकर अन्य ग्रामीण भी दौड़ते हुए उनके घर की तरफ आए जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया. घटना के बाद ग्रामीणों ने सिलारी वन रक्षक को सूचना दी. सूचना मिलने पर वन रक्षक मौके पर आए. ग्रामीणों ने बताया कि सिलारी से खैरलांजी की ओर आने-जाने वाले जंगल के रास्ते में



झाड़ियों का अंबार है जहां वन्य प्राणी बाघ छिपा रहता है और मौका मिलते ही गांव के भीतर आ रहा है. गुरुवार की सुबह 11 बजे खैरलांजी के ग्रामीणों ने दूरभाष पर जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि वन विभाग को कई बार वन्य प्राणी बाघ के गांव के नजदीक देखे जाने की जानकारी दी गई लेकिन विभाग वन्य प्राणी को दूर खदेड़ने का प्रयास नहीं कर रहा है.

### गांव के लिए खतरा जनहानि की आशंका

खैरलांजी गांव वैसे तो जंगल के बीच में बसा हुआ है लेकिन इसके बावजूद गांव के इतने करीब कभी वन्य प्राणी बाघ को नहीं देखा गया जिस कारण यहां के ग्रामीण बेखौफ होकर अपना जीवन जी रहे थे और देर रात तक पिपरवानी सिलारी के रास्ते खैरलांजी आना-जाना करते थे लेकिन जब से वन्य प्राणी बाघ ने गांव के करीब में दस्तक दी है तब से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है. शाम होते ही ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलते से कतराते है. बता दें कि इस गांव में आमतौर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने पालतू मवेशियों को घर के सामने बांधते है. वहीं रात्रि के वक्त घर के सामने बनी छप्पर में ही सो जाते है जब से गांव के नजदीक वन्य प्राणी ने दस्तक दी है ग्रामीण अपने पालतू मवेशियों की सुरक्षा के साथ स्वयं की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित है. ग्रामीणों ने वन विभाग का ध्यानाकर्षण कराते हुए तत्काल वन्य प्राणी को गांव से दूर भगाने की मांग की है ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि न हो. ज्ञात हो कि बीते दिनों वन्य प्राणी बाघ ने महकेपार लौट रहे अतिथि शिक्षक पर भी हमला करने की कोशिश की. इस घटना के बाद आए दिन वन्य प्राणी बाघ ग्रामीणों को नजर आ रहा है।

## बीईओ ने छात्राओं के लिए कथन, जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा प्रतिवेदन

### शिक्षक पर छात्राओं ने लगाया बेड टच का आरोप

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के शासकीय हाईस्कूल हरदोली की कक्षा दसवीं की छात्राओं ने अपने ही स्कूल में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक अर्जुन बिन्झाड़े पर कथित तौर पर बेड टच करने का आरोप लगाया है. एक दिन पहले बुधवार को छात्राओं ने संस्था के प्राचार्य से पूरे मामले की शिकायत की थी. प्राचार्य ने मामला संज्ञान में आते वरिष्ट अधिकारियों को सूचना दी. जिसके बाद गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी.एस.कुसराम और तिरोड़ी संकुल प्राचार्य रावि ताजिर ने स्कूल पहुंचकर पीड़ित छात्राओं से कथन लिए है. स्कूली छात्राओं के साथ हुई इस कथित घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और छात्राओं के अभिभावकों के साथ ग्रामीण शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग कर रहे है. इस बीच बीईओ ने शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को एक प्रतिवेदन बनाकर भेजने की बात कहीं है।




गौरतलब हो कि माध्यमिक शिक्षक अर्जुन बिन्झाड़े पर इस तरह का आरोप पहले भी लग चुका है. इसके पहले वह शासकीय हाई स्कूल मानेगांव में पदस्थ थे. वहां की छात्राओं ने भी इसी तरह का आरोप लगाया था. छात्राओं की शिकायत के बाद जांच उपरांत अर्जुन बिन्झाड़े को निलंबित कर दिया गया था अभी कुछ महीने पहले ही उन्हें हरदोली हाईस्कूल में पदस्थ किया गया था. छात्राओं ने बताया कि शुरूआती दिनों में उन्हें कभी शिक्षक की मंशा पर संदेह नहीं हुआ लेकिन अभी हाल ही में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान छात्राओं के प्रति उनका बहुत ही बुरा बर्ताव रहा. वह छात्राओं को गलत तरीके से छु रहे थे और गलत तरीके से बातचीत कर रहे थे. जिसकी शिकायत प्राचार्य से की गई थी. हालांकि अभी यह पूरा मामला शिक्षा विभाग में ही है. विभागीय अधिकारियों ने अब तक पुलिस में शिकायत नहीं करवाई है.शिक्षक के अनुचित व्यवहार की शिकायत छात्राओं ने सीधे प्राचार्य से की. छात्राओं की इस साहसिक पहल ने शिक्षक की हरकत को सामने लाकर रख दिया. छात्राओं के इस कदम के बाद अब प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

## गणित दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष (गणित) डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे के नेतृत्व में 17 एवं 18 दिसंबर को गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सरिता कोल्हेकर के द्वारा गणित विषय का महत्व एवं उपयोगिता के बारे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं चलचित्र के माध्यम से श्री निवास रामानुजन के जीवन को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिता रंगोली 'गणित पर मुक्त चित्रण', 'भारतीय गणितज्ञों का योगदान' विषय पर पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थाटन प्राप्तर करने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कृणत भी किया गया। इस अवसर विषय विशेषज्ञ



डॉ. दीपरत्ना मासुरकर द्वारा गणित विषय का व्यवहारिक मूल्य, सामाजिक मूल्य, व्यवसायिक मूल्य एवं गणित को विज्ञान एवं वैदिक के रूप में समझाया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को गणित विषय के ज्ञान के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. हेमन्त मण्डाले, डॉ. प्रवीण पन्द्रे के साथ ही समस्ता शिक्षक एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मान्यता के लिये निजी स्कूल 23 दिसम्बर से कर सकेंगे आवेदन

भोपाल। प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटोग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स और मैदानी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वे इस सबंध में अपने जिले के सभी निजी विद्यालयों को अवगत कराते हुए नवीन मान्यता अथवा पूर्व मान्यता के नवीनीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराये। जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है। मान्यता नवीनीकरण के लिये जो अशासकीय स्कूलों समय सीमा में आवेदन नही करते है तो वह आगामी सत्र में स्कूल संचालन के लिए पात्र नही होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी विस्तृत निर्देश एमपी एज्युकेशन पोर्टल www.educationportal.mp.gov.in तथा आरटीई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं।

## सहकारी समितियो के निर्वाचन के लिए अपीलीय अधिकारी नियुक्त

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने बालाघाट जिले अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए अपीलीय अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. माटे के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए उप अंकेक्षक सुश्री दिव्या ठाकुर तथा सहकारी समिति गोरेघाट के लिए सहकारी निरीक्षक श्री रमेश परस्ते को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संस्था माटे एवं गोरेघाट में सदस्यता सूची का प्रकाशन 23 दिसम्बर, प्रकाशित सूची में आपत्ति 30 दिसम्बर, आपत्तियों का निराकरण व अंतिम सूची का प्रकाशन 31 दिसम्बर, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तूत करने की तिथि 1, 2 व 3 जनवरी, अपील का निराकरण 10 जनवरी तथा निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तिथि 13 जनवरी निर्धारित की गई है।

## तालाब में डूबने से 34 वर्षीय शख्स की मौत

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मुख्यालय से करीब 50 किमी. दूर महकेपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरलांजी में 34 वर्षीय शख्स की बड़ा तालाब में डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि खैरलांजी निवासी विश्वनाथ पिता गनपत मर्सकोले का शव गांव के ही बड़ा तालाब में मिला है. जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई. घटना बुधवार के दोपहर 02 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. पुलिस ने देर शाम शव बरामद किया और पंचनामा कार्रवाई पूरी की. गुरुवार को मृतक के शव का सरकारी अस्पताल कटंगी में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. वहीं पुरे मामले में जांच विवेचना शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि मृतक के दो बच्चे है जिसमें एक बेटा और बेटी शामिल है पत्नी कुछ दिन पहले ही अपने मायके गई है. विश्वनाथ अपने दोनों बच्चों के साथ घर पर था. फिलहाल यह दुर्घटना है या आत्महत्या इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक पास, उपनेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

# मप्र में जनता चुनेगी नगरीय निकायों के अध्यक्ष

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक पारित हो गया है। प्रदेश में अब नगर पालिका अध्यक्षों के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे। यानी अब जनता सीधे अध्यक्षों का चुनाव करेगी।

मप्र विधानसभा शीतकालीन सत्र की कार्यवाही जारी है। सदन में चौथे दिन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगर पालिका संशोधन का प्रस्ताव रखा। जिसे विधानसभा में पास कर दिया गया है। अब नगर निगम के अध्यक्ष को तीन साल तक नहीं हटाया जा सकेगा। यह सिर्फ नगर निगम के अध्यक्षों के लिए है। अब तक 2 तिहाई बहुमत के आधार पर पार्षद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते थे। अब नगर निगम के अध्यक्ष को हटाने ने किए दो तिहाई के स्थान पर तीन चौथाई बहुमत की आवश्यकता होगी।

इस पर उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार पार्षदों के अधिकारों को कम कर रही है। इससे अध्यक्षों को भ्रष्टाचार करने का बढ़ावा मिलेगा। तीन तिहाई बहुमत कीजिए या समय निर्धारित कीजिए।

## आगामी 5 वर्षो में विकसित क्षेत्र विकसित प्रदेश की तर्ज पर होगा कार्य

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने गत दिवस देर शाम को समस्त जिला अधिकारियों के साथ उस प्लान पर मंथन किया। जिसमें 5 वर्षो का विकास प्लान शामिल है। प्रदेश स्तर और इसकी शुरुआत हो चुकी है। अब आगामी 5 वर्षों में विकसित क्षेत्र विकसित प्रदेश के विजन को लेकर जिले के समस्त निर्माण कार्य विभाग के जिला प्रमुखों द्वारा इस सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए कलेक्टर श्री मीणा द्वारा विभाग के प्रमुखों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बड़ा सोचें अलग से सोचें जिससे और अच्छे कार्य कर सकते हैंद्य जिले के विकास कार्यों के साथ आगामी 5 साल का प्लान विकसित क्षेत्र



विकसित प्रदेश के विजन पर कार्य करें सभी निर्माण कार्य विभाग फॉर्मेट में 15 से 20 कार्य लेंगे किसकी अनुमानित लागत समय और डीटेल्स की जानकारी प्लानिंग के साथ देनी होगी। फॉर्मेट में जिले के जनप्रतिनिधियों के क्षेत्रो में किए जा रहे कार्य एवं अन्य कार्य भी शामिल किए जाएंगे। इस सब कार्यों को अगले 5 साल में पूर्ण करने की भी जानकारी सम्मिलित की जाएगी। साथ ही विभाग द्वारा योजना का नाम वही प्रगति रथ कार्यों का भी उल्लेख करते हुए जानकारी दो दिनों में प्रस्तुत करेंगे।

## तुमडीटोला के जंगल से ड्रमों में भरा 1800 किलो लाहन जब्त



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी है। गुरुवार को आबकारी वृत बालाघाट द्वारा ग्राम तुमडीटोला के जंगल में अलग अलग स्थानों पर ड्रमों में भरा हुआ लगभग 1800 किलो लाहन जप्त कर 02 प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। वहीं सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 1,80,000 रूपये बताया गया है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल मनोज अंजलेकर, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए लखन चौधरी, आरिफ खान उपस्थित रहे।

# देवी तालाब को प्रदूषित कर रही नपा?

**कलेक्टर ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश, नगरपालिका ने नहीं दिया एसडीएम को प्रतिवेदन, एसडीएम बोले सम्बधित धाराओं के तहत बनाया जाएगा प्रकरण**





**बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के हृदय स्थल में स्थित देवी तालाब के किनारे ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर होने से, यह तालाब ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, हालांकि यह जगह विवादास्पद है, जिसके जल में हो रहे प्रदूषण को लेकर पूर्व में एनजीटी ने, तालाब के जल को संरक्षित करने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया। इसके उलट देवी तालाब में कचरा डालकर जल को प्रदूषित करने के साथ साथ,तालाब को पूरने का कार्य किया जा रहा है।ऐसा आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाते हुए मामले में वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।वही कलेक्टर कार्यालय में भी कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की है।उधर शिकायतकर्ता की शिकायत पर कलेक्टर मृणाल मीणा ने मामले की जांच के आदेश एसडीएम को दिए है।लेकिन नपा द्वारा एसडीएम को प्रतिवेदन नही दिया गया है जिसके चलते इसकी जांच अब तक ठंडे बस्ते में पड़ी है।**

## शिकायतकर्ता बोले लगातार प्रदूषित किया जा रहा जल

जागरूक नागरिक द्वारकानाथ चौधरी ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया है कि सार्वजनिक और निजी जलस्त्रोतो को संरक्षित करने की जिम्मेदारी नगरपालिका की है, नगर के हृदय स्थल में स्थित देवी तालाब को नगरपालिका लगातार प्रदूषित कर रही है। शहर की नालियों और नालों में बहने वाले प्रदूषण मल-जल को सीधे देवी तालाब में छोड़ा जा रहा है जिसके कारण देवी तालाब में लगातार प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। जिसमें कलेक्टर मृणाल मीना ने एसडीएम गोपाल सोनी को मामले की जांच कर में संबंधित दोषी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे।लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नही की गई है।

## 16 एकड़ से 8 एकड़ में सिमटा तालाब

बताया जा रहा है कि राजस्व रिकॉर्ड में देवी तालाब पटवारी हल्का क्रमांक 13/2, खसरा नंबर 319 में रकबा 16 एकड़ 14 डिसमिल है, जिसमें कालांतर में अतिक्रमण और भराव से यह सिकुड़कर वर्तमान में केवल 8 एकड़ में रह गया है। जिससे इसके जलभराव क्षेत्र में नाली और नालों से प्रदूषित जल के साथ ही, रोजाना निकलने वाले कचरे से पाटने का काम हो रहा है।जिसकी शिकायत, शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से की है।

## तालाब को लेकर फैक्ट जानकारी

बताया गया कि राजस्व रिकॉर्ड में देवी तालाब पटवारी हल्का क्रमांक 13/2, खसरा नंबर 319 में रकबा 16 एकड़ 14 डिसमिल है। जिसमें लगभग 6 एकड़ में अतिक्रमण है। लगभग डेढ़ एकड़ को मिट्टी, मुरूम और कचरे से पाठ दिया गया है, शेष 8 एकड़ में तालाब में पानी है। जिसमें एनजीटी ने 2021 में दिए गए निर्णय में कहा था कि देवी तालाब का जल प्रदूषित होना, तालाब मद परिवर्तन कर देना, तालाब को भरने का कारण नहीं हो सकता। यदि किसी का मालिकाना हक को लेकर विवाद है, तो उसे सक्षम न्यायालय में ले जाए।

## एनजीटी के आदेशों का नही किया जा रहा पालन-द्वारकानाथ चौधरी

शिकायतकर्ता द्वारकानाथ चौधरी ने बताया कि नगरपालिका, देवीतालाब को विभिन्न नाली और नालो से बहने वाले मल-मूत्र के पानी को तालाब में प्रवाहित कर तालाब को प्रदूषित कर रही है। जिसको लेकर एनजीटी ने 13 दिसंबर 2021 को तालाब को संरक्षित करने के निर्देश दिए थे। जिसमें कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद, यह शिकायत कलेक्टर से की गई है। यदि तालाब को संरक्षित करने के प्रयास नहीं किए जाते है तो फिर एनजीटी में वह इस मामले को लेकर जाएंगे।

## तो 133 सहित सम्बधित अन्य धाराओ के तहत की जाएगी कार्यवाही- एसडीएम

वहीं पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि पूर्व शिकायतकर्ता की शिकायत पर नगरपालिका को पत्र जारी कर प्रतिवेदन मांगा गया था, जो अब तक अप्राप्त है। जिसके बाद एक और पत्र जारी किया जा रहा है। यदि प्रदूषण सहित अन्य प्रकार की अनियमियता पाई जाती है तो सीआरपीसी की पुरानी धारा 133 के तहत मामला बनाया जाएगा वही यदि पब्लिक न्यूसेंस का मामला पाया जाता है तो इसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बालाघाट में हुआ प्रदर्शन

**बौद्ध अनुयायियों ने भरवेली से पैदल रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, गृहमंत्री को इस्तीफा देने की करी मांग**



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर आज हर तरफ हंगामा मचा हुआ है और बौद्ध अनुयायियों द्वारा गृहमंत्री को दिए गए बयान पर माफी मांगे जाने सहित इस्तीफे की मांग की जा रही हैं जिसे लेकर जिले में भी विरोध दिखाई दिया और बौद्ध अनुयायियों द्वारा भरवेली से एक पैदल रैली का आयोजन करते हुए जिला मुख्यालय पहुंच गया और यहां पर स्थानीय अंबेडकर चौक में दिए गए बयान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा दो और माफी मांगने की बात कह कर प्रदर्शन किया गया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। आपको बता दे की राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के, बाबा साहब को फैशन बताने वाले बयान के विरोध में, गुरूवार 19 दिसंबर को मुख्यालय के आंबेडकर चौक में बौद्ध अनुयायियों की अगुवाही में प्रदर्शन किया। यहां गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा को लेकर जमकर नारेबाजी की गई और बाबा साहब आम्बेडकर जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इसके पूर्व बौद्ध अनुयायियों द्वारा भरवेली से एक पैदल मार्च करते हुए रैली निकाली गई जो बालाघाट पहुंची, जहां उन्होंने पैदल मार्च के दौरान हाथों में बाबा साहब अंबेडकर की छायाचित्र लेकर नारेबाजी की और जिला मुख्यालय पहुंचकर उन्होंने स्थानीय अंबेडकर चौक में अंबेडकर प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया और दिए गए अमित शाह के बयान पर नाराजगी जाहिर की और बताया कि आज संविधान के कारण ही गृहमंत्री अमित शाह को इतने अधिकार मिले है और वह इस प्रकार से बाबा साहब अंबेडकर के ऊपर टिप्पणी कर रहे हैं जो कि गलत है और उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को दिए गए बयान पर माफी मांगे जाने और पद से इस्तीफे की मांग की और नारेबाजी करते हुए एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें भीम आर्मी सहित बौद्ध अनुयायियों स्थानीय अंबेडकर चौक में उपस्थित थे।

## अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे - सचिन मेश्राम

जिला बौद्ध संघ अध्यक्ष सचिन मेश्राम ने कहा कि बाबा साहब ने सभी वर्गो को संविधान में हक और अधिकार दिलाया है, वह फैशन नहीं बल्कि हमारे पिता तुल्य है, जिनका अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारी मांग है कि गृहमंत्री अमित शाह, इसको लेकर माफी मांगे अन्यथा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## सदन में अपनी टिप्पणी को वापस ले-अशोक डोंगरे

डॉ. अशोक डोंगरे ने कहा कि एक गृहमंत्री अमित शाह, बाबा साहब को फैशन बताते है, जो निंदनीय है, जिससे हम सभी आंबेडकर अनुयायियों को ठेस पहुंची है। वह देश के उद्धारक है, जिन्होंने युवाओं, महिलाओं और हर वर्गो को गुलामी से मुक्त कराकर उनके लिए रास्ता खोले। वह फैशन की तरह बदलते नहीं है। आज जो भी जनप्रतिनिधि सत्ता में बैठकर स्वर्ग जैसा सुख, भोग रहे है और सुरक्षा में जीवन जी रहे है तो यह भी बाबा साहब के संविधान से ही मिला है। गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहब को फैशन कहने की टिप्पणी, दुःखद है। जो नीचा दिखाने का काम कर रहे है। हमारी मांग है कि वह सदन में अपनी टिप्पणी को वापस लेकर, सदन में उनके अनुयायियों से माफी मांगे।

## भीम आर्मी ने भी सौंपा ज्ञापन

भीम आर्मी द्वारा भी गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया और उन्होंने शहर के प्रमुख चौक चौराहों से रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने गृहमंत्री द्वारा दिए गए बयान को लेकर बयान वापस ले और पद से इस्तीफा की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया और मांग की कि यदि जल्द ही गृहमंत्री अपने बयान पर माफी नहीं मांगते तो वह इससे उग्र आंदोलन शहर में करेंगे।

# चोरी कर सबूत मिटाने सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर लेकर फरार होने वाले चोर गिरफ्तार

**गुजरी अनाज दुकान में चोरी कर, पैसे और डीवीआर लेकर हुये थे फरार**

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बीते दिनों गुजरी बाजार की दो अनाज दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर कुछ नगद और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को लेकर फरार हो गए थे , जिसमें चोरों द्वारा चोरी कर ,चोरी का सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर लेकर फरार हो गये थे जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसमें दो दुकान से 13920 रूपये और डीवीआर जप्त कर ली गई है। मिली जानकारी अनुसार 15 दिसम्बर की रात मे अज्ञात चोरों के द्वारा विजय विधावी एवं नितेश नेमा की गुजरी चौक स्थित अनाज भण्डार दुकान से नगदी एवं सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी करने की रिपोर्ट पर पुलिस ने अप.क्र. 564/202 तथा 566/2024 पर धारा 331 (4), 506 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी थी , जबकि शहर के भीतर, गुजरी बाजार में हुई चोरी की घटना ने पुलिस के रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए थे। जिसके चलते पुलिस के सामने, चोरी के आरोपियों को पकड़ने की चुनौती थी। पुलिस ने गुजरी बाजार की चोरी से पर्दा उठाने के लिए संपत्ति अपराधो में संलिप्त निगरानी बदमाशों से इसकी पड़ताल शुरू की । जिसमें चोरी के पांच अपराधो में संलिप्त अब्दुल कादीर खान पिता बशीर खान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 मटन मार्केट ने, अनाज व्यापारियों के यहां चोरी स्वीकार करते हुए साथी आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी रेहान खान पिता आबिद खान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 मटन मार्केट को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने लगभग 13 हजार रूपए और चोरी किया गया डीवीआर बरामद किया है।



## शहर के सीसीटीवी फुटेज से मिली थी लीड

अनाज दुकान में हुई चोरी को लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा अलग अलग टीम गठित कर अज्ञात आरोपियो की लगातार तलाश की गई। और शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये, पूर्व चोरी के आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई एवं मुखविरो को लगाया गया जिनके आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा रेहान खान, अब्दुल कादीर पर संदेह होने से आरोपियो को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर रात्रि में गुजरी चौक बालाघाट में स्थित अनाज भण्डार दुकान में चोरी करना स्वीकार किया।

## चोरी कर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी चुराते थे

पुलिस द्वारा यह भी बताया गया कि अब्दुल कादिर पर और पांच चोरी में संलिप्तता था जो अधिकतर चोरी करने के बाद सबूत मिटाने के लिए घरों एवं दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरा की डीवीआर को चुरा लिया करता था और बाद में उसे नष्ट कर, की गई चोरी के सबूत को भी मिटा देता था, किंतु इस बार चोरी की गई डीवीआर को नष्ट करने से पहले ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## नगद राशि और डीवीआर बरामद किया है-प्रकाश वास्कले

कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि गुजरी बाजार में दो अनाज व्यापारियों के यहां हुई चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक निगरानी बदमाश है, जिसने अपने एक साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से चोरी किए गए नगद राशि और डीवीआर बरामद किया है। थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि निगरानी बदमाश, अक्सर चोरी की वारदात में डीवीआर चुराता है, ताकि वह सीसीटीव्ही में कैद ना हो और पुलिस उसे पकड़ नहीं सके।




# तमिलनाडु के एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती तमिलनाडु निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई मृतक मुरगेशन मुथू स्वामी पिता मुथू स्वामी 52 वर्ष वार्ड 61मैट्टूकाटूर किडारम थोट्टीयाम मुरुनगई थाना काट्टपुटुर जिला तिरुचिरापल्ली निवासी है। कोतवाली पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरगेशन मुथूस्वामी अपने साथियों के साथ बालाघाट नगर के वार्ड नंबर 25 मोती नगर में रहकर बोरवेल में काम करता था। जिसके परिवार में पत्नी और दो लड़के हैं जो गांव में ही रहते हैं। 18 दिसंबर को दोपहर में मुरगेशन मुथूस्वामी कि अचानक तबीयत खराब हो गई सीने में दर्द होने पर उसे बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान 19 दिसंबर को दोपहर में उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना इस निजी अस्पताल से कोतवाली में दी गई थी। कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक रमेश तिवारी ने निजी अस्पताल पहुंचकर मृतक मुरगेशन मुथूस्वामी के साथी सेल्वाकुमार गणेशन पिता गणेशन चिन्नापांगाउडार 43 वर्ष ग्राम कारूमबालिकाड उडयाकप्पमपाडियाम पोस्ट चित्ताडमदुर थाना त्रिचंगुड जिला नमक्कल तमिलनाडु निवासी का बयान लिए और पंचनामा करवाई पक्ष मुरुगेशन मुथू स्वामी का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसे सौंप दिए। इस व्यक्ति की मृत्यु हार्ड अटैक से होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। कोतवाली पुलिस धारा १९४ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## 19 से 24 दिसम्बर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन द्वारा 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर मनाना सुनिश्चित किया गया है। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। मप्र शासन उप सचिव अजय कटेसरिया के निर्देशानुसार जिला स्तर पर सुशासन प्रथाओं एवं पहलों पर कार्यशाला के लिए सुझावात्मक प्रारूप जारी कर दिया गया है। जिसमे पिछले 5 वर्षों के दौरान जिले में की गई सुशासन प्रथाओं व पहलों पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट